सूर्योदय 5:38 सूर्यास्त 7:17

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 24 अधि |
| धर्मशाला | 19 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,481.86 |
| निफ्टी | 24,855.05 |
| सोना 99,017 | चांदी 1,13,400 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



हेड को पीछे छोड़ अभिषेक बने टी20 के नंबर-1 बल्लेबाज

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 31 जुलाई 2025 | 16 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 213, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को लगाई फटकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के आचरण पर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा कि उनका व्यवहार भरोसे के लायक नहीं है और पूछा कि अगर उन्हें जांच समिति की प्रक्रिया पर ऐतराज था तो उन्होंने उसी वक्त उसे चुनौती क्यों नहीं दी। बेंच में शामिल जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह ने कहा कि जस्टिस वर्मा को पहले ही सुप्रीम कोर्ट आना चाहिए था, न कि अब जब जांच समिति ने उन्हें दोषी पाया है। (अनंत ज्ञान)

### बेंगलुरु से अलकायदा आतंकी परवीन अरेस्ट



**एजेंसी, बेंगलुरु।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते एसटीएस ने बेंगलुरु के हेब्बल इलाके से शमा परवीन को गिरफ्तार किया है। एसटीएस ने बुधवार को बताया कि शमा अलकायदा से जुड़े एक अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा है। इसे 29 जुलाई को अरेस्ट किया गया। एसटीएस के डीआईजी सुनील जोशी के मुताबिक, 30 साल की परवीन सोशल मीडिया के जरिए अलकायदा से जुड़ी थी। इसे सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल करने की जिम्मेदारी दी गई थी। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है, जिससे नेटवर्क के अन्य सदस्यों और उनकी साजिशों का पता चल सके। गुजरात एसटीएस ने 23 जुलाई को नोएडा, दिल्ली और गुजरात से 4 आतंकियों को अरेस्ट किया था। इन्हीं की निशानदेही पर शमा परवीन की गिरफ्तारी हुई है। (अनंत ज्ञान)

### पहलगाम हमले के लिए टीआरएफ जिम्मेदार: यूएन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सेंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने ग्लोबल टेररिस्ट संगठनों पर बुधवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें माना कि पहलगाम हमले के लिए द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) जिम्मेदार है। टीआरएफ ने हमले के बाद दो बार जिम्मेदारी ली। टीआरएफ ने हमले वाले दिन 22 अप्रैल को घटनास्थल की फोटो भी प्रकाशित की थी। अगले दिन फिर से जिम्मेदारी ली, लेकिन 26 अप्रैल को अचानक अपना दावा वापस ले लिया। इसके बाद उसने कोई और बयान नहीं दिया और किसी अन्य संगठन ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- जोल स्कूल में खतरे की जद में 50 मासूम छात्रों की जान -पेज 2
- अब महिलाएं भी कर सकेंगी 12 घंटे की ड्यूटी -पेज 3
- प्रदेश के हर जिले में खुलेगा नशा मुक्ति केंद्र -पेज 6
- सरकाघाट की सड़कें बनी जानलेवा, लोगों में आक्रोश -पेज 9
- एनएच-305 के किनारे गिर रहे पत्थर व चट्टानें बनीं खतरा -पेज 11


# कैबिनेट ने करुणामूलक नौकरियों में आय सीमा बढ़ाकर 3 लाख की

## राज्य विद्युत बोर्ड की 200 करोड़ रुपए की स्टेट गारंटी को दी मंजूरी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की तीसरे दिन की बैठक में करुणामूलक आधार पर सरकारी नौकरी के लिए आय सीमा को 2.5 लाख से बढ़ाकर 3 लाख रुपए सालाना करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। इस बढ़ोतरी से उन कई परिवारों को लाभ मिलेगा, जो पहले आय सीमा के कारण पात्रता पूरी नहीं कर पा रहे थे। सरकार ने इस श्रेणी में 500 स्थायी पदों को भी स्वीकृत किया है, जो श्रेणी-3 और श्रेणी-4 के होंगे। इन नियुक्तियों में विधवाओं को पहली प्राथमिकता दी जाएगी, जिसके बाद बेसहारा और फिर सामान्य उम्मीदवारों को मौका मिलेगा। इसके अतिरिक्त जिन मामलों में इस प्रकार की नियुक्ति के लिए मौजूदा पांच प्रतिशत कोटे के तहत रिक्तियां उपलब्ध नहीं हैं, उस स्थिति में मंत्रिमंडल ने पात्र आवेदकों को लाभान्वित करने के लिए इस कोटे में एकमुश्त छूट की अनुमति देने का निर्णय लिया है।

मंत्रिमंडल ने राज्य विद्युत बोर्ड की 200 करोड़ की स्टेट गारंटी को मंजूरी दी है, जबकि विद्युत निगम की उधार सीमा को 6,200 करोड़ तक बढ़ाया गया है, जिससे राज्य में बिजली आपूर्ति और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी। वहीं, हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र अगस्त में आयोजित किया जाएगा, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई यानी आज होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में तय की जाएगी।



सचिवालय में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### अब प्रदेश विवि शिमला लेगा बीएड प्रवेश परीक्षा

**शिक्षा** के क्षेत्र में अब बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाएगी, जिससे प्रवेश प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और एकरूपता आने की उम्मीद है। सामाजिक सुरक्षा के तहत, महर्षि वाल्मीकि कामगार योजना में मकान निर्माण के लिए मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 3 लाख रुपए कर दिया गया है, जो पात्र लाभार्थियों को अपना घर बनाने में मदद करेगा।

### आज होगी मानसून सत्र की तारीखों की घोषणा

### 194 जलविद्युत प्रोजेक्ट्स को रद्द करने की मंजूरी

**राज्य** के ऊर्जा क्षेत्र में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए मंत्रिमंडल ने दो बड़े फैसले लिए हैं। हिमऊर्जा के तहत पांच मेगावाट से कम क्षमता वाली 172 लघु जलविद्युत परियोजनाओं को रद्द कर दिया गया है, जिनका निर्माण कार्य लंबे समय से रुका हुआ था। वहीं, पांच मेगावाट से अधिक क्षमता वाली 22 जलविद्युत परियोजनाओं को भी रद्द करने की मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के लिए ऊर्जा निदेशालय द्वारा पूर्व में आवंटित कार्यान्वयन समझौतों पर हस्ताक्षर नहीं हुए थे। शेष लंबित परियोजनाओं के लिए डेवलपर्स को 5 अगस्त, 2025 तक जवाब देने का समय दिया गया है। वहीं, भविष्य में आवंटित होने वाली पांच मेगावाट तक की सभी जलविद्युत परियोजनाओं के लिए अब 12 प्रतिशत की एक समान निशुल्क विद्युत रॉयल्टी और स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के लिए एक प्रतिशत अतिरिक्त रॉयल्टी लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह कदम राज्य के राजस्व को बढ़ाने और स्थानीय समुदायों के विकास में योगदान देगा।

# पीएम मोदी के राज्यसभा में नहीं पहुंचने पर विपक्ष का वॉकआउट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पीएम मोदी के राज्यसभा में नहीं पहुंचने पर वॉकआउट करते विपक्ष के सांसद।

राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई विशेष चर्चा का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में करीब डेढ़ घंटे तक जवाब दिया। जैसे ही उन्होंने बोलना शुरू किया तो विपक्ष ने हंगामा करते हुए पीएम मोदी को बुलाने की मांग की। इस पर शाह ने कहा, 'विपक्ष पूछ रहा है कि पीएम कहां हैं? पीएम इस वक्त ऑफिस में हैं, उन्हें ज्यादा सुनने का शौक नहीं है। मेरे से निपट रहा है, उन्हें क्यों बुला रहे हो।' इस पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'प्रधानमंत्री के दिल्ली में रहते हुए भी वह यहां नहीं आ रहे, यह तो सदन का अपमान है। सदन व सदस्यों का अपमान करना ठीक नहीं है।' इसके बाद विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। शाह ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने जो नुकसान किया, उसके जवाब में भारत सरकार और सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से मजबूत जवाब दिया।

### शाह ने कहा- मेरे से निपट रहा, तो उन्हें क्यों बुलाना

### खड़गे बोले, यह सदन का अपमान

वहीं, ऑपरेशन महादेव में तीन आतंकी मारे गए। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर लगातार दूसरे दिन चर्चा में अमित शाह से पहले भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने कहा कि 2014 से पहले हर जगह बम ब्लास्ट होते थे, लेकिन अफसोस यूपीए सरकार पाकिस्तानियों को मिठाई खिलाती रही। (अनंत ज्ञान)

### जयशंकर बोले-हम पाकिस्तान का सच दुनिया के सामने लाए



**राज्यसभा** में ऑपरेशन सिंदूर पर लगातार दूसरे दिन चर्चा हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि हम पाकिस्तान का सच दुनिया के सामने लाए। खून-पानी एक साथ नहीं चलेगा। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'लीडरशिप का मतलब है जिम्मेदारी लेना, न कि किसी को दोष देना। वे (मोदी) जवाब नहीं देंगे, वे अपने दोस्तों-मंत्रियों से कहेंगे कि जाओ जो कहना है कहो। 11 साल में कभी बहस में शामिल नहीं होते। एक व्यक्ति को इतना बढ़ावा मत दो, भगवान मत बनाओ। लोकतांत्रिक रूप से आया है, उसे इज्जत दो, पूजा मत करो।'

# रूस में आया 8 .8 तीव्रता का दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप, 5 मीटर ऊंची उठी सुनामी

## अमेरिका के अलास्का-कैलिफोर्निया तक पहुंची सुनामी की लहरें

**एजेंसी, मॉस्को**

रूस के पूर्वी प्रायद्वीप कामचटका में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया है। जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 8.8 थी। यह भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 4:54 बजे आया। रॉयटर्स के मुताबिक भूकंप के बाद कामचटका में 5 मीटर तक ऊंची सुनामी आई। सुनामी से उठीं लहरे अमेरिका के अलास्का और कैलिफोर्निया राज्य के तटों ते पहुंच गईं। कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने वीडियो पोस्ट कर कहा कि आज का भूकंप दशकों में सबसे शक्तिशाली था। उन्होंने कहा कि एक किंडरगार्टन स्कूल को नुकसान पहुंचा है। जापान ने राजधानी टोक्यो में 20 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए कहा है। इसके अलावा अपने फुकुशिमा परमाणु रिएक्टर को खाली को करा लिया है।



### सेना की गाड़ी पर गिरी चट्टान

# लेफ्टिनेंट कर्नल और एक जवान की मौत

**एजेंसी, लेह।** लद्दाख के लेह में सेना की एक गाड़ी पर चट्टान गिरने से एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक जवान की मौत हो गई, जबकि मेजर रैंक के दो अधिकारी और एक कैप्टन गंभीर रूप से घायल हो गए। सेना प्रवक्ता ने पीटीए एजेंसी को बताया कि सुबह करीब 11:30 बजे जब सेना का काफिला दुरबुक से चोंगताश जा रहा था, तभी एक सैन्य गाड़ी चट्टान की चपेट में आ गई। घायलों को इलाज के लिए लेह के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह और लांस दफादार दलजीत सिंह के रूप में हुई है। घायलों की पहचान मेजर मयंक शुभम, मेजर अमित दीक्षित और कैप्टन गौरव के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

## ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का किया ऐलान



**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि भारत अगर ट्रेड डील फाइनल नहीं करता है, तो उस पर 25 प्रतिशत तक टैरिफ लगाएंगे। उन्होंने वीरवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत, अमेरिका का दोस्त है, लेकिन पिछले कुछ सालों में हमने उसके साथ कम व्यापार किया है, क्योंकि उसके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं। ट्रंप ने कहा, 'भारत की कई नीतियां ऐसी हैं, जो अमेरिकी कंपनियों को व्यापार करने में मुश्किलें पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज भी अपने ज्यादातर हथियार रूस से खरीदता है। इन सब वजहों से अब अमेरिका ने फैसला किया है कि भारत से आने वाले सामानों पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। इसके अलावा पेनल्टी भी लगाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# एएसआई पंकज ने विमल नेगी मामले में व्यक्तिगत स्वतंत्रता के हनन को दी चुनौती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बहुचर्चित विमल नेगी मौत मामले में प्रारंभिक जवाब देने वाले प्रमुख लोगों में से एक एएसआई पंकज शर्मा ने अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता के कथित उल्लंघन को चुनौती देते हुए हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का रुख किया है।

बुधवार को न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल ने याचिका पर सुनवाई की। याचिका के साथ दायर एक आवेदन के जवाब में, अदालत ने शिमला के पुलिस अधीक्षक के माध्यम से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को प्रतिवादी संख्या 5 के रूप में पक्षकार बनाने की अनुमति दे दी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे अपने घर पर सुरक्षा प्रदान की गई थी और उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन करते हुए उसके घर पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। पक्षकारों के संशोधित ज्ञापन को रिकॉर्ड में लेने का आदेश दिया गया। अब इस मामले की सुनवाई 20 अगस्त को होगी और अदालत ने सभी प्रतिवादियों को तब तक अपने जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। पंकज शर्मा शिमला के सदर पुलिस स्टेशन में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर तैनात हैं।




**धर्म-कर्म**

## दशहरा उत्सव में इस बार नए परिधान में नजर आएगा रघुनाथजी का रथ

# भगवान के प्रिय रंगों के वस्त्रों से अलंकृत होगा रथ

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में निकलने वाली रथयात्रा में इस बार अधिष्ठाता भगवान रघुनाथजी का रथ नवीन वस्त्र से सजाया जाएगा। खास बात यह रहेगी कि यह रथ का कपड़ा भगवान रघुनाथ के प्रिय कपड़ों से अलंकृत होगा। डेढ़ दशक बाद भगवान रघुनाथजी का यह खास रथ नए वस्त्र में नजर आएगा। इसके लिए वस्त्र बनाने को कपड़ा अमृतसर से यहां लाया गया है और कपड़े को सिलाने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। मंदिर में भगवान भोलेनाथ के पवित्र सावन माह में रथ के कपड़े को सिलाने का कार्य शुरू हो गया है और इस कपड़े को तैयार करने में करीब एक माह का समय लगेगा।

मंदिर में सावन माह के उपलक्ष्य पर जहां खीर भंडारे का आयोजन हुआ वहीं, पूजा-अर्चना के साथ ही विधिवत रूप से रथ के कपड़े को सिलाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई और सिलाई मशीन सहित कपड़े की पूजा की गई। भगवान रघुनाथ के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह, कारदार दानवेंदर सिंह, जिला देवी-देवता कारदार संघ के अध्यक्ष दोत राम सहित देवी-देवताओं के कारदार और देव समाज के लोग शामिल रहे। सनद रहे कि हर साल अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भगवान रघुनाथ की रथ यात्रा निकलती है। जिस रथ में भगवान रथ मैदान से सवार होकर ढालपुर स्थित अपने अस्थायी शिविर पहुंचते हैं, उस रथ का कपड़ा काफी पुराना हो गया था। जिसके चलते इस बार 15 साल बाद यह कपड़ा बदलने जा रहा है और इसकी जगह नया कपड़ा रथ को लगाया जाएगा। लिहाजा, इस बार भगवान रघुनाथ का रथ जिसकी रस्सी को खींचने के लिए लोगों की हर साल होड़ लगी रहती है वह रथ इस बार नए कपड़े से सुशोभित होगा।



**15 साल बाद बदलेगा रथ का कपड़ा, नए कपड़ों से सजेगा रथ**

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

गौर रहे कि रथ का कपड़ा पिछले 15 साल से नहीं बदला गया था और यह काफी फीका पड़ गया था। हर साल भगवान रघुनाथ के सम्मान में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव से पहले भगवान के कपड़े तैयार किए जाते हैं। रघुनाथपुर मंदिर में अस्थायी शिविर सजाया जाता है। सनद रहे कि भगवान रघुनाथ की रथयात्रा साल में दो बार अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव व बसंत पंचमी को रथ मैदान से ढालपुर स्थित उनके अस्थायी शिविर तक निकलती है। जिस रथ पर सवार होकर रघुनाथ ढालपुर पहुंचते हैं, उस रथ को ढकने के लिए बना कपड़ा पुराना होने को लेकर पिछले काफी सालों से हालांकि लोगों में काफी चर्चा होती रही, लेकिन अब रथ नए कपड़े से ढका हुआ दिखेगा, जिसके चलते लोगों की चर्चाओं पर भी विराम लगेगा।

उधर, भगवान रघुनाथ जी के कारदार दानवेंद्र सिंह ने बताया कि कुल्लू के लोगों की मांग थी कि रथ का कपड़ा बदला जाए, जिसके चलते कपड़ा बदलने का निर्णय लिया गया है।

> **जब** लगता है कि भगवान रघुनाथजी के रथ के ऊपर लगाए जाने वाला कपड़ा फीका पड़ रहा है, तब इसे बदला जाता है। इसी कड़ी में अब 15 साल बाद रथ के कपड़े को बदलकर नया लगाया जाएगा, जिसको सिलने की विधिवत प्रक्रिया शुरू करवा दी है। महाराजा कोठी के कारीगरों द्वारा यह वस्त्र तैयार किया जाएगा।
>
> **-महेश्वर सिंह, मुख्य छड़ीबरदार, भगवान रघुनाथजी।**



## न्यूज ब्रीफ

### पीडब्ल्यूडी में नियुक्त होंगे कनिष्ठ अभियंता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार ने कनिष्ठ अभियंता (सिविल) पोस्ट कोड-970 की परीक्षा दे चुके आवेदकों को बहुत बड़ी राहत प्रदान की है। इस परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को अब प्रदेश सरकार ने लोक निर्माण विभाग में नियुक्ति देने का निर्णय लिया है। हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि वन विभाग की इंजीनियरिंग विंग में कनिष्ठ अभियंता के 11 पदों को कांट्रेक्ट आधार पर भरने के लिए पूर्ववर्ती हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवाएं आयोग ने पोस्ट कोड-970 के तहत परीक्षा आयोजित की थी, लेकिन वन विभाग की इंजीनियरिंग विंग के बंद होने के कारण प्रदेश सरकार ने कनिष्ठ अभियंता के इन 11 में से 10 पदों को लोक निर्माण विभाग में शामिल करने का निर्णय लिया है। इन 10 पदों में सामान्य अनारक्षित वर्ग के 6, ईडब्ल्यूएस वर्ग का एक और अन्य पिछड़ा वर्ग अनारक्षित के 3 पद शामिल हैं। डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि आयोग अब शीघ्र ही इस परीक्षा का परिणाम घोषित करके 10 सफल उम्मीदवारों की लोक निर्माण विभाग में नियुक्ति की अनुशंसा करेगा।

### दिशा व कलश का विवि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा की छात्रा दिशा ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की कला स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा में नौवां स्थान तथा छात्र कलश धीमान ने बीसवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा के दिशा निर्देशन में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रो. नीलम अग्निहोत्री और डॉ. प्रीतम चंद ने छात्रों की सफलता को प्रेरणास्रोत बताया। प्राचार्य डॉ. राणा ने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेने को कहा। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। इस अवसर पर दिशा के पिता पवन कुमार सहित मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

### छात्रों ने नशा मुक्ति को लेकर ली प्रतिज्ञा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में अंतरराष्ट्रीय ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफकिंग (नशीली दवाइयां का दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी) दिवस के उपलक्ष्य पर प्रतिज्ञा समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा की नशा हमारे समाज को दिन प्रतिदिन खोखला करता जा रहा है, जिस कारण युवा पीढ़ी अपने जीवन लक्ष्य से दूर होती जा रही है, इसलिए छात्रों के लिए आवश्यक है कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों अथवा समाज कल्याण के कार्यों में भी अधिक से अधिक भाग लें और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों की ओर प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया और नशे से दूर रहने के लिए प्रतिज्ञा ग्रहण की। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल, डॉ. प्रमोज शर्मा, प्रो. अरविंद, डॉ. उमा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शशि शर्मा तथा प्रो. निर्मला उपस्थित रहे।

### आरसेटी ने चंगर की महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा तहसील हमीरपुर के गांव चंगर की महिलाओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर बुधवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में गांव की 27 महिलाओं को पेपर कवर और लिफाफे इत्यादि बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल कार्यालय के प्रमुख नीरज कुमार आनंद ने महिलाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं घर में ही अपने उद्यम या कारोबार चला सकती हैं। इसके लिए उन्हें बैंकों की विभिन्न ऋण एवं सब्सिडी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। अपने उद्यम स्थापित करने की इच्छुक महिलाओं को बैंकों से ऋण दिलाने में आरसेटी के अधिकारी भी उनकी मदद कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों, अधिकारियों तथा शिविर की प्रतिभागी महिलाओं का स्वागत करते हुए आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में शिविर के मूल्यांकनकर्ता सोमदत्त शर्मा और हरबंस लाल, वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, आरसेटी के फैकल्टी मेंबर संजय हरनोट और संस्थान के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### सुक्खू सरकार ने हिमाचल को अंधेरे में धकेला : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का माहौल बन गया है। उन्होंने कहा कि आपदा राहत कोष की रकम जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचाई गई बल्कि राजनीतिक कार्यकर्ताओं में बांटी गई। राजेंद्र राणा ने तानाशाही रवैये पर भी चिंता जताई और कहा कि सरकार ने लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने के लिए आपातकाल जैसी स्थिति बना दी है। उनका कहना है कि प्रदेश के लोग इस सरकार से त्रस्त हैं और जल्द छुटकारा चाहते हैं।

### नवोदय में खाली सीटों के लिए आवेदन 23 सितंबर तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा में रिक्त सीटों को भरने के लिए पार्श्व प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है। ये आवेदन वेबसाइट सीबीएसई आईटीएमएस.एनआईसी.इन 2025 पर किए जा सकते हैं। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य विक्रम कुमार ने बताया कि अगर किसी विद्यार्थी को आवेदन में किसी भी तरह की दिक्कत आ रही है तो वह किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय के हेल्प डेस्क नंबर 01972-266035 या मोबाइल नंबर 82194-82550 पर सुबह 9 से सायं 4 बजे तक संपर्क कर सकता है।

### कृष्णानगर व अन्य क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में एक अगस्त को लाइनों की आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते कृष्णानगर, बीएसएनएल ऑफिस और साथ लगते अन्य क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### पहली व दो अगस्त को डाकघरों में नहीं होगा लेनदेन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारत सरकार के डाक विभाग को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अगली पीढ़ी का एपीटी (एडवांस्ड पोस्टल टेक्नॉलजी) एप्लिकेशन रोलआउट किया जा रहा है, जो हमारे डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परिवर्तनात्मक पहल के तहत, उन्नत प्रणाली 4 अगस्त से हमीरपुर व बिलासपुर जिले के सभी डाकघरों मे लागू की जाएगी। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित संक्रमण सुनिश्चित करने के लिए 1 व 2 अगस्त को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया जा रहा है। 01 व 02 अगस्त 2025 को डाकघरों में कोई भी सार्वजनिक लेन-देन नहीं किया जाएगा। यह अस्थायी सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशन, प्रणाली सत्यापन और कन्फिगरेशन प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक है, ताकि नया सिस्टम सही और प्रभावी ढंग से लाइव हो सके।

### एबीवीपी की मांगों को लेकर सांकेतिक हड़ताल शुरू



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एबीवीपी हमीरपुर इकाई द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया तथा उसके बाद बुधवार 12 बजे से 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल शुरू की गई। इकाई के सह सचिव तुषार धीमान ने महाविद्यालय हमीरपुर की विभिन्न समस्याओं को लेकर कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने प्रशासन से छात्रहित में तुरंत प्रभाव से ठोस कदम उठाने की मांग की। तुषार धीमान ने कहा कि हमीरपुर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विषय का पद लंबे समय से रिक्त है। उन्होंने परीक्षा परिणामों में आ रही अनियमितताओं और गड़बड़ियों पर भी चिंता जताई और कहा कि छात्रों को सही व पारदर्शी रिजल्ट उपलब्ध करवाना कॉलेज प्रशासन की जिम्मेदारी है। परिषद ने यह भी मांग की कि छात्रसंघ चुनावों को जल्द से जल्द बहाल किया जाए। तुषार धीमान ने यह भी कहा कि कॉलेज परिसर में लगातार राजनीतिकरण हो रहा है, जिससे शैक्षणिक वातावरण दूषित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि शैक्षणिक संस्थानों को राजनीति का अड्डा न बनने दिया जाए और छात्रहित को सर्वोपरि रखा जाए। यदि समय रहते प्रशासन ने इन मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की, तो परिषद चरणबद्ध आंदोलन की ओर बढ़ने को बाध्य होगी।

# जोल स्कूल में खतरे की जद में 50 मासूम छात्रों की जान

## अनसेफ घोषित; फिर भी नहीं हुई मरम्मत, जर्जर भवन में पढ़ रहे बच्चे

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल की धमरोल पंचायत में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला जोल का भवन बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। 1964 में निर्मित यह भवन आज पूरी तरह जर्जर हो चुका है। छत से पानी टपक रहा है, दीवारों में गहरी दरारें हैं और बारिश में फर्श गीला रहने से फिसलने और चोट लगने का खतरा बना रहता है।

वर्ष 2024 में एसडीएम भोरंज द्वारा गठित तकनीकी टीम ने इस भवन को 'अनसेफ' घोषित किया, लेकिन अफसोसजनक बात यह है कि न तो भवन को गिराया गया और न ही मरम्मत शुरू हुई। वर्तमान में स्कूल में 50 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं, जो रोजाना जान हथेली पर लेकर इसी खस्ताहाल भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

**बरसात में और बढ़ गया खतरा :** मानसून के चलते लगातार बारिश हो रही है, जिससे स्थिति और भयावह हो चुकी है। छत और दीवारों से गिरते मलबे के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



राजकीय प्राथमिक पाठशाला जोल का जर्जर भवन बच्चों के लिए कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है।

**विभागीय अनदेखी पर ग्रामीणों में आक्रोश :** एसएमसी, पंचायत प्रतिनिधि और स्कूल स्टाफ कई बार विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला है। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कहा कि छुट्टियों के बाद स्थिति बेहद खतरनाक हो जाएगी।

**चेतावनी बनती घटनाओं को भी किया अनदेखा :** हाल ही में राजस्थान व बिहार में स्कूल भवन गिरने की घटनाओं से सबक लेने के बजाए प्रशासन मौन है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि कोई दुर्घटना हुई, तो उसकी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की होगी।

**जन आंदोलन की चेतावनी :** स्कूल प्रबंधन समिति ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे जन आंदोलन शुरू करेंगे। 'दुर्घटना के बाद शोक से बेहतर है, समय रहते कार्रवाई हो, यही ग्रामीणों की स्पष्ट मांग है।

# सहकारी सभाओं के विक्रेताओं को सेवा नियमों के तहत नहीं दिया जा रहा वेतन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

- प्रदेश डिपो संचालक समिति ने पंजीयक सहकारिता विभाग को भेजी शिकायत

**हमीरपुर।** प्रदेश की सहकारी सभाओं के प्रबंधन समितियों द्वारा विक्रेताओं का जमकर शोषण किया जा रहा है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में सहकारी सभाओं के विक्रेताओं को सहकारिता विभाग द्वारा बनाए गए सेवा नियमों के तहत वेतन नहीं दिया जा रहा है। इस शोषण के खिलाफ प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने पंजीयक सहकारिता विभाग को सहकारी सभाओं के विक्रेताओं को सेवा नियमों के तहत वेतन ने देने बारे शिकायत पत्र भेजा है।

प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने बताया कि बिलासपुर जिले में सहकारी सभाएं अपने विक्रेताओं को खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा दिए जा रहे मात्र चार फीसदी कमीशन का आधा हिस्सा दे रही है इसके अलावा मंडी, कुल्लू, सिरमौर, किन्नौर, लाहौल स्पीति, शिमला व चंबा जिलों में अधिकांश सहकारी सभाओं के पास न तो राशन लाने के लिए पैसा है और न राशन रखने के लिए अपने भवन हैं। इन सहकारी सभाओं के विक्रेता निगम के गोदामों से राशन लाने के लिए अपना पैसा खर्च करते हैं और राशन रखने के लिए दुकानों का किराया भी अपनी जेब से अदा करते हैं, इतना ही नहीं डिपो के लाइसेंस के नवीनीकरण, खाद, बीज के लाइसेंस के नवीनीकरण, नापतोल विभाग से भार तोलने की मशीन को सत्यापित करवाने की फीस, स्टेशनरी का खर्च, बिजली बिल खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा डिपुओं पर स्थापित की गई पॉश मशीनों पर इंटरनेट आदि पर अपनी जेब से खर्च करने के बावजूद सहकारी सभाएं विक्रेताओं को कुल कमीशन का आधा हिस्सा देकर विक्रेताओं का शोषण कर रही हैं।

अशोक कवि ने विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया है कि जो सहकारी सभाएं अपने विक्रेताओं को सेवा नियमों के तहत वेतन देने में सक्षम है। उन्हें सेवा नियमों के तहत वेतन देने के कड़े निर्देश जारी किए जाएं। इसके अला जो सभाएं अपने कर्मचारियों को वेतन देने में सक्षम नहीं हैं और विक्रेता राशन वितरण पर सारा पैसा अपनी जेब से अदा कर रहे हैं, उन विक्रेताओं से कमीशन के आधे हिस्से की वसूली बंद करने या उन विक्रेताओं को निजी डिपो देने के आदेश जारी किए जाएं।

## बीए प्रथम वर्ष के परिणाम में नेहा प्रथम



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश विवि शिमला द्वारा अप्रैल माह में ली गई बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोटा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रथम वर्ष में नेहा ने 800 में से 645 अंक (85-50 प्रतिशत) लेकर प्रथम स्थान, प्रिया ने 639 (84-30 प्रतिशत अंक) लेकर दूसरा स्थान तथा मधु ने 572 (75-90 प्रतिशत अंक) लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज प्रबंधन समिति के चेयरमैन मनजीत सिंह, सेकरेट्री कुलवीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ राज कुमार धीमान व कॉलेज के समस्त स्टॉफ ने कॉलेज का परिणाम 100 प्रतिशत रहने पर सबको बधाई दी तथा पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले छात्र व छात्राओं को भी शुभकामनाएं दीं।

## हमीरपुर कॉलेज की छात्रा दीक्षा ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर रचा कीर्तिमान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



उपलब्धि हासिल करने पर छात्रा का मुंह मीठा करवाया गया।

राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की एमए हिंदी की छात्रा दीक्षा चौहान ने प्रतिष्ठित यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय व समस्त क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उल्लेखनीय है कि दीक्षा ने चौथे सेमेस्टर में ही यह उपलब्धि प्राप्त की है, जो कि अपने आप में एक ऐतिहासिक सफलता है।

इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल ने दीक्षा को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हिंदी विभाग की सह आचार्य प्रो. नीना कुमारी को भी इस सफलता के लिए बधाई दी। प्रो. नीना कुमारी ने बताया कि दीक्षा एक अत्यंत मेहनती छात्रा रही है, जो कक्षाओं के साथ-साथ पुस्तकालय में बैठकर गहन अध्ययन करती थीं।इस अवसर पर डॉ. पवन वर्मा ने दीक्षा को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि दीक्षा चौहान इससे पूर्व वर्ष 2023 में भाषा अध्यापक की परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुकी हैं। दीक्षा की माता इंदु बाला ग्रहिणी हैं तथा पिता विनोद चौहान मेडिकल स्टोर चलाते हैं। दीक्षा का सपना भविष्य में हिंदी विषय की प्रोफेसर बनने का है।

## नप सुजानपुर अतिक्रमण पर सख्त, 4 रेहड़ियां जब्त

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

अवैध रूप से लग रही रेहड़ियों तथा अतिक्रमण को लेकर के नगर परिषद सुजानपुर द्वारा बुधवार को बड़ी कार्रवाई की गई। जहां अवैध रूप से सजाई गई 4 रेहड़ियों को जब्त किया गया, वहीं अतिक्रमणकारियों पर भी कार्रवाई करते हुए आइंदा सामान सड़कों पर न सजाने की चेतावनी दी गई । अवैध रूप से लग रही रेहड़ी-फड़ी से अतिक्रमण को लेकर के प्रशासन को बार-बार शिकायत आ रही थी। नगर परिषद सुजानपुर ने दिन में दो बार यह कार्रवाई की। एक कार्रवाई सुबह व दूसरी कार्रवाई देर शाम की गई।

हालांकि, नगर परिषद सुजानपुर समय-समय पर कार्रवाई करती आई है, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने के कारण ऐसे तबके के फिर हौसले बुलंद हो जाते हैं और फिर अवैध रूप से रेहड़ी-फड़ी अतिक्रमण और ज्यादा फलने-फूलने लगता है। वर्तमान में नगर परिषद सुजानपुर अगर से ही ढंग से अवैध रूप से रेडी-फड़ी वालों को लेकर के शिकंजा कसे तो दो दर्जन के करीब ऐसे लोग सामने आएंगे जो लंबे समय से सड़कों में समान तथा सजाकर बैठे हुए हैं।



नप सुजानपुर ने अतिक्रमण को लेकर की कड़ी कार्रवाई।

बुधवार दोपहर बाद नगर परिषद सुजानपुर की टीम ने आर्यन सिंह मन्हास के नेतृत्व में मुख्य बाजार से लेकर अस्पताल चौक तक निरीक्षण किया गया, जहां अवैध रूप से लग रही पांच रेहड़ी निरीक्षण के दौरान सामने आईं, जिन्होंने नगर परिषद की बिना अनुमति से सड़कों पर सजा रखी थी, जिनको नगर परिषद ने जब्त कर लिया तथा सड़कों पर सामान सजाने वालों को भी चेतावनी दी गई कि नगर परिषद द्वारा शिकंजा हर समय कसा जाएगा। उन्हें चेताया गया कि शहर की सुंदरता तथा सफाई व्यवस्था को देखते हुए अतिक्रमण को बढ़ावा न दें।

आर्यन सिंह मन्हास ने बताया कि 4 बिना मर्जी से लग रही रेहड़ी-फड़ी को जब्त कर लिया गया है तथा अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि सड़कों पर सामान न सजाया जाए तथा नगर परिषद का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## सड़क के बीचोंबीच पड़ी क्रशर बजरी बनी खतरा, आक्रोश

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बड़सर क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की लापरवाही एक बार फिर सवालों के घेरे में है। बड़सर-शाहतलाई सड़क मार्ग पर भालत के पास बीते कई दिनों से सड़क के बीचों-बीच क्रशर बजरी पड़ी हुई है, जो यात्रियों के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है।



बड़सर-शाहतलाई रोड पर भालत के पास सड़क पर पड़ी बजरी जो कि किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है।

सावन माह के चलते इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शाहतलाई की ओर जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन भी शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के बीच पड़ी यह बजरी कभी भी बड़ा हादसा करवा सकती है।

दो लेन हो जाने के कारण इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव भी काफी बढ़ गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका और भी बढ़ जाती है। लोग प्रशासन से यह भी पूछ रहे हैं कि जब विभागीय अधिकारी इस मार्ग से गुजरते हैं, तो क्या उन्हें यह खतरा दिखाई नहीं देता? गंभीर बात यह है कि यह बजरी किसी रसूखदार व्यक्ति द्वारा निर्माण कार्य के लिए फेंकी गई प्रतीत होती है, जो स्पष्ट रूप से सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है। स्थानीय लोगों ने ऐसी हरकत करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

> आपसे जानकारी मिलने पर संबंधित विभाग के जेई को मौका देखने के लिए भेज दिया गया है। अगर बीच सड़क से बजरी को नहीं हटाया जाता है तो फिर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **रवि शंकर, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी बड़सर।**

## मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 11 लाख का चेक



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए बुधवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को 11 लाख रुपए का चेक सौंपते कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया और बैंक प्रबंधन समिति के सदस्य।

## चौगान में उगे घास को काटने के लिए जल्द आएगी नई मशीन : कै. रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



चौगान मैदान का निरीक्षण करते विधायक रणजीत सिंह

विधायक सुजानपुर चौगान मैदान की सफाई के लिए आगे आए हैं। बुधवार को विधायक कैप्टन रणजीत सिंह सुजानपुर के ऐतिहासिक चौगान में पहुंचकर घास काटने वाली मशीन से घास कटवाते दिखे।

विधायक कै. रणजीत सिंह ने कहा कि मेरे ध्यान में आया कि घास काटने के लिए मनरेगा पर लगाना पड़ता था, जिससे काफी समय तक चौगान की सफाई नहीं हो पाती थी। इस कारण बहुत जल्द सुजानपुर नगर परिषद में एक घास काटने की मशीन की व्यवस्था की जाएगी और चौगान को स्वछ बनाया जाएगा।

## सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा ने हॉकी प्रतियोगिता जीत रचा इतिहास

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूलों की हॉकी प्रतियोगिता -2025 (अंडर-15) में अपनी पहली खिताबी जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। यह टूर्नामेंट 23 से 30 जुलाई तक अमरावतीनगर (तमिलनाडु) में आयोजित किया गया।

उत्तर जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम ने उत्कृष्ट खेल-कौशल और अटूट संकल्प का प्रदर्शन कर यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की है। रोमांचक मुकाबलों की शृंखला में सुजानपुर टीहरा ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा ने सैनिक स्कूल गोलपाड़ा को 2-0 से हराकर खिताब जीता। सेमीफाइनल में उन्होंने सैनिक स्कूल तिलैया को रोमांचक मुकाबले में 5-4 से मात दी।





अंडर-15 में अखिल भारतीय सैनिक स्कूलों की हॉकी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।

लीग चरण में सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा ने सैनिक स्कूल भुवनेश्वर को 3-0 से पराजित किया जबकि सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए 1-1 से ड्रॉ खेला।

कैडेट सत्य शिवम् शास्त्री को उनके बेहतरीन खेल और नेतृत्व क्षमता के लिए इस प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ टीम ने आगामी प्रतिष्ठित नेहरू कप हॉकी चैंपियनशिप में जगह बना ली है, जो 8 से 18 अक्तूबर तक नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। इस गौरवपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धि पर ग्रुप कैप्टन रचना जोशी (प्राचार्य), ले. कर्नल राजिंदर सिंह (प्रशासनिक अधिकारी) और कमांडर अक्षय साहू (उप-प्राचार्य) ने पूरी टीम को बधाई दी और आगामी नेहरू कप के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस ऐतिहासिक जीत से विद्यालय में उल्लास का माहौल है।

यह विजय स्कूल के लिए नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करने वाली ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में हमेशा याद रखी जाएगी।

**जानकारी** क्षेत्रीय निदेशक कर्नल मनजीत कटोच ने नियोक्ताओं से की अपील

## ईएसआईसी की योजनाओं का लाभ उठाएं निजी क्षेत्र के कर्मचारी

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की विभिन्न योजनाओं का लाभ निजी क्षेत्र के सभी पात्र कर्मचारियों तक पहुंचाने तथा नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को सलासी स्थित होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए निगम के क्षेत्रीय निदेशक कर्नल (सेवानिवृत्त) मनजीत कटोच ने कहा कि निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए ईएसआईसी के माध्यम से कई सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने नियोक्ताओं से अपील की कि वे अपने सभी पात्र कर्मचारियों का पंजीकरण करवाएं, ताकि उन्हें इन योजनाओं का लाभ मिल सके।



सलासी स्थित आईएचएम में आयोजित जागरूकता शिविर में उपस्थित गणमान्य व अन्य।

इस अवसर पर ईएसआईसी के शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने स्प्री-2025 योजना की जानकारी दी, जो 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगी। उन्होंने बताया कि 10 या इससे अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने वाले सभी उद्यमों को ईएसआईसी के तहत पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इस योजना के अंतर्गत यदि कोई नियोक्ता अब तक पंजीकृत नहीं हुआ है, तो उसे पिछली अवधि का रिकॉर्ड, अंशदान या बकाया नहीं देना होगा।

अमित कुमार ने बताया कि नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा पोर्टल और एमसीए पोर्टल के माध्यम से अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को आसानी से ऑनलाइन पंजीकृत कर सकते हैं। यह पंजीकरण नियोक्ता द्वारा घोषित तिथि से वैध माना जाएगा और पूर्व अवधि के लिए कोई दंड या दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। पूर्व में पंजीकरण न करने पर कानूनी कार्रवाई और बकाया राशि की वसूली की जाती थी, लेकिन स्प्री-2025 योजना में इन सख्त प्रावधानों को समाप्त कर दिया गया है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक प्रतिष्ठानों और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना है।

शिविर में ईपीएफओ की प्रवर्तन अधिकारी शरनजीत कौर, श्रम कल्याण अधिकारी रश्मि ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग के डॉ. दिनेश कुमार, आईएचएम के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा, निजी स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी अमित कुमार सहित अनेक नियोक्ता, उद्यमी, श्रमिक संगठन और लाभार्थी उपस्थित रहे।

## भोरंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

- एसडीएम शशि पाल ने की उपमंडल स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा

79वां स्वतंत्रता दिवस भोरंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। एसडीएम शशि पाल शर्मा ने बुधवार को मिनी सचिवालय के हाल में अधिकारियों के साथ बैठक करके उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह समारोह राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में आयोजित किया जाएगा। समारोह का शुभारंभ सुबह 11 बजे ध्वजारोहण के साथ किया जाएगा।

इसके बाद भव्य परेड एवं मार्च पास्ट होगा, जिसमें पुलिस, एनसीसी तथा एनएसएस की टुकड़ियां भाग लेंगी। समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुत किए जाएंगे। एसडीएम ने बताया कि उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारियों, अन्य लोगों तथा स्कूली बच्चों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एसडीएम ने पुलिस, शिक्षा विभाग, लोनिवि, जलशक्ति विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और अन्य विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि समारोह के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए इस गौरवमयी समारोह को सफल बनाएं। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य और विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. वाईएस परमार को 'भारत रत्न' देने की मांग



डॉ. यशवंत सिंह परमार को भारत रत्न देने की मांग को लेकर आयोजन समिति के सदस्य कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के निर्माता और पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग जोर पकड़ रही है। डॉ. यशवंत सिंह परमार स्मृति समारोह आयोजन समिति ने दृढ़ता से कहा है कि डॉ. परमार वे सभी मानदंड पूरे करते हैं जो इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए आवश्यक हैं। समिति ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि विधानसभा के आगामी सत्र में एक प्रस्ताव पारित कर डॉ. परमार को भारत रत्न दिलवाने के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाए। इस संदर्भ में, समिति के अध्यक्ष बलदेव सिंह चौहान और संस्थापक सदस्य कुल राकेश पंत ने हाल ही में शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को समिति का आग्रह पत्र सौंपा। समिति ने यह भी बताया कि वे इसी तरह का आग्रह विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर से भी करेंगे।

### फोरलेन निर्माण से प्रभावित परिवार को मिलेगा ₹5.61 करोड़ का मुआवजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में फोरलेन निर्माण के दौरान हुए भूस्खलन से प्रभावित एक परिवार को जल्द ही 5 करोड़ 61 लाख 92 हजार 048 रुपए का मुआवजा मिलेगा। उपायुक्त ने जांच रिपोर्ट के बाद एनएचएआई के अधीन कार्यरत निर्माण कंपनी को यह राशि बिना किसी देरी के परिवार को भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की पुष्टि करते हुए अपने कार्यालय को सूचित करने को भी कहा है। दरअसल, 30 जून को माथु कॉलोनी में श्रेया, शौर्य और रंजना का बहुमंजिला घर भूस्खलन की चपेट में आकर गिर गया था। इसके बाद, उपायुक्त ने 4 जुलाई को एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) पंकज शर्मा की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की थी। इस समिति ने 18 जुलाई को अपनी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी।

समिति की रिपोर्ट के अनुसार, भट्टाकुफर में गिरी हुई इमारत को हुए नुकसान का कुल मूल्यांकन 2 करोड़ 80 लाख 96 हजार 024 रुपए आंका गया, इसमें भूमि की कीमत 57 लाख 40 हजार 100 रुपए, संरचना का शुद्ध मूल्य 1 करोड़ 65 लाख 17 हजार 336 रुपए और अन्य चीजों की लागत 58 लाख 38 हजार 588 रुपए आंकी गई। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि फोरलेन के निर्माण के लिए पहाड़ी की कटाई के कारण ही यह भूस्खलन हुआ, जिसके चलते भवन मालिकों ने अपना घर खो दिया। इससे प्रभावित परिवार को भारी संकट और कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जांच समिति की रिपोर्ट के बाद, उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि प्रभावितों को हुए भारी नुकसान के कारण मुआवजे की राशि का जल्द भुगतान करना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि यह भुगतान भूमि अधिग्रहण पुनर्वास और पुनर्स्थापन अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार, उचित मुआवजे और पारदर्शिता के साथ हो। उन्होंने 100 फीसदी क्षतिपूर्ति देने के मानदंड सुनिश्चित करने पर जोर दिया ताकि प्रभावित परिवार को बिना किसी देरी के पूरा मुआवजा मिल सके।

**हिमाचल कैबिनेट के ताबड़तोड़ फैसले** नालागढ़ में मेडिकल डिवाइस पार्क को मिली हरी झंडी, उपसमिति का गठन

# महिलाएं भी कर सकेंगी 12 घंटे की ड्यूटी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** हिमाचल मंत्रिमंडल ने बुधवार को तीसरे दिन कई महत्वपूर्ण और दूरगामी फैसले लिए, जिनमें औद्योगिक विकास को गति देने, ऊर्जा क्षेत्र में सुधार लाने और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया गया। नालागढ़ में विशाल मेडिकल डिवाइस पार्क के विकास से लेकर सैकड़ों जलविद्युत परियोजनाओं को रद्द करने तक, ये निर्णय राज्य के भविष्य की दिशा तय करेंगे।

कैबिनेट ने हिमाचल प्रदेश फैक्टरी नियमों में संशोधन को मंजूरी दी। इसके बाद महिलाएं भी अब फैक्ट्री में ओवर टाइम कर सकेंगी। अभी तक नियमों में 8 घंटे की ड्यूटी का प्रावधान था। अब महिलाएं अपनी इच्छानुसार, 12 घंटे तक ड्यूटी करके ओवर टाइम कर सकेंगी। इसके लिए महिलाओं को ओवरटाइम मिलेगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से मंत्रिमंडल ने नालागढ़ में 300 एकड़ में फैले अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस पार्क के विकास को मंजूरी दे दी है। इस महत्वपूर्ण परियोजना की निगरानी और कार्यान्वयन के लिए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में एक विशेष मंत्रिमंडलीय उप समिति का गठन किया गया है। यह उप समिति अगले दो महीने के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जो पार्क के निर्माण और संचालन की दिशा में अहम होगी।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

#### प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग पर चर्चा

**मंत्रिमंडल** के समक्ष हिमाचल प्रदेश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के मुद्दे पर एक विस्तृत प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

#### शिमला-टांडा में नर्सिंग सीटें बढ़ाने को मंजूरी

**कैबिनेट** के फैसले की जानकारी देते हुए इंडस्ट्री मिनिस्टर हर्षवर्धन चौहान ने कहा,सिस्टर निवेदिता राजकीय नर्सिंग कॉलेज शिमला में बीएससी नर्सिंग की सीटों को 60 से बढ़ाकर 100 और टांडा मेडिकल कॉलेज में 30 से बढ़ाकर 60 किया है।

इसके साथ ही, मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश लघु खनिज (रियायत) और खनिज (अवैध खनन, परिवहन और भंडारण निवारण) नियम, 2015 में भी संशोधन को मंजूरी दी। इस संशोधन से सड़क निर्माण में लगे ठेकेदारों और एजेंसियों को अब जलाशय परियोजनाओं से निकली गाद और अन्य सामग्री का उपयोग निजी उद्देश्यों के लिए करने की अनुमति होगी। यह कदम निर्माण कार्यों में तेजी लाने और सामग्री के उचित उपयोग को बढ़ावा देगा। बची हुई सामग्री या तैयार उत्पाद की नीलामी निर्धारित प्रक्रिया के तहत की जाएगी।

### कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार को मिली एक साल की मोहलत

**कांगड़ा** हवाई अड्डे के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को गति देने हेतु, भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 26 के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही के लिए 16 अगस्त, 2026 तक एक वर्ष का विस्तार प्रदान किया गया है। यह विस्तार परियोजना को समय पर पूरा करने में सहायक होगा। इसके अतिरिक्त, सिरमौर जिले के धौलाकुआं माजरा योजना क्षेत्र के लिए विकास योजना के प्रारूप को भी मंजूरी दी गई। इस योजना का लक्ष्य क्षेत्र में सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए प्राकृतिक संसाधनों और सौंदर्य का संरक्षण करना है।

#### पटवार सर्किल का पुनर्गठन

**प्रशासनिक** दक्षता बढ़ाने के क्रम में कांगड़ा जिले के पटवार सर्किल नलेटी का पुनर्गठन किया गया है। देहरा तहसील के महल मसोट और बलाहार क्षेत्रों को हटाकर उन्हें परागपुर तहसील के पटवार सर्किल गढ़ में मिला दिया गया है। वहीं, कैबिनेट ने शिमला-धर्मशाला-शिमला हवाई मार्ग पर उड़ान संचालन के लिए राज्य सरकार और अलाइंस एयर एविएशन लिमिटेड के मध्यम समझौता ज्ञापन (एमओयू) को एक जुलाई, 2025 से 30 जून, 2026 तक के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

## पोक्सो कोर्ट ने दुष्कर्मी को 20 वर्ष का कारावास व जुर्माने की सुनाई सजा

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय (पोक्सो कोर्ट) किन्नौर स्थित रामपुर की अदालत ने बुधवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए दुष्कर्मी दिनेश कुमार उर्फ नीटू पुत्र नरेंद्र निवासी करतोट, जिला शिमला को पोक्सो अधिनियम के तहत 20 वर्ष का साधारण कारावास व 10 हजार रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।



फैसले की जानकारी देते हुए उप जिला न्यायवादी कमल चंदेल ने बताया कि 16 वर्षीय पीड़िता सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी के संपर्क में आई और उनकी बातचीत शुरू हो गई। आरोपी ने पीड़िता को विश्वास दिलाया कि वह उससे शादी करेगा। आरोपी ने पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म भी किया था। पीड़िता ने सारी घटना अपनी माता को बताई जिस पर पुलिस थाना झाकड़ी में प्राथमिक दर्ज करवाई गई।

अदालत में 17 गवाहों के साक्ष्य दर्ज किए गए। पीड़ता के ब्यान व अन्य सबूतों के आधार पर अदालत ने यह फैसला सुनाया। इसके अतिरिक्त अदालत ने पीड़िता को दो लाख रुपए मुआवजा देने के आदेश भी दिए। सरकार की तरफ से मुकदमे की पैरवी उप जिला न्यायवादी कमल चन्देल ने की।

## मुख्यमंत्री राहत कोष में ₹48,100 का अंशदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को बुधवार को तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 48,100 रुपए का चेक भेंट किया। यह राशि जिला बिलासपुर के इंद्र देव शर्मा, कमला देवी, कृति चंद्र धीमान, किरण बाला, और सेऊ कृषि सेवा सहकारी सभा समिति देलग, घुमारवीं के प्रधान एवं सचिव द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में दान की गई है। मुख्यमंत्री ने इस योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए जनता से अपील की कि वे जरूरतमंदों की मदद के लिए इस कोष में उदारतापूर्वक अंशदान करें, ताकि आपदा के समय यह राशि लोगों के लिए सहायक सिद्ध हो सके।

## 1971 में बलिदान सेना का, मगर आयरन लेडी का तमगा किसी और को : अनुराग


अनंत ज्ञान, शिमला



हमीरपुर से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को संसद में 1971 युद्ध के संदर्भ में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका पर सवाल खड़े किए।

उन्होंने आरोप लगाया कि युद्ध में बलिदान भारतीय सेना ने दिया, लेकिन 'आयरन लेडी' का तमगा किसी और को मिल गया। ठाकुर ने विशेष रूप से इंदिरा गांधी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन को लिखे गए पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि वह पत्र याचक की भाषा में लिखा गया था। उन्होंने पूछा कि आखिर क्यों इंदिरा जी को निक्सन के सामने झुकने की जरूरत पड़ी? क्या उन्हें अपनी सेना या सरकार पर भरोसा नहीं था? उन्होंने संसद में पत्र के अंश पढ़ते हुए कहा कि उसमें इंदिरा ने अमेरिका से पाकिस्तान की आक्रामक गतिविधियों को रोकने का आग्रह किया था। ठाकुर ने इसे 'भारत को शर्मिंदा करने वाला कदम' बताते हुए कांग्रेस से स्पष्टीकरण मांगा।

अमेरिका पहले से ही पाकिस्तान के पक्ष में था, फिर भी इंदिरा गांधी ने ऐसे पत्र क्यों लिखा? उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व पर अमेरिका पर निर्भरता का आरोप लगाया और कहा कि यह पत्र तत्कालीन सरकार की कमजोरी को उजागर करता है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि शून्य का 50 प्रतिशत भी शून्य होता है, और उस युद्ध में कांग्रेस का योगदान शून्य था।




**त्रिलोक कपूर ने उठाए सवाल, विमल नेगी मामले में केंद्रीय जांच के दायरे में आने वाले को 600 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट में भूमिका क्यों?**

## कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार को 'इनाम' देने का आरोप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार पर भारतीय जनता पार्टी ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने विमल नेगी मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो की जांच के दायरे में आने वाले देशराज को 600 करोड़ के एक बड़े परियोजना में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने पर सवाल उठाए हैं। कपूर ने कहा कि यह हैरान करने वाला है कि जिन पर गंभीर आरोप हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जा रहा है।



उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में केवल भ्रष्टाचारियों और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वाले व्यक्तियों को ही बढ़ावा मिल रहा है। विमल नेगी मामले में सरकार और उसके उच्चाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगे, लेकिन जिन आरोपियों पर आरोप थे, उन्हें महत्वपूर्ण पद और विभाग दिए गए। इसके विपरीत, जिन अधिकारियों ने ईमानदारी से जांच की, उनसे सभी विभाग छीन लिए गए। कपूर ने दावा किया कि सरकार की नीयत में पहले दिन से ही खोट था, जिसका प्रमाण जांच के दौरान सामने आया।

कपूर ने याद दिलाया कि इस मामले की जांच के लिए बनाई गई विशेष जांच दल सबूत मिटाने में ही व्यस्त रही। उन्होंने पूर्व पुलिस महानिदेशक का भी जिक्र किया, जिन्हें सीबीआई जांच की इच्छा रखने के कारण इस सरकार ने नहीं बख्शा। उनका विदाई समारोह तक नहीं किया गया और उनके द्वारा पुलिसकर्मियों को दिए गए पुरस्कार भी रद्द कर दिए गए।

## हिमाचल में 24,967 में से 22,380 किलोमीटर सड़क परियोजनाएं पूरी

अनंत ज्ञान, धर्मशाला





**केंद्रीय मंत्री पासवान ने सांसद डॉ. भारद्वाज को दी जानकारी**

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत अब तक हिमाचल प्रदेश में 24,967.76 किलोमीटर लंबी सडक परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से अब तक 22,380.09 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजनाओं का कार्य पूरा कर लिए गया है। यह जानकारी केंद्रीय ग्रामीण विकास राजमार्ग मंत्री कमलेश पासवान ने कांगड़ा लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को सदन में दी।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत अब तक देश में 8,38,611 किलो मीटर लंबी सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से अब तक 7,83,304 किमी सड़क परियोजनाओं का कार्य पूरे कर लिए हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार ने योजना के चौथे चरण के अंतर्गत मार्च 2029 तक 25,000 गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकारों और केंद्र शासित राज्यों से 1,555 किलो मीटर लंबी 300 सड़क परियोजनाओं का प्रस्ताव मंत्रालय को मिला है। चौथे चरण के अंतर्गत मैदानी क्षेत्रों के 500 से ज्यादा जनसंख्या वाले, पहाड़ी क्षेत्रों के 250 से ज्यादा जनसंख्या वाले तथा माओवाद हिंसा से प्रभावित 100 से ज्यादा जनसंख्या वाले गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

## सांसद सिकंदर ने संसद में समुद्री और शिक्षा क्षेत्र में उठाए सवाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश महामंत्री, डॉ. सिकंदर कुमार ने हाल ही में संसद में भारत के समुद्री उद्योग में डिजिटल परिवर्तन और दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के संबंध में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए।

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने बताया कि मंत्रालय ने भारतीय समुद्री क्षेत्र हेतु डिजिटल उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए प्रगत संगणन विकास केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य उन्नत आईटी समाधानों के माध्यम से त्वरित डिजिटल परिवर्तन और नवाचार को बढ़ावा देना है।

सोनोवाल ने यह भी बताया कि 'सागर हेतु प्लेटफॉर्म' की शुरुआत की गई है, जो भारतीय पत्तनों और नौवहन क्षेत्र में परिचालन क्षमता, उत्पादकता और व्यापार सुगमता को बढ़ावा देगा, साथ ही महापतन प्रशुल्कों के लिए मानकीकृत दरमान टेम्पलेट लागू किया गया है। शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने डॉ. सिकंदर कुमार के सवालों के जवाब में बताया कि सरकार दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं को सक्रिय रूप से पहचानती है और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए कई पहल की हैं।

**घोषणा** उपमुख्यमंत्री की पहल से मिली बड़ी राहत, वरिष्ठ चालकों को नया दर्जा

# एचआरटीसी चालक यूनियन का आंदोलन समाप्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**लंबित भुगतान और पेंशनरों के लिए 150 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत**

**अग्निहोत्री ने किया समस्याओं के शीघ्र समाधान का वादा**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के सक्रिय हस्तक्षेप के बाद, लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हिमाचल पथ परिवहन निगम चालक यूनियन ने आखिरकार अपना आंदोलन समाप्त करने की घोषणा कर दी है। मंगलवार देर शाम उपमुख्यमंत्री के आवास पर हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में दो घंटे तक चली विस्तृत चर्चा के बाद यूनियन की प्रमुख मांगों पर सहमति बनी, जिससे गतिरोध खत्म हो गया।

बैठक में यूनियन प्रतिनिधियों ने अपनी लंबित मांगों को विस्तार से प्रस्तुत किया और सरकार से त्वरित समाधान की अपील की। उपमुख्यमंत्री ने इस पर गंभीरता से विचार करते हुए तत्काल निर्णय लिए, जिससे आश्वस्त होकर यूनियन ने आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार एचआरटीसी के 205 वरिष्ठतम चालकों को बिना किसी वित्तीय लाभ के 'नामित वरिष्ठ चालक' का दर्जा प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। पिछले छह माह से लंबित चिकित्सा प्रतिपूर्ति की राशि को शीघ्र जारी करने का निर्णय लिया गया है। स्टाफ को दो यूनिफार्म सेट देने पर भी सहमति बनी है। दो लंबित रात्रिकालीन ओवरटाइम भत्तों (नाइट ओवरटाइम अलाउंस) में से एक को जुलाई माह के वेतन के साथ और दूसरे को अगस्त माह के वेतन के साथ जारी करने पर सहमति बनी।




उपमुख्यमंत्री के आवास पर एचआरटीसी यूनियन के सदस्य मुकेश अग्निहोत्री के साथ।

#### सरकार कर्मचारी और पेंशन के प्रति पूरी तरह संवेदनशील

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने जोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों के प्रति संवेदनशील है और उनके न्यायोचित हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी कर्मचारियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

#### पेंशनरों के लिए महत्वपूर्ण फैसला

**प्रदेश** सरकार ने पेंशनरों के हित में एक बड़ा निर्णय लेते हुए एचआरटीसी को 150 करोड़ रुपए का ऋण लेने की स्वीकृति दी है। यह ऋण राज्य सरकार की गारंटी पर सरकारी बैंक से लिया जाएगा, और इस पर लगने वाले ब्याज का भुगतान हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा। यह प्रस्ताव राज्य मंत्रिमंडल की स्वीकृति के बाद प्रभावी होगा।



## न्यूज ब्रीफ

### आपदा राहत कोष में दिए तीन लाख रुपए



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश में आई भीषण बाढ़ त्रासदी के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस संकट की घड़ी में माजरा क्रेशर यूनियन ने आपदा राहत कोष में तीन लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की। यूनियन के प्रधान सरबजीत कटोच ने यह चेक इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन को सौंपा। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह पठानिया, लवी नरूला, नीरज नरूला और रिंकू सलगोत्रा भी मौजूद रहे। विधायक मलेंद्र राजन ने इस सहयोग के लिए क्रेशर यूनियन का आभार जताया और कहा कि राज्य को इस त्रासदी से उबारने के लिए सभी वर्गों को आगे आना चाहिए। उन्होंने अपील की कि अन्य संस्थाएं और नागरिक भी राहत कार्यों में सहयोग करें, ताकि प्रभावितों को शीघ्र सहायता मिल सके।

### रैहन में दुकान से नकदी व सामान चोरी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना रैहन से करीब 100 मीटर की दूरी पर मंगलवार रात को चोरों ने एक दुकान पर सेंधमारी कर नकदी व सामान चुरा लिया। प्रभावित दुकानदार राजेश कुमार ने बताया कि बीती रात वह रोजमर्रा की तरह दुकान बंद कर घर चला गया था। बुधवार सुबह 7 बजे दुकान पर पहुंचा तो दुकान के आगे लगाया हुआ जंगला टूटा हुआ था। जब अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखे करीब दस हजार रुपए व सामान नहीं था। उन्होंने शासन व प्रशासन से उनकी आर्थिक मदद को अपील की हैं।

### पंडित संतराम कॉलेज में जागरूकता संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सौजन्य से निवेशक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आरआईएसए (रिजनल इन्वेस्टर सेमिनार्स फॉर अवेयरनेस) श्रृंखला के तहत आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता और सुरक्षित निवेश के विकल्पों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने की। उन्होंने वित्तीय साक्षरता को युवाओं के लिए अमूल्य संपत्ति बताया। मुख्य वक्ता बीएसई के क्षेत्रीय अधिकारी प्रिंस सिंह (शिमला) ने पूंजी बाजार, म्यूचुअल फंड, डिपॉजिटरी सिस्टम व निवेशक शिकायत निवारण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

### लाहडू में एक बूटा मां के नाम के तहत पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** वन मंडल नूरपुर के तहत वन परिक्षेत्र जवाली के लाहडू में 'एक बूटा मां के नाम' अभियान के तहत नन्हें बच्चों के साथ मिलकर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीएफओ नूरपुर अमित शर्मा ने विशेष रूप से भाग लिया और रुजान का पौधा रोपा। उन्होंने बताया कि लाहडू क्षेत्र में 10 हेक्टेयर भूमि पर रुजान, आंवल, बेहड़ा, हरड़, देसी आम और खैर जैसे करीब चार लाख पौधे रोपे जाएंगे। पूरे वन मंडल नूरपुर में इस वर्ष 210 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। राजीव गांधी वन संवर्द्धधन योजना के अंतर्गत 31 हेक्टेयर भूमि पर महिला मंडल, युवक मंडल और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पौधरोपण किया जाएगा। चयनित मंडलों को 50 फीसदी ग्रांट अग्रिम और शेष पौधारोपण के बाद दी जाएगी। 50 फीसदी से अधिक पौधों की सुरक्षा करने वालों को एक लाख रुपए इनाम भी दिया जाएगा।

### चपडूही गांव में जांचा 36 मरीजों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, गरली।** पीरसलूही पंचायत के गांव चपडूही में बुधवार को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व एमओ डॉ. विजय जरियाल ने किया। इस दौरान 36 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 25 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए। हड्डियों के रोग से 15, शुगर से 2 और बीपी से 5 मरीज पीड़ित पाए गए, जबकि 14 मरीजों को सामान्य रोग जैसे जुकाम, खांसी और बदन दर्द थे। टीम ने मरीजों को संतुलित आहार, नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया।

### नाबालिग ने दिया बच्ची को जन्म, चालक हिरासत में

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** पुलिस थाना लंबागांव के तहत एक नाबालिग युवती ने बच्ची को जन्म दिया है। पुलिस ने मां के बयान को आधार बनाकर एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। 15 वर्षीय नाबालिग युवती ने मंगलवार को टांडा मेडिकल कॉलेज में एक बच्ची को जन्म दिया। पेट दर्द की शिकायत पर उसे अस्पताल लाया गया था, जहां प्रसव होने पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और लड़की की मां के बयान के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी पेशे से चालक है और लड़की की मां का कथित 'धर्म भाई' बना हुआ था। डीएसपी अनिल शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# शाहपुर मंडल में 13 सड़कें बंद

## करोड़ों का नुकसान, करेरी में पत्थर की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** उपमंडल शाहपुर में सोमवार रात से लगातार हो रही भारी बारिश के चलते क्षेत्र में भूस्खलन होने से शाहपुर लोक निर्माण विभाग मंडल की 13 सड़कें बंद हो गई हैं।

प्रभावित सड़कों में भीतलु-कूट, घरोह-गढ़ मेटी, लांजणी-नरगोटा, चढ़ी-घेरा, घेरा-करेरी, भनाला-दारिनी, दारिनी-बोह, बोह-लाम, रिड़-कुमार-कुठारना, शाहपुर-लपियाणा, छतरी-पैड और रैत-नेरटी-बल्ला सड़क शामिल है। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अंकज सूद ने बताया कि घरोह-गढ़ मेटी, लांजणी-नरगोटा, चढ़ी-घेरा, छतरी-पैड और रैत-नेरटी-बल्ला सड़कें बहाल कर दी गई हैं। वहीं, लपियाणा सड़क को फिलहाल जीप योग्य बनाया गया है। बाकी बंद सड़कों को खोलने के लिए 10 जेसीबी मशीनें तैनात की गई हैं और दो दिनों में सभी मार्गों को चालू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार अब तक 1.93 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। एसडीएम शाहपुर करतार चंद ने जानकारी दी कि करेरी क्षेत्र के खड़ी बेही में भूस्खलन की चपेट में आने से 24 वर्षीय युवक गोविंद पुत्र उत्तम चंद की मौत हो गई। भारी पत्थर गिरने से युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं, दरिणी में बलदेव सिंह और खरीड़ी में पूर्ण चंद का स्लेटपोश कच्चा मकान गिर गया। अंसुई में प्यार चंद, चढ़ी में संजीव कुमार और डढम्ब में रघुवीर सिंह की पशुशालाएं भी ढह गई। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवारों को फौरी राहत पहुंचाई गई है।



सड़कों को खोलने के लिए 10 जेसीबी मशीनें की तैनात।

### धर्मशाला-मैक्लोडगंज मार्ग पर भूस्खलन होने से 1 घंटे तक बंद रही आवाजाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में लगातार बारिश के चलते धर्मशाला-मैक्लोडगंज मुख्य मार्ग पर पोस्ट ऑफिस (आर्मी एरिया) के समीप भूस्खलन हो गया, जिससे यह मार्ग सुबह करीब एक घंटे तक बंद रहा। भूस्खलन के कारण सड़क पर भारी मलबा जमा हो गया और वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। वाहन चालकों को खड़ाडंडा सहित वैकल्पिक मार्गों से होकर गुजरना पड़ा। जेसीबी मशीन की मदद से मलबा हटाकर सुबह पौने दस बजे मार्ग को अस्थायी रूप से बहाल किया गया, लेकिन सड़क पर गीली मिट्टी होने से आवाजाही में परेशानी बनी रही। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान ने बताया कि यह समस्या पिछले पांच वर्षों से बनी हुई है और कई बार प्रशासन के समक्ष उठाई जा चुकी है, लेकिन समाधान नहीं हुआ। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द उचित कदम नहीं उठाए गए, तो मैक्लोडगंज जिला मुख्यालय से कट सकता है।



### सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध : किशोरी

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान।** बैजनाथ। हिमाचल प्रदेश कृषि विभाग के सौजन्य से आतमा परियोजना बैजनाथ द्वारा ग्राम पंचायत कुंसल में बुधवार को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित शिरकत की। गोष्ठी में लगभग 100 किसानों ने भाग लिया। विधायक ने कहा कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के उत्पादों की खरीद के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य निर्धारित किया है, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित व लाभकारी मूल्य मिल सके। प्राकृतिक खेती का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना और कृषि भूमि की उर्वरता को बनाए रखना है। बैजनाथ में लंबे समय से बंद पड़ी चाय फैक्ट्री को पुनः क्रियाशील किया गया है, जिससे स्थानीय किसान अब प्राकृतिक तरीके से उत्पादित चाय का प्रसंस्करण कर सकेंगे।

## द्रोणाचार्य बीएड कॉलेज में दी साइबर सुरक्षा की जानकारी



योग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को योग का महत्व बताया व विभिन्न योगासन करवाए।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**द्रोणाचार्य** शिक्षा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन दो शिविर स्पेक्ट्रम का समापन हुआ। शिविर में करीब 75 बच्चों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग व सीनियर वर्ग में को स्पेक्ट्रम शाइनिंग स्टार अवॉर्ड चुना गया। पहले दिन योग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को योग का महत्व बताया व विभिन्न योगासन करवाए। सहायक प्रवक्ता निशांत ने लक्ष्य पर फोकस और स्मृति वृद्धि के लिए तकनीकों पर जानकारी साझा की।

सहायक प्रवक्ता पूनम मन्हास ने प्रभावी लेखन कौशल पर विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। शिविर के अंतिम दिन सहायक प्रवक्ता अभिषेक कुमार ने योग अभ्यास करवाय। सहायक प्रवक्ता शालिनी ने डिजिटल डिटॉक्स पर जानकारी प्रदान की। मेघना पठानिया ने भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। वहीं, मटका फोड़, म्यूजिकल चेयर, बैलून रेस, जुम्बा डांस, निबंध लेखन, पेंटिंग, टैलेंट हंट, फैंसी ड्रेस इत्यादि खेल व बौद्धिक गतिविधियां करवाई गईं। वहीं, सीनियर वर्ग में मुमुक्ष हाइलैंड पब्लिक स्कूल शाइनिंग स्पेक्ट्रम स्टार आवार्ड मिला। वहीं प्रज्ञा लदवाड़ा स्कूल जूनियर में विजेता रही। स्पेक्ट्रक डेजलवर अवॉर्ड में सीनियर वर्ग में दिव्या भट्टेश स्कूल और जूनियर वर्ग में नैना नेरटी, स्पेक्ट्रम फ्लैश अवॉर्ड सीनियर में रितिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत और जूनियर वर्ग में राधिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर, सीनियर में साधना राजकीय उच्च विद्यालय नेरटी और कशिश बसनूर को सांत्वना पुरस्कार मिला।

### देहरा में आरटीओ दफ्तर खोलने का किया स्वागत

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** देहरा में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) खोलने पर कांगड़ा जिला निजी बस ऑपरेटर यूनियन के प्रधान हैप्पी अवस्थी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और देहरा की स्थानीय विधायक कमलेश ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देहरा क्षेत्र के लोगों को अब परिवहन से जुड़े कार्यों के लिए धर्मशाला नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। जनता के देहरा में ही आसानी से कार्य हो जाएंगे। देहरा में आरटीओ कार्यालय खुलने से न सिर्फ स्थानीय जनता को सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। सरकार के इस फैसले से स्थानीय जनता को बहुत बड़ी राहत मिलेगी।



### पूर्व मुख्यमंत्री शांता ने आपदा पर पीएम को लिखा पत्र

## 20 हजार करोड़ रुपए की विशेष राहत देने का किया आग्रह

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शांता कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर हिमाचल प्रदेश में आई भीषण आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने और विशेष राहत सहायता के रूप में 20 हजार करोड़ रुपए प्रदान करने का आग्रह किया है। शांता ने पत्र में लिखा कि पीएम मोदी जिस हिमाचल को अपना दूसरा घर कहते हैं, वह प्रदेश आज इतिहास की सबसे भीषण त्रासदी से जूझ रहा है। कई लोगों की मौत हो चुकी है, हजारों घायल हैं। सैकड़ों सड़कें और जल योजनाएं पूरी तरह से तबाह हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस आपदा की खबरें पढ़कर रूह कांप जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रही है, केंद्र और जनता की मदद भी मिल रही है, लेकिन यह सहायता ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है। प्रदेश के जीवन को फिर से पटरी पर लाने के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। शांता कुमार कहा कि भारत सरकार के पास वर्षों से करीब 2 लाख करोड़ रुपए का लावारिस धन पड़ा है, जो बैंकों, डाकघरों, ईपीएफ खातों और बीमा कंपनियों में जमा है। इन राशियों पर अब तक किसी ने दावा नहीं किया, क्योंकि संबंधित जमाकर्ता की मृत्यु के बाद कोई वैध वारिस नहीं रहा। प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि सरकार एक नया कानून बनाए, जिसके तहत इस लावारिस धन का उपयोग राष्ट्रीय आपदाओं के दौरान किया जा सके। उन्होंने मांग की कि हिमाचल प्रदेश की मौजूदा आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए और इस कोष से कम से कम 20,000 करोड़ की राहत राशि हिमाचल को दी जाए। शांता ने इस पत्र की एक प्रति मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी भेजी है और उनसे आग्रह किया है कि वे भी प्रधानमंत्री से मिलकर इस राहत सहायता के लिए प्रयास करें।



# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job अनंत ज्ञान Opportunity

### इंटेलिजेंस ब्यूरो में निकली बंपर भर्ती



कुल पद
4987
आयु : 18 से 27 साल
✔10वीं पास उम्मीदवार भी कर सकते आवेदन
✔पद : सिक्योरिटी असिस्टेंट और एग्जीक्यूटिव
वेबसाइट
mha.gov.in
आवेदन की अंतिम तिथि
17 अगस्त

### बीएसएफ में कांस्टेबल ट्रेड्समैन की भर्ती



कुल पद
3588
आयु : 18 से 25 साल
एजुकेशनल : 10वीं पास : संबंधित ट्रेड में ITI या NCVT/SCVT सर्टिफिकेट
वेबसाइट : www.bsf.gov.in
आवेदन की अंतिम तिथि
25 अगस्त

### सीसीआरएएस में भरे जाएंगे पद



कुल पद
394
आयु : 18 से 40 साल
एजुकेशनः 10वीं, 12वीं ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री।
आवेदन की अंतिम तिथि
31 अगस्त
वेबसाइट
www.ccras.nic.in

### BHEL में नौकरी करने का मौका



कुल पद
515
आयुः आयु : 18 से 27 साल
क्वालिफिकेशन
लेवल 1 : मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास, आईटीआई की डिग्री।
लेवल 2: 12वीं पास या 10वीं के साथ आईटीआई की डिग्री
अंतिम तिथि
8 अगस्त
वेबसाइट
www.bsf.gov.in

रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## वर्तमान पर निर्भर...भविष्य की राह

**वर्तमान** क्षण में ही हमारे जीवन का अस्तित्व निहित रहता है। वर्तमान क्षण ही हमारे हाथ में और नियंत्रण में होता है। हम न तो भूतकाल को बदल सकते हैं और न ही भविष्य के बारे में पूर्णतया जान सकते हैं। वर्तमान समय ही हमारे भविष्य की नींव होता है, जो व्यक्ति वर्तमान समय और ऊर्जा का सदुपयोग करते हैं, वही आने वाले कल में सफलता की ऊंचाइयों को छूते हैं, इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि मनुष्य अपने वर्तमान को महत्व दें और उसे पूर्ण मनोयोग से जिएं।

आज का युवा कल का नागरिक, वैज्ञानिक, शिक्षक या नेता बन सकता है, लेकिन यह तभी संभव है जब वह अपनी शिक्षा, चरित्र निर्माण और समय प्रबंधन को गंभीरता से ले। अकसर युवा यही सोचते हैं कि भविष्य में सबकुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि 'भविष्य' दरअसल 'वर्तमान' के निर्णयों और कर्मों का ही परिणाम होता है, जो व्यक्ति वर्तमान में जीना सीख जाता है, उसका भविष्य स्वर्णिम होता है। ध्यान रहे, कल का निर्माण आज की सोच, भावना और कर्मों से ही होता है। यदि आज हम निराशा में जीते हैं, तो भविष्य में आशा की किरण कैसे उगेगी?

इसलिए आज का क्षण अमूल्य है। इसे व्यर्थ जाने देना अपने भविष्य से विश्वासघात करने जैसा है। कठिनाइयां आएंगी, बाधाएं मिलेंगी, लेकिन यदि हम आज अपने लक्ष्य की दिशा में एक छोटा कदम भी बढ़ाते हैं, तो भविष्य हमें जरूर सलाम करेगा। युवावस्था अनुशासन, अभ्यास और आत्मविकास का काल है। इस समय में जितना ज्ञान अर्जित किया जाएगा, उतनी ही मजबूत नींव भविष्य के निर्माण के लिए तैयार होगी। पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का विकास, अच्छे संगति का चयन और लक्ष्य की स्पष्टता, इन सबका आज में ध्यान रखना आवश्यक है। हर दिन को अवसर मानकर, छोटी-छोटी उपलब्धियों को संजोना चाहिए। चाहे वह एक नया शब्द सीखना हो, एक अध्याय पूरा करना हो या कोई रचनात्मक कार्य करना-हर प्रयास भविष्य की राह को उज्ज्वल बनाता है। समय की बर्बादी, आलस्य, और भ्रमित सोच आज की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं, जिनसे युवा पीढ़ी को बचना चाहिए। यदि हम रोज यह सोचें कि हमने आज क्या सीखा और कल क्या बेहतर कर सकते हैं, तो धीरे-धीरे हम स्वयं को उस दिशा में ढाल लेते हैं, जहां हम अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।

अंततः यही सत्य है कि वर्तमान की एकाग्रता, कर्मठता और सकारात्मकता ही भविष्य का उजाला है। इसलिए युवा साथियों अपने वर्तमान को महत्व दें, पूरे समर्पण और विश्वास के साथ कर्म करें-आपका भविष्य निश्चित ही सुनहरा होगा। अपने वर्तमान समय और क्षणों का हम जितनी एकाग्रता समर्पण और कर्तव्यपरायणता से सदुपयोग करते हैं, हमारा भविष्य उतना ही उज्ज्वल और सुनहरा बनता है। 'जैसा आज करोगे, वैसा कल बनेगा; वर्तमान संवरेगा तो भविष्य खुद निखरेगा।'



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
शिक्षा खंड गैहरा, जिला चंबा।

## हाई स्कूल छात्रों के लिए करियर योजना बनाते समय प्लान बी का महत्व



सौरभ गुप्ता
करियर काउंसलर

**हाई** स्कूल जीवन करियर योजना की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम होता है। इस समय छात्र अपने भविष्य को लेकर कई सपने देखते हैं, लेकिन केवल एक ही योजना (प्लान ए) पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है। ऐसे में 'प्लान बी' रखना न केवल समझदारी है, बल्कि यह करियर में स्थिरता और मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए भी जरूरी है।
करियर योजना बनाते समय कई बार ऐसा हो सकता है कि छात्र का चुना हुआ क्षेत्र (जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, खेल या आर्ट्स) किसी कारणवश साकार न हो पाए। कारण अनेक हो सकते हैं-प्रतियोगिता में असफलता, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, पारिवारिक आर्थिक स्थिति या रुचियों में बदलाव। ऐसी स्थिति में यदि छात्र के पास कोई वैकल्पिक योजना यानी प्लान बी न हो, तो वह मानसिक तनाव, निराशा और आत्मविश्वास की कमी का शिकार हो सकता है।
प्लान बी न केवल एक बैकअप विकल्प है, बल्कि यह लचीलापन और आत्मनिर्भरता को भी दर्शाता है। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई छात्र मेडिकल में जाना चाहता है, तो वह साथ में बायोटेक्नोलॉजी, फार्मेसी या हेल्थ मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों को भी विचार में रख सकता है। इससे यदि पहला विकल्प सफल न हो, तो वह आसानी से दूसरे मार्ग पर आगे बढ़ सकता है।

***अतः हाई स्कूल छात्रों को करियर योजना बनाते समय अपने रुचि, क्षमता और संभावनाओं के आधार पर मुख्य योजना के साथ-साथ एक मजबूत प्लान बी भी तैयार करना चाहिए। यह न केवल भविष्य को सुरक्षित बनाता है, बल्कि आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को भी बढ़ाता है।***

## शिक्षा का हिमालय
## जब पहाड़ों ने भरी उड़ान ज्ञान ने दिखाया एक नया आसमान

***कभी दूर-दराज के गांवों में किताबों की खामोशी से जूझता हिमाचल अब ज्ञान की नई रोशनी से जगमगा रहा है। यह सिर्फ रैंकिंग का उछाल नहीं है, बल्कि एक गहरी सांस्कृतिक और शैक्षिक क्रांति की गूंज है। जिस प्रदेश की पहचान शांत नदियों और ऊंचे-ऊंचे देवदार के पेड़ों से होती है, वहां अब शिक्षा के प्रवाह में एक नई ऊर्जा दिखाई दे रही है। साल 2021 में 21वें पायदान पर खड़ा यह प्रदेश आज अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी नीतियों के दम पर 5वें स्थान पर पहुंच गया है। यह बदलाव आकस्मिक नहीं, बल्कि उन छोटे-छोटे कदमों का परिणाम है, जो अब मिलकर एक विशाल छलांग बन चुके हैं।***



डॉ. मीनाक्षी शर्मा,
प्रोफेसर बहारा यूनिवर्सिटी
वाकनाघाट, शिमला

### 'परख-2025' में दिखी मेहनत की चमक

**परख-2025** की रिपोर्ट केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि उन शिक्षकों के अथक प्रयासों और छात्रों की लगन का सम्मान है। यह रिपोर्ट उन शिक्षकों की कहानी कहती है, जिन्होंने कम संसाधनों के बावजूद, शिक्षा को एक यज्ञ की तरह चलाया। जहां कभी छात्रों की कमी से स्कूल बंद होने की कगार पर थे, वहीं अब राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल जैसे प्रयास ज्ञान के नए मंदिर बन रहे हैं। टीचर्स और छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर दौरे, शिक्षकों का युक्तिकरण और भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी, ये सब सिर्फ प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि एक ऐसे पुल का निर्माण है, जो हिमाचल के छात्रों को वैश्विक मंच से जोड़ रहा है। यह रैंकिंग इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प के साथ किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का 'पहाड़ी' दर्शन

**हिमाचल** की यह उपलब्धि केवल एक रिपोर्ट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बन गई है। यह बताती है कि कैसे एक छोटा राज्य भी अपनी शैक्षिक प्रणाली में गुणात्मक सुधार लाकर एक मिसाल कायम कर सकता है। प्रदेश सरकार की सुसंगत और सुधार-संचालित नीतियां यह दर्शाती हैं कि शिक्षा को केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में देखना चाहिए। हिमाचल की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जब इरादे नेक हों और काम में पारदर्शिता हो, तो शिक्षा की गुणवत्ता अपने आप बेहतर होती जाती है। यह एक 'पहाड़ी' दर्शन है, जहां हर मुश्किल चढ़ाई के बाद एक खूबसूरत मंजिल इंतजार करती है।

### शिक्षा के शिखर पर हिमाचलः एक नए युग की आहट

**हिमाचल** प्रदेश ने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस)-2025 में 5वें स्थान पर पहुंचकर अपनी शैक्षिक यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ा है। यह उपलब्धि सिर्फ एक रैंक नहीं, बल्कि दशकों की मेहनत, दूरदर्शिता और सामूहिक प्रयासों का फल है। जिस प्रदेश की पहचान अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत परिवेश के लिए होती थी, उसने अब शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी एक नई पहचान बनाई है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ। इसकी नींव पिछले कुछ समय में उठाए गए प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर एवं उनकी टीम के रणनीतिक कदमों से रखी गई थी। कम छात्र नामांकन वाले स्कूलों का विलय करके संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया गया। शिक्षकों का युक्तिकरण और खाली पदों पर भर्ती की तेजी ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया। इसके साथ ही, राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों की स्थापना ने ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को भी आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच दी है। इस सफलता का सबसे बड़ा श्रेय उन शिक्षकों को जाता है, जिन्होंने सीमित संसाधनों में भी ज्ञान की अलख जगाए रखी। यह उपलब्धि एक मॉडल के रूप में उभरी है। यह बताती है कि एक राज्य कैसे शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर, और दूरदर्शी नीतियों को लागू करके, एक राष्ट्रीय उदाहरण पेश कर सकता है। यह सिर्फ हिमाचल की नहीं, बल्कि भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के भविष्य की कहानी है। यह एक ऐसा भविष्य है, जहां हर बच्चा, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से आता हो, ज्ञान के शिखर तक पहुंचने का सपना देख सकता है। बहरहाल हिमाचल की यह यात्रा सिखाती है कि सच्ची प्रगति तब होती है, जब हम अपनी जड़ों से जुड़े रहकर भी भविष्य की ओर देखते हैं।

**प्रस्तुतिः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**

### ज्ञान की बात

- महापाषाणों को खड़ा करने की प्रथा लगभग कितने वर्ष पहले शुरू की थी?
  –लगभग 3000 ईसा पूर्व
- सिंधु घाटी सभ्यता में कौन सा शहर अस्तित्व में था?
  –हड़प्पा
- रात में आकाश में चमकने वाले पिंडों को किस नाम से जाना जाता है?
  –खगोलीय पिंड
- कौन सी नदी राक्षसताल झील से निकलती है?
  –सतलुज
- कोलेरू झील किस राज्य में स्थित है?
  –आंध्र प्रदेश
- हाल ही में उत्तर प्रदेश के किस वन्यजीव पार्क में दुर्लभ भूरे रंग के वाइन सांप को देखा गया है?
  –दुधवा नेशनल पार्क

## न्यूज ब्रीफ

### बारिश से कच्चे मकान की दीवार क्षतिग्रस्त

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की सल्हूं पंचायत के वार्ड नंबर दो के स्थानीय निवासी गौरव कुमार पुत्र स्व. ईश्वर दास के कच्चे मकान की दीवार मंगलवार रात को भारी बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि रात को इनका पूरा परिवार मकान के दूसरे कमरे में सो रहा था, नहीं तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। वहीं, सल्हूं पंचायत के प्रतिनिधि व पटवारी ने मौके का जायजा लिया। घर के मालिक गौरव ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### थुरल कॉलेज में छात्रों ने चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय थुरल में बुधवार को एक दिवसीय स्वच्छता अभियान और भांग उखाड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में छात्रों ने सफाई अभियान चलाया, जिसके तहत प्लास्टिक कचरा, बोतलें, झाड़ियां हटाई गईं और फूलों की क्यारियों को संवारा गया। भांग के पौधों को भी जड़ से उखाड़ा गया। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कमल कुमार ने कहा कि नशा हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है और इसका दुष्प्रभाव हमारे भविष्य पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जो व्यक्ति और समाज दोनों को खोखला कर देता है।

### टीबी मरीजों के लिए 200 पोषण किट्स बांटे



**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** पूर्व मंत्री सत महाजन की 98वीं जयंती पर नूरपुर में सत महाजन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं सत महाजन के पुत्र अजय महाजन ने नूरपुर संयुक्त कार्यालय भवन परिसर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मरीजों के लिए लगभग 200 पोषण किट्स वितरित कीं। अजय महाजन ने कहा कि स्वर्गीय सत महाजन नूरपुर हलके के विकास के युग पुरुष थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए और समाज सेवा को सर्वोपरि रखा। इस मौके पर विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को टीबी उन्मूलन से जुड़ी जानकारी भी दी। कार्यक्रम के बाद अजय महाजन सिविल अस्पताल नूरपुर भी पहुंचे, जहां उन्होंने रोगियों को फल वितरित किए और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने सभी रोगियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।

### पशुपालन विभाग की टीम ने तैयार की रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमंडल शाहपुर के द्रोणेश्वर महादेव मंदिर के पास आसमानी बिजली गिरने से तीन भेड़ पालकों की 120 से अधिक भेड़-बकरियों की मौत मामले में को पशुपालन विभाग की टीम ने घटनास्थल का दौरा कर रिपोर्ट तैयार की। मृत पशुओं में उत्तम चंद की 10 भेड़ें व 35 बकरियां, बुद्धि सिंह की 25 बकरियां और नाथू राम की 50 बकरियां शामिल हैं। नाथू राम ने बताया कि देर रात बिजली गिरने के बाद सुबह इसकी सूचना अन्य डेरे के माध्यम से गांव में दी गई। विभाग की ओर से वेटरनरी फार्मासिस्ट हरबंस सिंह, सुरेंद्र कुमार, केवल राम और करण सिंह की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया। उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. सीमा गुलेरिया ने बताया कि टीम ने नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर ली है और नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। भेड़ पालकों ने राहत की मांग की है।

### धर्मशाला में 20 अगस्त से अग्निवीर भर्ती रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में 20 अगस्त से 31 अगस्त को भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। यह जानकारी एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने अधिकारियों के साथ अग्निवीर भर्ती के आयोजन बारे बैठक में दी। यह भर्ती साईं सिंथेटिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स धर्मशाला में आयोजित होगी। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

# जिला परिषद कांगड़ा की बैठक में उठे जनहित के मुद्दे

## चामुंडा मंदिर सराय, सोलर लाइट, स्कूल बंद करने व सड़क सुरक्षा पर जताई चिंता

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** जिला परिषद कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक बुधवार को धर्मशाला में जिला परिषद चेयरमैन रमेश बराड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पार्षदों ने श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम के आधुनिकीकरण के बावजूद सराय निर्माण न करने व खराब सोलर लाइटस की समय पर मरम्मत न होने पर रोष जताया। पार्षद रविंद्र कुमार ने कहा कि पहले मंदिर में सराय थी, जहां श्रद्धालु ठहर सकते थे, लेकिन आधुनिकीकरण करते समय सरायों को हटा दिया गया, जबकि उनके स्थान पर सरायों का निर्माण नहीं किया गया है, धार्मिक स्थल पर सराय होना जरूरी है।



जिला परिषद कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते चेयरमैन रमेश बराड़

प्रदेश में एचआरटीसी बसों में किराया वृद्धि सहित मणिमहेश यात्रा में लिए जा रहे शुल्क, ट्रेनी पॉलिसी का विरोध किया। जिला मुख्यालय में पांच मिनट के कार्य के लिए भी पार्किंग में गाड़ी पार्क करके फीस देने की समस्या से निजात की बात कही। जिला पार्षद रविंद्र कुमार ने कहा कि उन्होंने झियोल में खेल मैदान के लिए वर्ष 2022 में 15 लाख रुपए स्वीकृत किए थे, लेकिन आज तक मैदान नहीं बन पाया है। बैठक में बाघनी के पार्षद रविंद्र कुमार ने सवाल खड़ा किया। जिस पर उपाध्यक्ष स्नेह लता परमार ने हैरानी जाहिर की कि ब्लैक आउट के दौरान सोलर लाइटों को काले कपड़ों से ढका गया था, लेकिन आज दिन तक इन कपड़ों को ही न हटाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दौरान पार्षद रविंद्र ने जिला परिषद व पंचायत समिति के माध्यम से पंचायतों में सोलर लाइटें लगवाई जाती हैं, लेकिन आज दिन तक इन लाइटों का जिला परिषद के पास कोई रिकॉर्ड ही नहीं है। बहुत सी लाइटें खराब हो चुकी हैं। उनकी मरम्मत नहीं होती है। हर पंचायत में आज दिन तक कितनी सोलर लाइटें लगी हैं, उनका ऑडिट से रिकॉर्ड लिया जाए, क्योंकि इन पर करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं। इसका सभी पार्षदों ने भी समर्थन किया है। बैठक में जिला परिषद वाइस चेयरमैन स्नेलता परमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं एडीसी कांगड़ा विनय कुमार, जिला पंचायत अधिकारी विक्रम ठाकुर सहित जिला पार्षद व विभिन्न विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### खराब लाइट को करते हैं इग्नोर

जिला पार्षद रविंद्र ने कहा कि जिला पार्षदों की ओर से लगाई गई सोलर लाइट्स की जानकारी जिला पार्षदों के पास नहीं होती। खराब होने पर इन लाइट्स को इग्नोर कर दिया जाता है। इस पर वाइस चेयरमैन स्नेलता परमार ने कहा कि भारत-पाक के बीच तनाव के दौरान सोलर लाइट्स पर लगाए गए काले कपड़े भी अभी तक कई पंचायतों में नहीं हटाए गए हैं। वहीं, विभाग की ओर से कहा गया कि उनका प्रयास जीरो पेंडेंसी पर रहता है, जो लाइटस खराब हैं, उन्हें जल्द ठीक कर दिया जाएगा, मौसम की वजह से मरम्मत में दिक्कतें आ रही हैं।

### झुंगा देवी के पास होती हैं दुर्घटनाएं

**पार्षद** संजीव कुमार ने झुंगा देवी मंदिर के पास आए दिन होने वाली दुर्घटनाएं घटित होने की बात कहते हुए मंदिर के पास सड़क को चौड़ा करने का मुद्दा उठाया। इस पर विभाग की ओर से कहा गया कि इस संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं आया है। पार्षद ने कहा कि वर्ष 2022 से 2023 तक सड़क के विस्तार का कार्य हुआ है, झुंगा देवी मंदिर के पास सिर्फ डिवाइडर लगाकर व्यवस्था हो सकती है। पार्षद ने जयसिंहपुर से लुधियाना, हरिद्वार, ब्यास के लिए एचआरटीसी बस सेवा करने का मामला भी उठाया, जिस पर निगम की ओर से कहा गया कि बस रूट स्वीकृति के लिए लिखा गया है।

### स्कूलों को बंद करने की अधिसूचना का विरोध

पार्षदों ने शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल बंद करने की अधिसूचना का विरोध करते हुए इसे अनुचित बताया और सरकार को प्रस्ताव भेजने की मांग की। जॉब ट्रेनी भर्ती, एचआरटीसी के बढ़े किराए और मणिमहेश यात्रा पर लगे शुल्क का भी विरोध किया गया। सरकार से इन फैसलों पर पुनर्विचार की अपील की गई।

### मनूणी हादसे पर कार्रवाई की मांग

जिला परिषद बैठक में पार्षद रविंद्र ने डीसी कार्यालय में पांच मिनट के लिए भी पार्किंग शुल्क वसूली पर आपत्ति जताई। वहीं, सदस्य जोगिंद्र पंकू ने मनूणी खड्ड हादसे की जांच की मांग करते हुए कहा कि माइनिंग विभाग को गरीबों पर कार्रवाई की बजाय प्रोजेक्ट की जांच करनी चाहिए।

**जिला परिषद हॉल में टाइल वर्क की हो जांच :** जिला परिषद सदस्य जोगिंद्र पंकू ने नवनिर्मित हॉल में टाइलों, लकड़ी व सरिये की चोरी का मुद्दा उठाया और निष्पक्ष जांच की मांग की। पंचायतीराज विभाग ने जवाब दिया कि जांच हो चुकी है और संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। एडीसी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**बैठकों में नियमित रूप से आएं लोनिवि अधिकारी :** बैठक में पूर्व बैठकों में लोकनिर्माण विभाग अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए नोटिस जारी करने का प्रस्ताव रखा गया। एडीसी कांगड़ा विनय कुमार ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बैठक में नियमित रूप से उपस्थित रहें और संबंधित मुद्दों का समाधान समय पर सुनिश्चित करें।

**चामुंडा मंदिर वर्किंग प्लान पर उठाए सवाल :** बाघनी के पार्षद ने श्री चामुंडा नंदिकेश्वर मंदिर के नए वर्किंग प्लान पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह मंदिर कम और पार्क ज्यादा दिखता है। श्रद्धालुओं के ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं है। जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़ ने सराय निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया।

**सीएम की घोषणा का स्वागत:** पार्षद रविंद्र ने पौंग विस्थापितों को वन अधिकार कानून के तहत लाने की मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने अन्य बेदखली झेल रहे परिवारों के मामलों को भी सदन से प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री को भेजने की मांग की, जिससे 84 दावों की मान्यता की प्रक्रिया पूरी हो सके।

## ज्वाइंट एक्शन कमेटी का शिमला में हल्ला बोल 7 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बिजली** बोर्ड कर्मचारी यूनियन की ज्वॉइंट एक्शन कमेटी ने धर्मशाला में पत्रकार वार्ता आयोजित कर सरकार को 7 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया है। पेंशन फोरम एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अमरनाथ शेट्टी ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री जल्द कमेटी से वार्ता नहीं करते तो 7 अगस्त को राज्य स्तरीय आंदोलन शुरू किया जाएगा। कमेटी ने आरोप लगाया कि बिजली बोर्ड को बंद करने की साजिश रची जा रही है, पद समाप्त किए जा रहे हैं और टी-मेट पद पर 'बिजली मित्र' या 'ट्रेनी' रखने की बात की जा रही है।

पेंशनर्स की संख्या 30 हजार है, जबकि सेवा में कर्मचारी केवल 13 हजार रह गए हैं। पेंशन के रिवाइज्ड लाभ, चार प्रतिशत लंबित डीए और ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को जल्द बहाल करने की मांग जोर पकड़ रही है। कमेटी ने बताया कि प्रदेशभर में छह महापंचायतें आयोजित की जा चुकी हैं और सातवीं धर्मशाला में हुई है, लेकिन इसके बावजूद प्रदर्शन पर पाबंदी लगाने के नोटिफिकेशन जारी किए गए हैं। वरिष्ठ सदस्य प्रतीक कुमार धीमान ने कहा कि कर्मचारियों की आवाज उठाने पर प्रताड़ित किया जा रहा है। वहीं, राज्य उपाध्यक्ष पेंशनर्ज संघ पवन मोहन ने कहा कि सरकार बिजली बोर्ड के अधिकारियों द्वारा की जा रही अनियमितताओं और मनमानी पर कार्रवाई करे। ठेकेदारों को बड़े भुगतान देने, पद खत्म करने और कर्मचारी हितों की अनदेखी पर तुरंत जांच की मांग रखी गई है। कर्मचारी नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार संवाद नहीं करती, तो आंदोलनात्मक रुख अपनाना मजबूरी होगा।


बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन की ज्वॉइंट एक्शन कमेटी ने धर्मशाला में की पत्रकार वार्ता।

## लैंड पूलिंग नीति के खिलाफ किसान मोर्चा का ट्रैक्टर मार्च

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** संयुक्त किसान मोर्चा पंजाब की ओर से लैंड पूलिंग नीति के खिलाफ बुधवार को पठानकोट में सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ मार्च निकाला गया। इस मार्च का नेतृत्व विभिन्न किसान संगठनों के नेताओं बलदेव राज, बलवंत घौ, केवल सिंह कंग, जोगा सिंह मियानी, केवल कालिया, पुरुषोत्तम कुमार, राजिंदर सिंह बाजवा, अमरीक सिंह, इकबाल सिंह और मुख्तार सिंह ने किया। विरोध मार्च में लैंड पूलिंग से प्रभावित 11 गांवों के किसानों ने भाग लिया। मार्च बाथ साहिब से शुरू होकर सुजानपुर, डिफेंस रोड, मायरा, जंजेली, पंगोली चौक, मुमुन बाजार से होते हुए डीसी कार्यालय पहुंचा। सभा को जरनैल सिंह, बूटा सिंह, अतर सिंह और अन्य नेताओं ने संबोधित किया। उन्होंने दो टूक कहा कि किसान एक इंच भी जमीन नहीं देंगे और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार इस नीति को वापस नहीं लेती।

## विधायक ने 100 किसानों को बांटे फलदार पौधे

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर। विधायक आशीष बुटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और बागवानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पालमपुर विधानसभा क्षेत्र की नच्छीर (बंदला) पंचायत में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के तहत आयोजित एक दिवसीय प्राकृतिक खेती विषयक किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल की अधिकतर आबादी खेती-बाड़ी व पशुपालन पर निर्भर है। प्राकृतिक खेती से रासायनिक प्रभावों से बचाव के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि पालमपुर क्षेत्र में दो प्राकृतिक खेती क्लस्टर बनाए गए हैं, जहां 100 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती हो रही है। उन्होंने कुड्डन में जल्द काऊ सेंचुरी शुरू होने की भी जानकारी दी। आत्मा परियोजना निदेशक डॉ. नंदनी ने परियोजना की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। विधायक ने इस अवसर पर 100 किसानों को फलदार पौधे भी वितरित किए।

## धर्मशाला कॉलेज की 3 छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की तीन छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। साइकोलॉजी विषय की छात्रा दीपांशी चौधरी ने 8.98 जीपीए, इंग्लिश मेजर की रूपाली ने 8.91 जीपीए और पॉलिटिकल साइंस मेजर की मेघा ने 8.73 जीपीए अंक प्राप्त किए हैं। इन छात्राओं ने कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने तीनों छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता केवल इन छात्राओं की नहीं, बल्कि पूरे महाविद्यालय की है। उन्होंने कहा कि ऐसे परिणाम अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करते हैं कि निरंतर परिश्रम और समर्पण से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। महाविद्यालय परिवार ने इन छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पालमपुर में प्राकृतिक खेती की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना फेज-2 के अंतर्गत चयनित प्रेरकों के लिए 28 से 30 जुलाई तक चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें डीपीएमयू पालमपुर, देहरा और धर्मशाला की 18 उप-परियोजनाओं से आए 35 प्रेरकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में प्राकृतिक खेती, संस्थागत विकास, सिंचाई प्रबंधन और निगरानी की बारीकियों पर जानकारी दी गई। जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. योगेंद्र पॉल कौशल ने बताया कि यह प्रशिक्षण प्रेरकों की दक्षता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ये प्रेरक किसानों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## पेड़ गिरने से बिजली के खंभे गिरे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला व आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश से काफी नुकसान हुआ है। धर्मशाला और मैक्लोडगंज के आसपास कई बिजली के पेड़ गिरने से बिजली के खंभे टूट गए, जिससे कई स्थानों में बिजली गुल हो गई। पेड़ टूटने के कारण धर्मशाला-गुरुद्वारा मार्ग सहित कई लिंक मार्ग बंद रहे। बिजली के खंभे गिरने से शहर और गांवों में बिजली सप्लाई शुरू करने के लिए दिनभर बिजली कर्मचारी लगे रहे। बिजली बोर्ड धर्मशाला के एक्सईएन विकास ठाकुर ने बताया कि छह बिजली के खंभे टूटने से करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। बिजली लाइनें टूट गई हैं और काफी नुकसान हुआ है। अधिकतर क्षेत्रों में बंद हुई बिजली सप्लाई को बहाल कर दिया गया है। वहीं, कांगड़ा घाटी में कांगड़ा और चंबा जिले में 289 ट्रांसफार्मर बंद पड़ गए हैं। जिसके चलते बिजली बोर्ड को 5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। बोर्ड के अधिकारियों की मानें तो कई ट्रांसफार्मर ठीक करवा दिए हैं।

## जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ की राज्य कार्यकारिणी में अहम भूमिका : भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी का विस्तार राज्य स्तर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों के गहन मंथन और सामूहिक सहमति से संपन्न हुआ। इस प्रक्रिया में जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ को बड़ी जिम्मेदारी और निर्णायक भूमिका सौंपी गई है, जो संगठन के भीतर इस जिले की प्रभावशाली उपस्थिति और गतिशीलता को दर्शाता है। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कल्याण भंडारी ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी में राज्य संगठन सचिव के पद पर रिटायर्ड वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोहर धीमान, पुरषोत्तम धन्ना, संयुक्त सचिव सोमराज गर्ग, प्रेस सचिव नंद लाल, राज्य कार्यकारिणी सदस्य शेर सिंह व जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष कृष्ण स्वरूप शर्मा शामिल हैं। कल्याण भंडारी के अनुसार, कांगड़ा जिले की भूमिका सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक और नेतृत्वकारी होगी।

## पंचरुखी बाजार के दुकानदार खुद रखेंगे सफाई व्यवस्था का ध्यान



लदोह पंचायत की बैठक प्रधान अनिता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** ब्लॉक पंचरुखी की ग्राम पंचायत लदोह की बैठक पंचायत प्रधान अनिता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पंचरुखी बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर निर्णय लिए गए। पंचायत ने साफ किया कि जब तक स्थायी डंपिंग साइट उपलब्ध नहीं हो जाती, तब तक दुकानदार स्वयं अपनी दुकानों के आगे की सफाई के लिए जिम्मेदार होंगे। यह भी तय किया कि पंचायत अब दुकानदारों से किसी प्रकार का स्वच्छता शुल्क नहीं वसूलेगी, लेकिन यदि किसी दुकान के आगे कूड़ा पाया गया या कोई दुकानदार खुले में कूड़ा फेंकता पकड़ा गया, तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। अनिता ने बताया कि पंचरुखी बाजार कमेटी भंग होने के कारण सफाई व्यवस्था चरमरा गई थी। यह क्षेत्र लदोह पंचायत के अधीन आता है, इसलिए एसडीएम पालमपुर के आदेश से पंचायत को सफाई का जिम्मा सौंपा गया है। पंचायत में फिलहाल स्थायी डंपिंग साइट नहीं है, इसलिए शमशानघाट के पास अस्थायी डंपिंग साइट बनाई गई थी, जहां से कूड़े की छंटाई कर प्लास्टिक को निष्पादन केंद्र भेजा जाता है, लेकिन कुछ स्थानीय दुकानदार इसका विरोध कर रहे हैं और उन्होंने अस्थायी डंपिंग साइट पर ताला भी लगा दिया है।

**दुकान के आगे कूड़ा पाया गया तो होगा जुर्माना**

प्रधान ने कहा कि बाजार में शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए सोलर कैमरे लगाए जाएंगे। पंचायत प्रशासन, एसडीएम पालमपुर और वीडियो पंचरुखी को इस संबंध में अवगत करा दिया है। प्रशासन से स्थायी डंपिंग साइट मिलते ही सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से दोबारा शुरू किया जाएगा। बैठक में कई पंचायत सदस्य और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## मानसिक दबाव, चुनौतियों से निपटने के बताए उपाय



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** राजपुर स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक एवं आत्मिक विकास के लिए एक विशेष आध्यात्मिक सत्र का आयोजन किया गया। यह आयोजन आध्यात्मिक विश्व विद्यालय (एआईवीवी) के सौजन्य से संपन्न हुआ, जिसमें अधिवक्ता अमोल वसंत कोकने ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। वह पिछले बीस साल से आध्यात्मिक शिक्षा से जुड़े हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा और मानसिक दबावों से जूझते वर्तमान जीवन की चुनौतियों से निपटने के उपाय बताए। उन्होंने आत्म-ज्ञान, आत्म-संयम और आत्म-शक्ति की आवश्यकता पर जोर देते हुए 'सहज राजयोग' के माध्यम से आत्मा और परमात्मा के संबंध को सरल तरीके से समझाया। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच और संतुलित जीवन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने आध्यात्मिक विश्व विद्यालय का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे सत्र युवाओं को मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को जारी रखने का आश्वासन दिया।

## चरस के साथ गिरफ्तार आरोपियों का साथी काबू

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रतन के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। 19 जून को कंडवाल बैरियर पर नाकाबंदी के दौरान नारकोटिक्स सेल ने एक कार (डी एल10-सी डी-9222) से तीन आरोपियों हर्ष डोगरा, अक्षित संचल और दुष्यंत के कब्जे से 538 ग्राम चरस बरामद की थी। इन तीनों के खिलाफ थाना इंदौरा में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। वहीं, पुलिस ने उनके दो और साथियों को भी गिरफ्तार किया। जांच के दौरान नारकोटिक्स सेल ने एक अन्य आरोपी नागेश कुमार को 22 जून को कुल्लू से गिरफ्तार किया और उसके पास से 840 ग्राम चरस बरामद की गई। उधर, छोटे खां नामक आरोपी को 29 जुलाई को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले से गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार कुल पांच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं और अब तक 1.378 किलो चरस जब्त की जा चुकी है। एसपी अशोक रतन ने कहा कि जिला पुलिस नशा माफिया के विरुद्ध लगातार पेशेवर कार्रवाई कर रही है और यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

## टांडा में 108 एंबुलेंस सेवा पूरी तरह दुरुस्त

**अनंत ज्ञान, टांडा।** टांडा मेडिकल कॉलेज से संबंधित एक समाचार प्रकाशित हुआ था, जिसमें यह दर्शाया गया था कि 108 एंबुलेंस सेवा में एक मरीज की उल्टियां तीमारदार से साफ करवाई गईं। जांच पड़ताल करने पर पता चला है कि यह वीडियो पुराना था। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि वर्तमान में ऐसी कोई घटना टांडा मेडिकल कॉलेज में नहीं घटी है। 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से प्रदेशभर से मरीज और तीमारदार सुरक्षित ढंग से मेडिकल कॉलेज पहुंच रहे हैं। न मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत हो रही है और न ही उनके साथ आए तीमारदारों को। एंबुलेंस के ड्राइवर और सहायक बेहतर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और मानवता की भावना से कार्य कर रहे हैं।




प्रकाशित खबर का उद्देश्य किसी की छवि को ठेस पहुंचाना नहीं था, बल्कि यह घटना सोशल मीडिया पर चल रहे एक पुराने वीडियो के आधार पर हुई। यदि इसके चलते किसी भी व्यक्ति, संस्था या सेवा प्रदाता की छवि को ठेस पहुंची है, तो अनंत ज्ञान इसके लिए खेद प्रकट करता है और औपचारिक रूप से इस समाचार का खंडन करता है। भविष्य में हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी सोशल मीडिया वीडियो या सामग्री के आधार पर खबर प्रकाशित करने से पूर्व उसकी सत्यता की पूरी जांच की जाएगी।

**सचेत** प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किसानों के लिए जारी की सलाह

# धान की फसल पर काली धारीदार बौने विषाणु का प्रकोप

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**चौधरी** सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के वैज्ञानिकों ने धान की फसल में तेजी से फैल रहे काली धारीदार बौना विषाणु के खतरे को देखते हुए राज्य के किसानों को सचेत किया है। यह वायरस विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के निचले और मध्य-पहाड़ी क्षेत्रों में गंभीर खतरे के रूप में उभरा है। कई प्रमुख धान उत्पादक क्षेत्रों से इसके प्रकोप की जानकारी प्राप्त हुई है।

विशेष रूप से सिरमौर जिले की पांवटा घाटी और कांगड़ा जिले के जोगीपुर, रिहालपुर, राजोल, केटलू, पोहरा, थर्डी, रैत, जवाली और बरमाड़ जैसे क्षेत्रों में इस वायरस का असर देखा गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह वायरस धान के पौधों की वृद्धि को रोकता है और समय रहते नियंत्रण न होने की स्थिति में भारी पैदावार हानि हो सकती है। यह रोग पौधों की वृद्धि को रोकता है और यदि इसका उचित प्रबंधन नहीं किया गया, तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है। यह विषाणु व्हाइटबैक्ड प्लांटहॉपर नामक कीट के माध्यम से फैलता है। यह कीट पारदर्शी अग्रपंख, गहरे रंग की शिराएं और पंखों के जोड़ पर एक विशिष्ट सफेद पट्टी के कारण आसानी से पहचाना जा सकता है।


धान की फसल में धारीदार बौना विषाणु पहुंचा रहा भारी नुकसान।

संक्रमित पौधे सामान्य आकार से एक-तिहाई या आधे रह जाते हैं, उनकी पत्तियां सीधी और संकरी हो जाती हैं तथा जड़ों की वृद्धि अवरुद्ध हो जाती है। कई बार पौधे समय से पहले सूख कर मर जाते हैं, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट आती है। कृषि विश्वविद्यालय ने किसानों से आग्रह किया है कि वे समय पर निगरानी और उपचारात्मक उपाय अपनाकर अपनी फसल को नुकसान से बचाएं। साथ ही तकनीकी सहायता के लिए कीट विज्ञान विभाग, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से संपर्क करने की भी सलाह दी गई है। जागरूकता और समय रहते कार्रवाई से इस वायरस के फैलाव को नियंत्रित किया जा सकता है।

### कृषि वैज्ञानिकों की किसानों को सलाह

किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपने खेतों की नियमित रूप से निगरानी करें। धान के पौधों को धीरे से झुकाकर थपथपाएं; यदि पानी की सतह पर कीट या उनके शिशु तैरते दिखाई दें, तो तुरंत कीटनाशक का छिड़काव करें। कृषि विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग के अनुसार, निम्नलिखित कीटनाशकों का प्रयोग करें। इसमें इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल - 0.5 मिली/लीटर पानी, फिप्रोनिल 5 एससी - 2 मिली/लीटर, डाइनोटेफ्यूरान 20 एसजी - 0.4 ग्राम/लीटर, फ्लोनिकैमिड 50 डब्ल्यूजी - 0.3 ग्राम/लीटर शामिल हैं। छिड़काव करते समय उपयुक्त नोजल जैसे फ्लैट-फैन या खोखले-शंकु का प्रयोग करें ताकि दवा पौधों के आधार तक अच्छे से पहुंचे। आवश्यकता पड़ने पर 15 दिनों के अंतराल पर दोबारा छिड़काव किया जा सकता है।

## प्राथमिक शिक्षा ढांचे में बदलाव का विरोध शिक्षक महापंचायत कर बनाएंगे रणनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कांगड़ा इकाई की वर्चुअल बैठक, अनिल भाटिया जिला अध्यक्ष कांगड़ा की अध्यक्षता में हुई। इसमें जिला कांगड़ा के समस्त 23 खंडों से अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षक वर्ग की विभिन्न समस्यायों के निराकरण के लिए सात जून 2025 को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में लिए गए निर्णयों तथा बैठक में बनी सहमति पर आगे बढ़ने के बजाए राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मांगों के विपरीत निर्णय लेने पर गहरा रोष प्रकट किया गया।

**पदोन्नति, प्रशासनिक शक्तियां के साथ छेड़छाड़ नहीं होगी बर्दाश्त:** बैठक में निर्णय लिया कि मुख्य शिक्षक, केंद्र मुख्य शिक्षक तथा खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी की पदोन्नति, प्रशासनिक शक्तियां तथा वित्तीय नियंत्रण आदि के साथ छेड़छाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त निलंबित किए गए शिक्षकों की बहाली करने की बात भी स्वीकारी गई थी, परंतु लगभग दो महीने का समय होने को है और इस विषय में भी वादा होने के बावजूद बहाली नहीं की जा रही है। अंडर 12 खेल प्रतियोगिताओं की बहाली का भी फैसला हुआ था, परंतु काफी लंबा समय बीत जाने उपरांत इन सभी मांगों को अमलीजामा नहीं पहनाया जा रहा है। इसके चलते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों में रोष है। वहीं, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा बहुत शीघ्र प्रदेश के समस्त प्राथमिक शिक्षक वर्ग की महापंचायत बुलाई जाएगी, जिसमें आगामी संघर्ष की रणनीति बनाई जाएगी तथा प्राथमिक शिक्षक हित तथा प्राथमिक शिक्षा हित के लिए किसी भी स्तर तक जाने से परहेज नहीं किया जाएगा।

**वर्चुअल बैठक में प्राथमिक शिक्षकों में दिखा रोष**

## न्यूज ब्रीफ

### ढांक से गिरकर नेपाली मूल के व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** नेरवा थाना क्षेत्र में एक नेपाली मूल के व्यक्ति की ढांक से गिरने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बटेरा के पास सड़क किनारे ढलान से गिरने के बाद व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे नेरवा अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान हरी बहादुर (28 वर्ष) के रूप में हुई है, जो नेपाल का मूल निवासी था और नेरवा व आसपास क्षेत्र में मजदूरी का काम करता था। पुलिस ने परिजनों की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी परिजन सामने नहीं आया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के लिए शिमला भेजा है।

### ठियोग उत्सव 2025 में होगा भव्य शतरंज टूर्नामेंट, विजेता को मिलेंगे 2.21 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ठियोग उत्सव 2025 के अंतर्गत इस वर्ष भी जिला शिमला शतरंज संघ द्वारा 14 से 16 अगस्त तक एक प्रतिष्ठित शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि 2,21,000 रुपए है, जो खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा आकर्षण है। सामान्य प्रवेश शुल्क 1500 रुपए जबकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए 1200 रुपए और शिमला के स्थानीय प्रतिभागियों के लिए 1000 रुपए निर्धारित किया गया है। ठियोग उत्सव, जिसे 'रिहाली' या 'जलसा' भी कहा जाता है, 1947 से आयोजित होता आ रहा है और यह प्रतियोगिता उत्सव का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है।

### प्रशिक्षु अधिकारियों ने की उपायुक्त से भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय लेखा परीक्षा एवं लेखा अकादमी, शिमला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 2024 बैच के 19 प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिमला के उपायुक्त से शिष्टाचार भेंट की। इस दल में भूटान के दो अधिकारी भी शामिल थे। भेंट के दौरान उपायुक्त ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली, योजनाओं और चुनौतियों की जानकारी दी। राजस्व, पंजीकरण प्रणाली, ऑडिट और डिजिटलीकरण जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। पारदर्शिता और जनहित को सर्वोपरि रखने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षुओं ने बांटनी कैसल में चल रहे 'पहाड़ी आंगन' की सराहना की और एसएचजी महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रशंसा की। उपायुक्त ने ऐसे उत्पाद अकादमी में भी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### चिड़गांव में मीट व चिकन की दुकानों का निरीक्षण, 20 हजार का काटा चालान

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** उपमंडलाधिकारी धर्मेश रमोत्रा के निर्देशानुसार बुधवार को माप तोल निरीक्षक पूजा मच्छान द्वारा चिड़गांव की मीट व चिकन दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक तराजू व बाट मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। कुछ दुकानों में एक्सपायरी खाद्य सामग्री भी पाई गई, जो उपभोक्ता स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। नियमों का उल्लंघन करने पर सात दुकानदारों पर कुल 20 हजार रुपये के चालान किए गए। निरीक्षक ने व्यापारियों को सत्यापित उपकरण व गुणवत्ता युक्त सामग्री प्रयोग करने के निर्देश दिए। मापतोल विभाग ने आगे भी ऐसे निरीक्षण अभियान जारी रखने की बात कही है।



# नशे पर वार की रणनीति तैयार, प्रदेश के हर जिले में खुलेगा नशा मुक्ति केंद्र

## सीएम सुक्खू की 'जीरो टॉलरेंस' नीति, पुलिस भर्ती में 'चिट्टा' टेस्ट अनिवार्य

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** प्रदेश अब मादक पदार्थों के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ रहा है। इनमें पुलिस भर्ती में 'चिट्टा' (सिंथेटिक ड्रग) का डोप टेस्ट अनिवार्य करना और सभी जिला मुख्यालयों पर नशामुक्ति केंद्र स्थापित करना प्रमुख है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में 'शून्य सहिष्णुता' की नीति अपनाई जा रही है।

पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और स्वास्थ्य विभागों ने नशे की मौजूदा स्थिति और उससे निपटने की रणनीति पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने नशे के नेटवर्क को जड़ से उखाड़ने के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय और एकजुट कार्रवाई पर विशेष जोर दिया। एक बड़े फैसले के तहत, अब पुलिस भर्ती में शामिल होने वाले हर उम्मीदवार को 'चिट्टा' का डोप टेस्ट पास करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, राज्य सरकार के सभी नए कर्मियों को शपथ पत्र देना होगा कि वे 'चिट्टा' का सेवन नहीं करते। मुख्यमंत्री ने सख्त चेतावनी दी है कि नशे से जुड़े मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

हालिया मंत्रिमंडल बैठक में बताया गया कि हिमाचल में ड्रग्स के दुरुपयोग की स्थिति नियंत्रण में है। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों की संख्या कुल मामलों का केवल नौ प्रतिशत है, जो पड़ोसी राज्य पंजाब के 20 प्रतिशत की तुलना में काफी कम है। मौजूदा सरकार के कार्यकाल में अब तक 45 मामले दर्ज किए गए हैं और नशे से जुड़े लोगों की 42.22 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। यह आंकड़ा पिछले वर्षों की तुलना में दोगुने से भी अधिक है, जो सरकार की कड़े रुख को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट के तहत 44 लोगों को भी हिरासत में लिया गया है।

### पुनर्वास पर विशेष ध्यान देगी सरकार

**नशे** से प्रभावित लोगों के पुनर्वास पर भी सरकार का विशेष ध्यान है। स्वास्थ्य विभाग को प्रशिक्षण, जागरूकता, इलाज, परामर्श और पुनर्वास गतिविधियों को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में कुल्लू, हमीरपुर, नूरपुर और ऊना में पुनर्वास केंद्र संचालित हो रहे हैं। अब एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, सभी जिला मुख्यालयों में ऐसे केंद्र स्थापित करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की राज्य कार्य योजना के अंतर्गत 14.95 करोड़ रुपए की परियोजना को मंजूरी दी गई है।



### जनभागीदारी से मिलेगा नशा मुक्ति का रास्ता

**सीएम** सुक्खू ने इस लड़ाई को केवल सरकारी तंत्र तक सीमित न रखते हुए, इसमें व्यापक जनभागीदारी का आह्वान किया है। उन्होंने महिला मंडलों, युवक मंडलों, पंचायती राज संस्थाओं, नागरिक समाज संगठनों और शिक्षा विभाग को भी नशे के खिलाफ जन जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से शामिल करने के निर्देश दिए।

## डीसी ने पटवारियों और ग्राम विकास अधिकारियों से ली सीधे फीडबैक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**उपायुक्त** ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रामपुर उपमंडल के सरपारा पंचायत के समेज क्षेत्र में पिछले साल की आपदा से प्रभावित लोगों के लिए चल रहे पुनर्वास कार्यों की गहन समीक्षा की। इस बैठक की खास बात यह रही कि उपायुक्त ने पहली बार सीधे पटवारी और ग्राम विकास अधिकारियों से फीडबैक ली, जो राहत कार्यों की जमीनी हकीकत समझने में महत्वपूर्ण साबित हुई।

उपायुक्त ने संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, खंड विकास अधिकारी, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक का मुख्य फोकस विशेष राहत पैकेज 2024 के तहत प्रभावितों को दी गई सहायता के कार्यों में तेजी लाना था। सभी प्रभावितों के पुनर्वास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। समेज आपदा के दौरान मृतकों के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की वर्तमान स्थिति पर भी रिपोर्ट ली गई। उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विशेष राहत पैकेज के तहत जारी वित्तीय सहायता में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि फील्ड स्टाफ और अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद प्रभावितों को निर्धारित सहायता तुरंत मुहैया कराई जाए। कश्यप ने चेतावनी दी कि पुनर्वास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी होने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### आज फिर होगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**उन्होंने** फील्ड स्टाफ को उचित और सही रिपोर्टिंग के साथ ही आला अधिकारियों को कार्यों के बारे में सूचित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने यह भी जानकारी दी कि 31 जुलाई को तकलेच क्षेत्र के पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की जाएगी।



## युवा कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों पर की चर्चा, सदस्यता बढ़ाने पर दिया जोर



रामपुर ब्लॉक युवा कांग्रेस की बैठक में स्थापना दिवस पर पौधरोपण का निर्णय लिया।

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर ब्लॉक युवा कांग्रेस की मासिक बैठक बुधवार को दरबार परिसर में आयोजित हुई। अध्यक्ष राहुल सोनी की अध्यक्षता में बैठक में स्थानीय समस्याओं और युवा कांग्रेस कार्यकारिणी के विस्तार पर चर्चा हुई।

9 अगस्त को युवा कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर रामपुर क्षेत्र में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव अंकुर शर्मा ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए सदस्यता बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में अश्वनी शर्मा, शहरी यूथ कांग्रेस अध्यक्ष भार्गव, एनएसयूआई अध्यक्ष साहिल मेहता, इंटक के हिमांशु, रोहित मेहता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पांवटा साहिब-कालाअंब रेल लाइन से दवा क्षेत्र को मिलेगा लाभः सुरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुरेश कश्यप ने लोकसभा में अपने संसदीय क्षेत्र के महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र, पांवटा साहिब-कालाअंब को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 2003 में दिए गए औद्योगिक पैकेज के बाद विकसित हुआ और आज फार्मास्यूटिकल यानी दवा उत्पादन में एशिया में नंबर वन स्थान रखता है। हालांकि, रेल कनेक्टिविटी के अभाव में यहां की औद्योगिक इकाइयों को कच्चे माल की आपूर्ति और तैयार उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कश्यप ने पीएम मोदी व रेल मंत्री का धन्यवाद किया कि 2022 में इस रेल लाइन का प्रारंभिक सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है और विस्तृत रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंप दी गई है। उन्होंने रेल मंत्री से शीघ्र अति शीघ्र इस क्षेत्र को रेलवे लाइन से जोड़ने का आग्रह किया।

## शिमला में पशुपालकों को 16 से उपमंडल स्तर पर मिलेगा पिज्जा चीज निर्माण का फ्री प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिमला** के उपायुक्त ने घोषणा की है कि जिलेभर के पशुपालकों को पिज्जा में इस्तेमाल होने वाले चीज के निर्माण के लिए विशेष और निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह महत्वपूर्ण पहल 16 अगस्त, से सभी उपमंडल स्तरों पर एक कार्यशाला के माध्यम से शुरू होगी, जिसमें विशेषज्ञ इच्छुक पशुपालकों को चीज उत्पादन पर मार्गदर्शन देंगे। यह निर्णय आज बचत भवन में 'पशुपालन विभाग में अत्याधुनिकरण से गुणवत्तापूर्ण उत्पादन' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में लिया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से न केवल चीज उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस बीच अतिरिक्त उपायुक्त ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालकों के अहम योगदान को रेखांकित किया और कृषि व पशुपालन को एक-दूसरे का पूरक बताया। उन्होंने पशुपालकों से अपने पशुओं की देखभाल में कोई कोताही न बरतने और पशुपालन विभाग के फील्ड स्टाफ को भी पशुओं के उपचार को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।



उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

### पशुपालक अपने पशुओं की नियमित निगरानी रखें

**उपायुक्त** ने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों पर तुरंत फीडबैक देने का आग्रह किया ताकि सुधार किया जा सके और पशुपालकों को अपने पशुओं की नियमित निगरानी रखने की सलाह दी गई ताकि रोगों की चपेट में आने की संभावना कम हो।

### दधोल स्कूल में खिलाड़ियों का स्वागत

**बलवंत कमल, अनंत ज्ञान, दधोल।** दधोल स्कूल के खिलाड़ियों ने कोर्फबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 24 से 27 जुलाई तक आयोजित 30वीं जूनियर और 21वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय कोर्फबाल प्रतियोगिता में रजत और कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल लौटने पर खिलाड़ियों और उनके कोच बालकृष्ण शर्मा का हार और टोपी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज, बच्चों के अभिभावक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर और सम्मानित कर उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस मौके पर शारीरिक प्राध्यापक अश्वनी शर्मा, राम चंद पटियाल, पवन पटियाल, नरोतम धीमान, राकेश शर्मा, सुरेंद्र ठाकुर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### अडानी फाउंडेशन ने भेंट किया वाटर कूलर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला रामबाग और प्राथमिक पाठशाला लगट में पढ़ने वाले बच्चों को अब गर्मी में ठंडे और स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल रही है। यह सुविधा एसीसी गागल सीमेंट अडानी फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सेवा के तहत प्रदान की गई। फाउंडेशन ने स्कूलों को वाटर कूलर, पानी की टंकियां और अन्य उपकरण भेंट किए। विद्यालय के केंद्रीय मुख्याध्यापक यशवंत ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति और ग्रामवासियों ने इस प्रयास के लिए फाउंडेशन का आभार जताया। नई सुविधा से पानी की कमी की समस्या अब दूर हो गई है।

### 'आप' ने आपदा प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी बिलासपुर के जिला अध्यक्ष केशव नरयाल के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने पंचायत पखराएर (खंड सदर) के आपदा प्रभावित गांवों का दौरा किया। प्रभारी मोनिका की अध्यक्षता में हुए इस दौरे में पार्टी नेताओं ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें आवश्यक राहत सामग्री वितरित की। इस अवसर पर पार्टी प्रवक्ता अश्विनी शर्मा (सरकाघाट), कार्यकर्ता तुलसीराम ठाकुर, रमेश चंदेल, निका राम चंदेल, बीरबल चंदेल आदि मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावितों में खाद्य सामग्री, कंबल, छाते, जूते, बर्तन, चादरें, गद्दे और अन्य दैनिक जरूरत का सामान वितरित किया।

### हरनोडा में मानव तस्करी पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत हरनोडा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राधिकरण के सचिव प्रतीक गुप्ता ने की। उन्होंने मानव तस्करी, घरेलू हिंसा और जमीनी विवाद जैसे संवेदनशील विषयों पर जानकारी दी तथा ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सहायता के प्रावधानों से अवगत कराया। वरिष्ठ अधिवक्ता पवन चंदेल ने मानव तस्करी के सामाजिक, मानसिक और कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला। वहीं, क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर की स्वास्थ्य विशेषज्ञ मोनिका कुमारी और पृथ्वीपाल सिंह ने युवाओं को स्वास्थ्य जागरूकता और सतर्क रहने के टिप्स दिए।

### श्रीराम कथा के समापन पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा का बुधवार को हवन यज्ञ के साथ विधिवत समापन हुआ। कथावाचक पंडित पुनीत शर्मा ने रावण, प्रभु राम, भरत और अयोध्या प्रसंगों की कथा प्रसंगों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि रामायण जीवन जीने की प्रेरणा देती है। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजकों अमरनाथ शर्मा और सुनीता गर्ग ने कथावाचक और उनकी टीम का आभार जताया। मंदिर प्रांगण में उत्सव जैसा माहौल रहा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर गया। पंडित पुनीत शर्मा ने कहा कि गृहस्थ की मर्यादाओं से ओतप्रोत रामायण का हर प्रसंग प्रेरणादायक है, इसलिए इसे अपने जीवन में अवश्य ढालें।

### बृज अकादमी की दो खिलाड़ी लेह में दिखाएंगी दमखम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** 9वां पेंचक सिलाट फेडरेशन कप प्रतियोगिता का आयोजन इंडोर स्टेडियम एनडीएस ग्राउंड लेह-लद्दाख में 2 से 4 अगस्त तक किया जा रहा है। इस फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए जिला बिलासपुर पेंचक सिलाट संघ की 2 महिला खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 31 अगस्त को बिलासपुर से रवाना होंगी। ये दोनों खिलाड़ी बृज मार्शल आर्ट अकादमी बिलासपुर में अभ्यास करती हैं। पेंचक सिलाट एसोसिएशन बिलासपुर के महासचिव बृज लाल चौहान ने प्रेस बयान में बताया कि प्रदेश की टीम में जिला बिलासपुर पेंचक सिलाट संघ की 2 लड़कियां खिलाड़ी जूनियर वर्ग में भाग ले रही हैं और लेह-लद्दाख में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगी। बिलासपुर जिला से बृज मार्शल आर्ट अकादमी की शेरन सेन टैंडिंग इवेंट 47 किलोग्राम भार वर्ग और साक्षी ठाकुर 57 किलो ग्राम भार वर्ग में भाग ले रही है। कोच बृज लाल चौहान टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## एनटीपीसी कोलडैम ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रतिबद्धः सुभाष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**एनटीपीसी** कोलडैम परियोजना के तहत परियोजना प्रभावित पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ हितधारक संवाद बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर ने की। बिलासपुर, मंडी, सोलन और शिमला जिलों की 14 पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान एवं अन्य प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया। मानव संसाधन प्रमुख उमेश कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों से युवाओं, महिलाओं व बच्चों के सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं पर सुझाव देने का अनुरोध किया और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागिता बढ़ाने की अपील की। बैठक में सीएसआर के तहत पूर्व वर्ष में संपन्न गतिविधियों व आगामी योजनाओं पर प्रेजेंटेशन दिया गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने अब तक किए गए कार्यों की सराहना की और उपयोगी सुझाव भी साझा किए।

कोलडैम द्वारा संचालित सीएसआर गतिविधियों पर आधारित पुस्तिका 'सामाजिक सरोकार' का विमोचन भी किया गया। परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर ने पंचायतों के सहयोग के लिए आभार जताया और भरोसा दिलाया कि एनटीपीसी कोलडैम ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।



बैठक की अध्यक्षता करते परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर। इस दौरान उपस्थित अधिकारी।

## कोमल को विलेज ऑफ ड्रीम्स ने दिया एक लाख का पुरस्कार



'दी विलेज ऑफ ड्रीम्स' संस्था ने बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन पर किया सम्मानित।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भ्याड की छात्रा कोमल कौशल को प्रदेश शिक्षा बोर्ड की मार्च 2025 की परीक्षा में प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त करने पर 'दी विलेज ऑफ ड्रीम्स' संस्था द्वारा 1 लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। अमेरिका और भारत में चैरिटेबल कार्य करने वाली इस एनआरआई संस्था के संस्थापक जगदीश शर्मा हैं, जो अपने सहयोगियों सुनील शर्मा और अरुण शर्मा के साथ मिलकर संस्था का संचालन कर रहे हैं। संस्था की योजना के तहत गोद लिए गए विद्यालयों के टॉप-10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1 लाख और उनके विषय अध्यापकों को 25,000 रुपए की राशि दी जाती है। इस अवसर पर कोमल के अध्यापकों संदीप कुमार (गणित), अशोक कुमार (रसायन विज्ञान) और अजय कुमार (कंप्यूटर साइंस) को सम्मानित किया गया। संस्था के सचिव विजय कुमार ने बताया कि यह छात्रवृत्ति योजना मार्च 2027 तक लागू रहेगी, जिसके बाद इसका पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा। 2017 से अब तक संस्था 7 मेधावी छात्रों और उनके शिक्षकों को सम्मानित कर चुकी है।

### चुवाड़ी में हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं के चुवाड़ी में हनुमान जी की मूर्मि की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन हुआ। स्थानीय मंदिर कमेटी, संवेदना संस्था व गायत्री परिवार बिलासपुर के सहयोग से कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ। मूर्ति स्थापना के साथ हनुमान चालीसा, भजन-कीर्तन व हवन का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। संवेदना संस्था के सत्यम शर्मा, विशाल नड्डा, वासु, प्रिंस, प्रेम, अजीत, राजन शर्मा व प्रवीण धीमान सहित कई सदस्यों ने सेवाएं दीं।

### शिवा बीएड कॉलेज में गुरु-शिष्य परंपरा पर सेमिनार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं स्थित शिवा बीएड कॉलेज में भारतीय शिक्षण मंडल हिमाचल प्रांत और बीसीए विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरु-शिष्य परंपरा विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सुरेश कुमार सोनी रहे, जबकि अध्यक्षता इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने की। डॉ. सोनी ने चाणक्य, एपीजे अब्दुल कलाम व मदन मोहन मालवीय के विचारों को छात्रों से साझा किया और गुरु-शिष्य परंपरा के आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने त्याग और समर्पण को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में कॉलेज के आचार्यगण व बीसीए विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सुन्हाणी पुल के पास भूस्खलन का खतरा

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की सुन्हाणी पुल से शेर चौक तक जाने वाली सड़क पर भूस्खलन का खतरा लगातार बना हुआ है। यह मार्ग झंडूता को बरठीं क्षेत्र से जोड़ने वाला एक प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिसका प्रतिदिन सैकड़ों लोग उपयोग करते हैं। हाल ही में पहाड़ी से लगातार छोटे-बड़े पत्थरों के गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों में भय का माहौल है। बारिश के मौसम में यह खतरा और भी बढ़ गया है। बारिश के कारण मिट्टी और पत्थर सड़क पर गिर रहे हैं, जिससे कई बार यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। लोक निर्माण विभाग के मल्टीटास्क वर्कर्स लगातार सड़क पर गिरे पत्थरों को हटाने में जुटे हैं, ताकि यातायात बहाल रह सके। पीडब्ल्यूडी झंडूता के अधिशाषी अभियंता राकेश शर्मा ने कहा कि मामला ध्यान में आया है और जल्द ही इसका स्थायी समाधान निकाला जाएगा। स्थानीय लोग विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### मुक्केबाज वरुण का घर पहुंचने पर भव्य स्वागत



**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** उज्बेकिस्तान में हुई विश्व युवा सवाते चैंपियनशिप 2025 में भारतीय मुक्केबाज वरुण वालिया ने 48 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। बल्ह विधानसभा क्षेत्र के मलवाना गांव निवासी वरुण सवाते में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। वरुण के स्वारघाट पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों, सवाते संघ और प्रशासन ने फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों से उनका अभिनंदन किया। इस उपलब्धि में मंडी जिला सवाते संघ के कोच पंकज कुमार, राष्ट्रीय कोच संतोषी शर्मा और प्रदेश महासचिव का विशेष योगदान रहा। वहीं, 52 किलोग्राम वर्ग में होमानी ठाकुर ने भी शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया। तकनीकी टीम के अनुसार, वरुण पूरे भारतीय दल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### वॉलंटियर्स को प्रदान किए प्रमाण-पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनएसएस इकाई व प्रथम एजुकेशन संस्थान द्वारा आयोजित 'कमाल का कैंप' के समापन पर वॉलंटियर्स को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने स्वयंसेवियों को बधाई देते हुए ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत ने बताया कि एक माह चले इस समर कैंप में 30 वॉलंटियर्स ने स्थानीय स्कूलों में कक्षा 6-8 के बच्चों को गणितीय गतिविधियों से शिक्षित किया। इस अवसर पर प्रथम संस्था की ममता चंदेल व महाविद्यालय के कई वरिष्ठ आचार्य उपस्थित रहे।

## आपदा में राजनीति नहीं, एकजुटता की जरूरतः हीरापाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**कांग्रेस** नेता ठाकुर हीरापाल सिंह ने भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में राजनीति नहीं, बल्कि एकजुटता की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता प्रदेश सरकार पर बेवजह हमले कर केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जयराम को केवल अपने क्षेत्र तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि एक पूर्व मुख्यमंत्री के नाते पूरे हिमाचल के लिए आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से वन भूमि कानून के तहत प्रभावितों को वैकल्पिक भूमि देने और पारदर्शी मुआवजा प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष को मिलकर राहत कार्यों की वास्तविक सूची तैयार करनी चाहिए, ताकि पीड़ितों तक सही मदद पहुंचे। भाजपा की कार्यशैली को 'घटिया सोच' करार देते हुए उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में राजनीति करना अनुचित है।

**दौरा** डीसी ने क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर का किया निरीक्षण

## मरीजों को मिलें बेहतर सुविधाएं



क्षेत्रीय अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते डीसी राहुल कुमार।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**उपायुक्त** राहुल कुमार ने क्षेत्रीय अस्पताल परिसर का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों एवं तीमारदारों से संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को प्रत्यक्ष रूप से परखा।

डीसी ने आपातकालीन कक्ष, मातृ-शिशु वार्ड, मेडिकल वार्ड, डेंटल ब्लॉक, नशा निवारण केंद्र, ओपीडी पंजीकरण कक्ष व ब्लड बैंक सहित संपूर्ण परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने नवनिर्मित ब्लड बैंक भवन के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मां दुर्गा लंगर ट्रस्ट द्वारा दी जा रही निःशुल्क भोजन सेवा की सराहना की और इसे एक सराहनीय जनसेवा बताया। उपायुक्त ने कहा कि पंजीकरण कक्ष में जल्द ही टोकन प्रणाली और डबल लाइन व्यवस्था शुरू की जाएगी, जिससे भीड़ को नियंत्रित किया जा सकेगा। वहीं, अस्पताल में सभागार निर्माण के लिए भी शीघ्र बजट स्वीकृति के प्रयास किए जाएंगे।

### गरीब कैदियों को न्याय दिलाने की दिशा में पहल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** निर्धन कैदियों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से डीसी राहुल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जेलों में बंद ऐसे विचाराधीन और दोषसिद्ध कैदियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की योजना पर चर्चा हुई, जो गरीबी के कारण जमानत या कानूनी सहायता प्राप्त नहीं कर पाते। डीसी ने कहा कि पात्र विचाराधीन कैदियों को 40,000 रुपए और दोषसिद्ध कैदियों को 25,000 रुपए तक की सहायता सरकार द्वारा दी जा सकती है। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना का क्रियान्वयन पारदर्शिता और संवेदनशीलता से हो, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे। बैठक का संचालन समिति के सदस्य सचिव व उप अधीक्षक जेल एनआर भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रतीक गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# टिक्कर और लोहाली में भारी बारिश से 2 मकान क्षतिग्रस्त



अनंत ज्ञान, डलहौजी

**डलहौजी** विधानसभा क्षेत्र को सलूणी उप-तहसील के करवाल पंचायत के टिक्कर गांव में तेज बारिश के चलते शिवो पत्नी स्व. देशराज का कच्चा मकान पूरी तरह से जमींदोज हो गया। वहीं डलहौजी के वार्ड नंबर दो के लोहाली क्षेत्र में भूस्खलन से एक निजी भवन का सुरक्षा डंगा टूट गया, जिससे मकान गिरने की स्थिति में पहुंच गया। सौभाग्य से उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था। सूचना मिलते ही पंचायत प्रतिनिधि और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। चंबा जिले में पिछले दो दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिससे कई घरों पर खतरा मंडरा रहा है और कई संपर्क मार्ग अवरुद्ध हुए हैं। पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे नैनीखड्ड के पास और चुवाड़ी-जोत रोड पर भारी भूस्खलन से यातायात बाधित हुआ, जिसे विभाग ने मशीनरी की मदद से बहाल किया।

# चुवाड़ी-जोत-चंबा रोड पर बारिश के कारण लैंडस्लाइड, वाहनों की आवाजाही 8 घंटे बंद

## सड़क के दोनों ओर लगी वाहनों की लंबी कतारें, चालक व यात्री हुए परेशान

अनंत ज्ञान, चुवाड़ी

**चुवाड़ी-जोत-चंबा** रोड पिछले 12 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जगह-जगह लैंडस्लाइड और जमीन धंसने के चलते सभी प्रकार के वाहनों के लिए लगभग 8 घंटे बंद रही। सड़क बंद रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पर्यटक भारी बारिश में गाड़ियों में बैठकर सड़क खुलने का इंतजार कर रहे थे।

विभाग ने सड़क खोलने के लिए मशीनरी मौके पर भेजी, जो लगभग 2 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद सफल रही और सड़क फिर से वाहनों के लिए खोल दी गई। जानकारी के अनुसार चुवाड़ी-जोत-चंबा मार्ग पर दर्जनभर से अधिक स्थानों पर लैंडस्लाइड हुए, जिससे आवाजाही बाधित रही। यह मार्ग पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह चंबा, खज्जियार और भरमौर को जोड़ता है। चंबा में चल रहे अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के कारण देशभर से लोग यहां आ रहे हैं। साथ ही शादियों का सीजन होने से बारातियों को भी इस रोड के बंद होने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अधिशाषी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने बताया कि बारिश के कारण कई जगह लैंडस्लाइड हो रहे हैं, लेकिन मशीनरी के साथ युद्ध स्तर पर सड़क खोलने का कार्य जारी है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।



चुवाड़ी-जोत-चंबा सड़क पर बारिश से हुआ लैंडस्लाइड और वाहनों की लगी लंबी कतारें।

## भटियात में बारिश से घर व गोशालाएं बहीं

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान, भटियात।** भारी बारिश से भटियात के पंचायत उझेड़ा के गांव भगसियार में जीवन का स्लोईधर और बाथरूम तबाह हो गया, साथ ही करनैल सिंह की गोशाला बह गई। लगभग 32-35 बकरियां लापता हैं, जिनमें से चार की मौत हुई। गांव ढलियार में भी गौशालाएं और कई घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। तुलकड़ पंचायत के गगाहर गांव में भी घरों को खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोग नुकसान सहने की शक्ति की प्रार्थना कर रहे हैं।



# पंचायत से नाराज लोगों ने खुद ही बना दिया 800 मीटर रास्ता

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान



**भरमौर।** विकासखंड भरमौर के तहत आने वाली ग्राम पंचायत कंवारसी में पंचायत द्वारा रास्ते की रिपेयर न करने को लेकर ग्रामीणों ने खुद ही कुदाली लेकर गांव का 800 मीटर रास्ता बना दिया। यहां पर हीलिंग गांव में 1 अगस्त को मचलू राम के घर बारात आनी है। गांव में बेटी की शादी है लिहाजा गांववासियों ने पंचायत से गुहार लगाई थी की बारात आने से पहले उनके गांव का रास्ता ठीक किया जाए। ताकि बारातियों को गांव तक पहुंचने में किसी भी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। पंचायत द्वारा आश्वासन मिलने के बाद भी जब रास्ते का निर्माण नहीं हुआ तो छोटे से गांव के लोगों ने खुद ही हाथ में बेलचा कुदाली लेकर रास्ता बना लिया।

गांव वासी मचला राम ने कहा है कि उनकी बेटी की शादी 1 अगस्त को तय है। उनके गांव में 1 अगस्त को बारात आनी है। गांव के लिए पैदल चलने योग्य रास्ता जगह-जगह खराब है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से रास्ता रिपेयर करने की गुहार लगाई थी। पंचायत प्रतिनिधियों वह सरकारी कार्य प्रणाली से तंग आकर उन्होंने खुद ही रास्ता मरम्मत का निर्णय लिया और पिछले तीन दिनों से वह अपने रिश्तेदारों की मदद से इस कार्य को करने में जुटे हुए हैं।

पंचायत प्रधान सुरशा देवी ने कहा है कि इस गांव के पनिहार और रास्ते निर्माण में लोगों की निजी जमीन है। लोग अपनी निजी जमीन में काम करने नहीं दे रहे हैं। लिहाजा यह समस्या उत्पन्न हुई है। लोग जैसे ही जमीन की गिफ्ट डीड कर देंगे। रास्ता और पनिहार का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा

## न्यूज ब्रीफ

### तेलका कॉलेज में छात्राओं को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय तेलका में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एचआईवी/एड्स पर एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. त्रिप्ता चौहान ने छात्रों को संक्रमण के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की वैज्ञानिक जानकारी दी। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने युवाओं को विषय की गंभीरता समझने का आग्रह किया। कार्यशाला के अंत में प्राचार्य डॉ. उपिन्दर गुप्ता ने छात्रों को नशामुक्त जीवनशैली और रक्तदान के महत्व पर प्रेरित किया। यह कार्यशाला छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और सामाजिक रूप से जागरूक बनाने वाली सिद्ध हुई। सभी शिक्षक-छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### बगाईगढ़ नाले का पुल बना चुनौती: वेद व्यास

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह घाटी कल्याण संघ के अध्यक्ष वेद व्यास ठाकुर ने एक अहम बयान में बगाईगढ़ नाले के पुल को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि यह पुल चार पंचायतों बगाईगढ़, चरड़ा, चांजू और डेरा को जोड़ता है और इसके अभाव में बरसात के मौसम में इन क्षेत्रों का संपर्क पूरी तरह कट जाता है। ठाकुर ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि इस पुल का निर्माण कार्य तुरंत शुरू किया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यह पुल न केवल आवाजाही के लिए जरूरी है, बल्कि आपात स्थिति में जान-माल की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।



### वीओ जनेडघाट को मिला प्रथम पुरस्कार



**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने में जय मां दुर्गा ग्राम संगठन जनेडघाट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस संगठन को सीएलएफ क्योंथल द्वारा आयोजित आमसभा में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। जनेडघाट में 17 ग्राम संगठन कार्यरत हैं, जिनमें से इस संगठन का कार्य सबसे श्रेष्ठ आंका गया। संगठन की प्रधान सुरेशा ठाकुर ने बताया कि 13 स्वयं सहायता समूहों में लगभग 100 महिलाएं कार्यरत हैं, जिन्हें 12 लाख का लोन सस्ती ब्याज दर पर प्रदान किया गया। महिलाएं अब स्वाबलंबी होकर घर के खर्चों में पति का सहयोग कर रही हैं।

# बरसात व जंगली जानवरों ने फसल की बर्बाद, प्रशासन से मुआवजे की मांग

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** किसान कांग्रेस चंबा इकाई के अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार व महासचिव सुरेश शर्मा ने जिला चंबा के समस्त ब्लॉकों में बरसात के कारण आई आपदा के कारण जिला चंबा के किसानों व बागवानों को हुए नुकसान के संदर्भ में डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल से मुलाकात की।

इस मौके पर किसान कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने कहा है कि बरसात के कारण भटियात क्षेत्र में धान की फसल तबाह हुई है वहीं सलूणी व चुराह क्षेत्र में बंदरों व जंगली सूअरों के झुंड ने फसल को तबाह कर दिया है।

भरमौर, चंबा व डलहौजी के निचले इलाकों में भी किसानों व बागवानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मौके पर जिले के कृषि विभाग, उद्यान विभाग व पशुपालन विभाग के अधिकारी गरीब किसानों व बागवानों के घर द्वार जाकर हरसंभव सहायता करने का आग्रह उपायुक्त से किया है। उन्होंने प्रशासन व सरकार से मांग की है कि किसानों व बागवानों को अतिशीघ्र मुआवजा मुहैया करवाया जाए।



भारी बरसात के चलते किसानों को हुए नुकसान को लेकर डीसी चंबा से मिलता किसान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल।

# दुष्कर्म मामले में दोषी को सुनाई 10 साल की सजा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रामनिक शर्मा की अदालत ने दुष्कर्म मामले में आरोपी दीप कुमार उर्फ बिट्टू को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास और जुर्माना सुनाया है। आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 354-बी और 342 के तहत सजा दी गई है। मामला 17 जुलाई 2022 की घटना का है, जिसमें आरोपी ने 20 वर्षीय पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस जांच और 14 गवाहों के बयानों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी पाया।

**14 गवाहों के बयान किए दर्ज**

अतिरिक्त लोक अभियोजक सतीश राठौर ने पैरवी की। यह फैसला पीड़िता को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है और समाज में ऐसे अपराधों के खिलाफ कड़ा संदेश है।

# गोबिंदसागर व पौंग जलाशय की तर्ज पर विकसित होगा वोटिंग प्वाइंट तलेरु: केवल सिंह पठानिया

अनंत ज्ञान, चंबा

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा में उप मुख्य सचेतक एवं सामान्य विकास समिति के अध्यक्ष केवल सिंह पठानिया ने कहा कि चंबा जिला के डलहौजी के समीप स्थित तलेरु वोटिंग प्वाइंट को गोबिंदसागर और पोंग जलाशयों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। यहां वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियां जैसे शिकारा, क्रूज आदि शुरू की जाएंगी। वह तलेरु में विभागीय अधिकारियों संग बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार संतुलित विकास को प्राथमिकता दे रही है। तलेरु और भलेई होटल संबंधी प्रस्तावों पर शिमला में हुई सामान्य विकास समिति की बैठक में विस्तार से चर्चा की गई थी। अब भलेई स्थित पर्यटन विकास निगम के होटल के संचालन और तलेरु को वॉटर स्पोर्ट्स डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।



केवल सिंह पठानिया ने बताया कि पूर्व उपायुक्त देवेश गुप्ता द्वारा तैयार समझौता ज्ञापन में स्थानीय हितों और पर्यावरणीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा गया था।

इस अवसर पर एसडीएम सलूनी चंद्रवीर सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा, आत्मा परियोजना निदेशक ओम प्रकाश व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। स्थानीय उपप्रधान सुभाष कुमार ने उन्हें शाल व टोपी भेंट कर सम्मानित किया।

## भलेई माता मंदिर में की पूजा-अर्चना

**चंबा।** उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बुधवार को अपने चंबा प्रवास के दौरान प्रसिद्ध धार्मिक शक्ति स्थल भद्रकाली माता मंदिर भलेई में अपनी धर्मपत्नी डॉ. सुनंदा पठानिया सहित पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां भलेई के चरणों में शीश नवाकर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि की भी कामना की। इस दौरान विधायक डलहौजी डीएस ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उप मुख्य सचेतक ने कहा कि भद्रकाली मां भलेई के प्रति लोगों की गहरी आस्था है।

## डलहौजी में मनीष सरीन ने की पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी से मुलाकात

# संगठन में नई ऊर्जा व विकास कार्यों पर बनी रणनीति

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** डलहौजी में कांग्रेस में शामिल होने के बाद पहली बार मनीष सरीन ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी से जंदरीघाट स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान राजेश चोभियाल व इच्छा राम टंडन भी मौजूद रहे। बैठक का माहौल बेहद सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक रहा। बातचीत के दौरान डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इसके साथ ही, क्षेत्र की प्रमुख विकासात्मक परियोजनाओं को लेकर भी ठोस सुझाव साझा किए गए।



मनीष सरीन ने कहा कि आशा कुमारी के मार्गदर्शन में वे संगठन की मजबूती और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित रहेंगे। इस मुलाकात को स्थानीय राजनीति में अहम माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मनीष सरीन के कांग्रेस में शामिल होने से न सिर्फ डलहौज़ी में पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि आगामी विकास कार्यों में भी रफ्तार आएगी। आशा कुमारी ने भी मनीष सरीन का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में उनके अनुभव और सक्रिय भूमिका से संगठन को नई दिशा मिलेगी। स्थानीय हलकों में इस भेंट को कांग्रेस की भविष्य की रणनीति और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मणिमहेश यात्रा मार्ग पर चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** आईटीआई चंबा के 30 प्रशिक्षुओं के दल ने स्वेच्छा से मणिमहेश यात्रा मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान डीसी चंबा मुकेश रेप्सवाल और एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अपील पर शुरू किया गया। संस्थान के अनुदेशक वेद प्रकाश, कृष्ण चंद, कमल किशोर और रिशु कुमार के नेतृत्व में दल हड़सर पहुंचा और हड़सर, गुई नाला व टॉस गेट जैसे स्थानों पर दो दिनों तक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान ꖦहिमालयन क्लीनिंगꖦ संस्था के सहयोग से 1 क्विंटल से अधिक प्लास्टिक और ठोस कचरे का निस्तारण किया गया। प्रशिक्षुओं ने स्थानीय युवाओं से भी इस अभियान में जुड़ने की अपील की।

# मिंजर एथलेटिक्स टूर्नामेंट संपन्न, 400 मीटर दौड़ में अंशुल व शानू कुमारी प्रथम



मुख्यातिथि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव का स्वागत करते हुए।

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा** में आयोजित मिंजर एथलेटिक्स टूर्नामेंट 2025 का समापन बुधवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। मुख्यातिथि पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव (आईपीएस) ने खिलाड़ियों को खेलों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

आयोजन की अध्यक्षता शौकत अली और संचालन उमेश छोणा ने किया। विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार और पदकों से सम्मानित किया गया। पुरुष 400 मीटर में अंशुल, महिला 400 मीटर में शानू कुमारी और पुरुष 800 मीटर में मनोज ठाकुर विजयी रहे। समारोह में मंच पर याकूब मोहम्मद व कोच भागीरथ चौधरी भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### सूडोकु नवताल- 7507 (***** कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7506 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## मिंजर मेले की तीसरी संध्या में एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने की एकजुटता की अपील

# अख्तर ब्रदर्स की प्रस्तुति पर झूम उठा पूरा पंडाल

अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा के ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय मिंजर महोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या मंगलवार को उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एपीएमसी अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ललित ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी नीलम ठाकुर भी संध्या में शामिल हुईं। इस दौरान ललित ने सीएम सुक्खू और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का आभार जताते हुए कहा कि मिंजर महोत्सव चंबा की संस्कृति, कला और पर्यटन को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने मंडी आपदा में जान गंवाने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि यह समय राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राज्य के पुनर्निर्माण और राहत कार्यों में योगदान देने का है।



उन्होंने मंच से यह भी आश्वासन दिया कि मिंजर मेले में आगे भी स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि वे अपनी प्रतिभा दिखा सकें। उन्होंने चंबा की जनता का भी धन्यवाद किया कि वे इस पर्व की गरिमा को बनाए रखते हुए अपनी परंपराओं का सुंदर प्रदर्शन कर रहे हैं।

रात 9 बजे जैसे ही अख्तर ब्रदर्स ने मंच संभाला, पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। उन्होंने लोक और सूफी धुनों के मधुर संगम से कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद लगातार लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति से उन्होंने संध्या को जोश और ऊर्जा से भर दिया।

# गुरदासपुर और हॉकी हिम फाइनल में आमने सामने, महिला वर्ग में अमृतसर बना चैंपियन

आरके सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** मिंजर खेलकूद प्रतियोगिता के हॉकी मुकाबलों में रोमांच चरम पर पहुंच गया है। पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में गुरदासपुर और हॉकी हिम की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई है। पहले सेमीफाइनल में गुरदासपुर ने एसबीडी हरियाणा को कड़े मुकाबले में 1-0 से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में हॉकी हिम ने सीएससी चंबा को 3-1 से मात दी। अब फाइनल में दोनों दिग्गज टीमें आमने-सामने होंगी।

मुख्य अतिथि सतनाम ग्रोवर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और हॉकी एसोसिएशन के महासचिव मुकेश बेदी ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं, महिला वर्ग के फाइनल में अमृतसर की टीम ने जोरदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मजरा सिरमौर हिमाचल को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।



रोमांचक मुकाबले ने दर्शकों को खूब बांधे रखा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवानी मैहला ने बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित किया।

# राजस्व मंत्री जगत सिंह कल से चंबा दौरे पर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास तथा जन शिकायत निवारण जगत सिंह नेगी 1 से 5 अगस्त तक जिला चंबा के प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि जगत सिंह नेगी 1 अगस्त को भरमौर विधानसभा क्षेत्र की लेच ग्राम पंचायत में जन समस्याएं सुनेंगे। जगत सिंह नेगी 2 अगस्त को प्रातः 10 बजे अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर के कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में परियोजना सलाहकार समिति, वन अधिकार अधिनियम, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण भरमौर और एलएडीसी समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मंत्री 3 को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर के कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में मणिमहेश यात्रा से संबंधित तैयारियों बारे बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

**मैं अंजना कुमारी**, पत्नी श्री विनोद कुमार, निवासी वार्ड नंबर 03, बंडबिहार, वीपीओ उस्तेहड़, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176061, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम अंजू देवी से बदलकर अंजना कुमारी कर लिया है। अंजू देवी और अंजना कुमारी एक ही महिला हैं। सभी कृपया इस पर ध्यान दें।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगडा हि.प्र.।**

मुकदमा इन्द्राज सेहत नाम पेशी- 02.09.2025

अंजन शर्मा सपुत्र श्री वेद प्रकाश सपुत्र श्री राम रथ निवासी गांव क्यारी डाकखाना व तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि.प्र.।

बनाम

आम जनता

**विषय-** दरुस्ती नाम हि.प्र. रा. अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल क्यारी, डोलयार व चतरेरी में नाम दरुस्ती वारे।

उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है कि उसका सही नाम अंजन शर्मा सपुत्र वेद प्रकाश गांव क्यारी व डाकखाना व तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा है। जबकि महाल क्यारी, डोलयार व चतरेरी में उसका नाम अंजन कुमार दर्ज है जो कि गलत इन्द्राज हुआ है। प्राथी उक्त नाम को दरुस्त करके अंजन शर्मा पुत्र श्री वेद प्रकाश महाल क्यारी, डोलयार व चतरेरी में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 02.09.2025 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।

आज दिनांक को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगडा हि.प्र.।**

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

वीरवार, 31 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत आषाढ़, **तिथि** सप्तमी (02:43) : **नक्षत्र** हस्त (09:53), **पक्षः** शुक्ल, **योग** : सिद्ध (03:40), **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:27-02:08)।

**विशेष दिन**

- 31 जुलाई 2025: शीतला सप्तमी आज।
- 31 जुलाई 2025: गोस्वामी तुलसीदास जयंती आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है।

**वृषः** इच्छित कार्य सफल होंगे। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मिथुनः** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**कर्कः** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**सिंहः** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**कन्याः** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**तुलाः** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृश्चिकः** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**धनुः** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मकरः** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**कुंभः** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीनः** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

जो कुछ भी तुम्हें कमजोर बनाता है-शारीरिक, बौद्धिक या मानसिक, उसे जहर की तरह त्याग दो। -स्वामी विवेकानंद

संपादकीय

## नवाचार या दिशाहीन शिक्षा नीति?

हिमाचल सरकार ने स्कूलों में स्थानीय बोली और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने की एक नई पहल की है। हर महीने के अंतिम शनिवार को बैग फ्री डे मनाया जाएगा, जिसमें आधे घंटे की विशेष गतिविधियां आयोजित होंगी। इस दौरान स्थानीय भाषाओं जैसे पहाड़ी, मंडियाली, कुल्लवी, किन्नौरी, सिरमौरी आदि में संवाद, कहानियों, लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को स्थान मिलेगा। सरकार का दावा है कि यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भाषाई विविधता और सांस्कृतिक एकीकरण को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, लेकिन क्या यह कदम वास्तव में हिमाचल की शिक्षा प्रणाली को मजबूती देगा या यह केवल एक लोकलुभावन और दिशाहीन प्रयास है, जो स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक भ्रमित कर सकता है? इसमें कोई दो राय नहीं कि मातृभाषा या स्थानीय बोली में शिक्षा का प्रारंभिक स्तर पर उपयोग बच्चों की समझ, आत्मविश्वास और भागीदारी को बेहतर बनाता है। अनेक शैक्षणिक शोध यह दर्शाते हैं कि अगर बच्चों से उनकी अपनी भाषा में संवाद किया जाए, तो वे जल्दी सीखते हैं, सवाल पूछते हैं और जिज्ञासु बनते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भी इसी बात पर जोर दिया है कि प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए। हिमाचल सरकार की यह पहल इसी दिशा में कदम माना जा सकता है। इसमें सांस्कृतिक जागरूकता, पारंपरिक मूल्यों की शिक्षा और क्षेत्रीय पहचान को भी जोड़ा जा सकता है। इसके माध्यम से विद्यार्थी अपने आसपास के सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश को बेहतर समझ सकेंगे। बैग फ्री डे के जरिए रट्टा मार प्रणाली से हटकर अनुभवात्मक शिक्षा की ओर बढ़ने की बात भी कही जा रही है। स्थानीय गीत-संगीत, कहावतें और परंपराएं बच्चों की सोच में विविधता और अपनापन ला सकती हैं। सरकार की नीति में विरोधाभास नजर आ रहा है। एक ओर शिक्षा विभाग 2025-26 से सभी प्राइमरी स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम में शुरू करने का निर्णय ले चुका है, तो दूसरी ओर स्कूलों में स्थानीय भाषा को प्रमोट करने का आदेश भी जारी किया गया है।

यह द्वंद्व स्पष्ट करता है कि सरकार की सोच में स्पष्टता का अभाव है। प्रश्न उठता है कि जब सरकार अंग्रेजी माध्यम को प्राथमिक स्तर पर लागू कर रही है, तो फिर उसी समय स्थानीय बोली में गतिविधियां शुरू करना क्या बच्चों को भ्रमित करने जैसा नहीं है? क्या यह दोहरी नीति बच्चों की भाषाई समझ को उलझाने का काम नहीं करेगी? प्राइवेट स्कूलों तो बच्चों को हिंदी बोलने पर भी टोक दिया जाता है, अंग्रेजी को ही प्राथमिकता दी जाती है। इस परिप्रेक्ष्य में सरकारी स्कूलों में पहाड़ी भाषा को बढ़ावा देना कहीं न कहीं प्रतिस्पर्धा से बाहर होने जैसा भी है। आज की वैश्विक दुनिया में अंग्रेजी एक अनिवार्य भाषा बन चुकी है। ऐसे में सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी का स्तर ऊपर उठाने के बजाय उसे अप्रत्यक्ष रूप से हाशिए पर धकेलना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ जैसा हो सकता है।

यह बात स्वीकार करनी होगी कि हिमाचली बोली और संस्कृति हमारे सामाजिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इसे संरक्षित और संजोना हमारा दायित्व है, लेकिन यह काम सामाजिक एवं सांस्कृतिक मंचों के माध्यम से किया जाना चाहिए, न कि कक्षा-कक्ष के माध्यम से। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को वैश्विक नागरिक बनाना है, जहां वे अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए दुनिया से संवाद करने में सक्षम हों। इसके लिए उन्हें अंग्रेजी जैसी वैश्विक भाषा में दक्ष बनाना जरूरी है, लेकिन सरकार अंग्रेजी शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए कोई ठोस नीति लाए बिना केवल सांस्कृतिक एजेंडा थोपने का प्रयास कर रही है। क्या सरकार ने यह सोचा है कि अगर बच्चा स्कूल में भी पहाड़ी बोलेगा, तो वह अंग्रेजी कब सीखेगा? क्या केवल एक बैग फ्री शनिवार ही पर्याप्त है भाषा के प्रयोग के लिए? क्या शिक्षकों को क्षेत्रीय भाषा में गतिविधियां कराने के लिए प्रशिक्षित किया गया है?

इन सवालों के जवाब यदि सरकार के पास नहीं हैं, तो यह निर्णय केवल एक लोकप्रियता बटोरने वाला दिखावा बनकर रह जाएगा। ऐसे में एक सवाल उठता है कि किस आखिर भविष्य की दिशा क्या होगी और समाधान क्या हो सकता है? इसके लिए सबसे पहले तो स्थानीय भाषा को सहायक भाषा के रूप में अपनाया जाना चाहिए, लेकिन माध्यम न बनाएं। इसका मतलब यह है कि यदि कोई बच्चा पहाड़ी में प्रश्न पूछता है, तो शिक्षक उत्तर दे सकते हैं, लेकिन पढ़ाई का माध्यम हिंदी या अंग्रेजी ही रहे। शिक्षकों को द्विभाषी प्रशिक्षण दिया जाए। अंग्रेजी पर विशेष फोकस के लिए योजनाएं बनाएं।

स्थानीय संस्कृति को पाठ्यचर्या से जोड़ने के बजाय सह-पाठ्यक्रम में स्थान दें। त्योहारों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से इस उद्देश्य को पूरा किया जा सकता है। हिमाचल सरकार की यह पहल नीयत के हिसाब से अच्छी कही जा सकती है, लेकिन जिस तरह से नीति में परस्पर विरोधाभास है, वह गंभीर चिंता का विषय है। स्थानीय भाषा को बढ़ावा देना आवश्यक है, लेकिन शिक्षा का उद्देश्य भाषा को साधन बनाना है, न कि उद्देश्य।

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## हिंदी फिल्मों की अभिनेत्री


**मुमताज** हिंदी फिल्मों की एक अभिनेत्री हैं। उन्होंने 1971 में खिलौना में अपने किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार जीता। हालांकि उन्होंने छोटी सहायक भूमिकाओं के साथ शुरुआत की, बाद में उन्होंने तरक्की की और अपने समय के सभी शीर्ष अभिनेताओं के साथ मुख्य भूमिकाओं में काम किया। उन्हें 60 और 70 के दशक की सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्रियों और नर्तकियों में से एक के रूप में याद किया जाता है। मुमताज का जन्म अब्दुल सलीम अस्करी (मेवे के विक्रेता) और शादी हबीब आगा के यहां हुआ था जो ईरान से थे। उनके जन्म के ठीक एक साल बाद उनका तलाक हो गया। शम्मी कपूर उससे प्यार करते थे और उससे शादी भी करना चाहते थे, लेकिन मुमताज कम उम्र में अपना फिल्मी करियर छोड़ने के लिए तैयार नहीं थीं, क्योंकि कपूर नहीं चाहते थे कि उनकी पत्नी शादी के बाद फिल्म उद्योग में काम करें। मुमताज ने 1974 में बिजनेसमैन मयूर माधवानी से शादी की। उनकी दो बेटियां हैं, जिनमें से एक नताशा ने 2006 में अभिनेता फिरोज खान के बेटे फरदीन खान से शादी की।



मुमताज
जन्म : 31 जुलाई 1947

कविता

## हम बदले भगवान भी बदला



राजेंद्र पालमपुरी

*हम बदले भगवान भी बदला, उफ तौबा इंसान जो बदला।*
*काटे हमने जंगल पर्वत, देख उसने ईमान है बदला।*
*बेतरतीब हुआ विकास, लेकिन लगता हुआ विनाश।*
*खोदे पर्वत सुरंग बना ली,*
*पानी का तूफान है बदला।*
*पौधा एक लगाया भी न, उसमें सांस इक आया भी न।*
*धरती बांझ बना दी हमने, इसीलिए आसमान है बदला।*
*बहुत उड़ा ली खिल्ली उसकी, कहते दूर है दिल्ली उसकी।*
*लेकिन समझ न पाए अब भी, क्यों उसका अरमान है बदला।*
*कब आती अब ऋतु समय पर, हैं बैठे हम सब प्रलय पर।*
*कल की खबरें रखते लेकिन, मौसम का इमकान है बदला।*
*बारिश में सब सूखा-सूखा, लगता जैसे खेत हो भूखा।*
*एक वही रख देने वाला, जिससे हमने ध्यान है बदला।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# देश के उपराष्ट्रपति ने इस्तीफा दिया या लिया गया?

जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की कहानी कुछ दिन हो गए है, परत दर परत नई बनती जा रही है, कोई कहता है कि मोदी को कमजोर करने के लिए उपराष्ट्रपति नायडू, नीतीश, चिराग पासवान और जयंत से बातदूत के माध्यम से बात कर रहे थे। तो कोई नई कहानी बताता कि विपक्ष के उस आवेदन को स्वीकार कर लिया था, जिससे जज वर्मा पर बहस होनी थी, तो कोई कहता है सरकार को बिना बताए लड़ेंगे को ऑपरेशन सिंदूर पर बोलने दिया, कई लोग कई मुंह तो कई चेहरे हैं, इस्तीफे की खिचड़ी की कहानी तीन शब्दों पर अटकी हुई है, यह कहानी। इस्तीफा दिलवाया गया। इस्तीफा लिया गया या इस्तीफा दिया।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
सेवानिवृत्त प्रोफेसर कृषि विवि पालमपुर

यह खिचड़ी कहां कैसे पकी, यह तो अभी सवालों के चक्रव्यूह में फंसी हुई है। पर खिचड़ी मानसून सत्र के पहले दिन तो नहीं पकी, वह पहले से पक चुकी थी या तुरंत पकाई गई, बस इसी सवाल का जवाब समय पर देंगे, जगदीप धनखड़ या फिर मौन रहेंगे, आखिरी सांस तक। मानसून सत्र के पहले दिन ही खिचड़ी खिलाना था उपराष्ट्रपति को और घर वापसी का रास्ता दिखाना था। जो दिखा दिया गया। वह चले गए। बड़े बे आबरू होकर अपने कुचे से। इस खिचड़ी का किरदार तो दो ही है जो पूरे देश को अपना गुलाम बनाने में लगे हैं। वह जनता हो सांसद हो सत्ता के या विपक्ष के सबको सीबीआई ईडी आईटी की सहायता से कहीं न कहीं गुलाम बनाने के कुचक्र में लगे हैं।

कुछ डर कर विपक्ष के नेता उनके चरणों गिर गए। और आज मलाई खा रहे हैं। जो सबसे भ्रष्ट था, कभी कांग्रेस में वही, भाजपा में मुख्यमंत्री और मंत्री बना है। खिचड़ी का सच तो कभी धनखड़ ही जनता को बताएंगे कि क्यों कैसे दिया इस्तीफा का दबाव था या कोई और परिस्थिति पैदा करदी गई या कुछ ब्लैक मेल हुए, जैसा सत्ता का चरित्र होता है राजनीति में सबको अपने जंजीर में बांध रखने का तरीका वह ब्लैक मेल का सदियों से चला आया है और आज भी चल रहा है सत्ता के लिए



खून का बहना जरूरी, विश्व का हर सत्ता परिवर्तन खूनी सघर्ष ब्लैक मेल से शुरू होता है समाप्त होता है।

आज वही दोहराया जाता है जो वफादार होगा, वह मलाई खाएगा, जो नहीं होगा, वह सत्ता से दूर रहेगा। कुछ ऐसा ही षड्यंत्र इनके साथ हुआ होगा, अब वही बोलेंगे मौन तोड़ेंगे, तब सबको पता चलेगा। कौन इस राजनीति में चाण्यक था, कौन धनानंद बनाया गया। मानसून सत्र का पहला दिन देश के पीएम या यूं कहें विश्व गुरु सांसद में प्रवेश से पहले पत्रकारों के एक समूह को जो उनका गुणगान चौबीस घंटा करता रहता है, उसको संबोधित करते हुए कहा मानसून सत्र बेहद गर्व वाला सत्र है, यह विजयोत्सव की तरह है भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सौ प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया। संबोधन के बाद संसद भवन में एक मिनट रुके और वहां से निकल दिए, अगर मानसून सत्र विजयोत्सव है तो सत्र में बैठकर विपक्ष की बात को सुनना चाहिए था, सबके साथ मिलकर विजयोत्सव मनाना चाहिए था, विपक्ष की मांग पर बिहार में वोटरों के पहचान पर पहलगाम तथा ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होने देते और समय पर जवाब देश की जनता को देते कि भारत कभी भी अमेरिका के दलाल में नहीं रहता है, युद्ध विराम अपनी शर्तों पर किया है, ट्रंप जो भी बोल रहे हैं, सब झूठ बोल रहे हैं मित्र का कोई जेट विमान नहीं गिरा है।

हमारे पायलट सब सुरक्षित है। पर ऐसा नहीं हुआ संसद में हंगामा हुआ और संसद स्थगित पहले दिन यह कैसा विजयोत्सव का सत्र है, केवल भाषण में शब्द में है या जमीन पर है, संसद में भी है तो जांबाज यही कहीं कुछ नहीं बस शब्दों की बाजिगरी से देश ग्यारह साल से चल रहा है। बस जनता को एक नया शब्द और उस शब्द को सभी भाजपा के नेता मंत्री दोहराते हैं, हर जगह। लोकसभा तो नहीं चला पर कुछ देर राज्यसभा चला, जिसमें सभापति ने विपक्ष के नेता खड़गे को ऑपरेशन सिंदूर पर बोलने की इजाजत क्या दिया उनके ऊपर मानो पहाड़ टूट गया और शाम को इस्तीफा देना पड़ा, स्वस्थ्य का हवाला की, अब मैं तनाव नहीं ले सकता हूं, सेहत ठीक नहीं डाक्टर की सलाह है। यह शाम तक देश में भूचाल ला दिया हर जुबान पर एक सवाल यह कैसे हुआ स्वास्थ्य खराब का बहाना है, पर खिचड़ी तो कुछ और पकी थी कहीं पर। सब अगर आश्चर्य नहीं हुआ तो भाजपा के मंत्रियों को सांसदों को नेताओं को भाजपा के आईटी सेल को ऐसा लगता धनखड़ साहब को छोड़कर सभी भाजपाई को पता था।

आज धनकड़ साहब की विदाई होगी और उपराष्ट्रपति भी नया पहले से तय है। इस इस्तीफे की तीन चार कहानियां हैं। पहली की महाराष्ट्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की एक सभा में कृषि मंत्री को कहा था, किसानों से जो वायदा किया गया वह पूरा क्यों नहीं हुआ, मैं भारत के संवैधानिक पद पर बैठा दूसरा व्यक्ति हूं, आप से आग्रह है कि किसानों से जो सरकार ने वायदा किया है पूरा करें, हम भी किसान है किसान का दर्द जितने है। दूसरा तर्क कांग्रेस के नेता खड़गे को ऑपरेशन सिंदूर पर बोलने देने की इजाजत को कहा जा रहा है, तीसरा बिजनेस एडवाजरी की बैठक में नड्डा व रिजिजू का न आना तथा नड्डा का राज्यसभा में भाषण के दौरान यह कहना जो कुछ मैं कहूंगा वहीं रिकार्ड में जाएगा और कुछ नहीं। यह शायद अपमान सभापति का रहा हो और उससे द्रवित होकर खिन्न होकर इस्तीफा दिया हो या फिर इस्तीफा का फरमान आया हो कि कुर्सी खाली कर दें, आपकी जरूरत नहीं है। इस्तीफा के बाद उपराष्ट्रपति का आफिस सील कर दिया गया और तुरंत मकान खाली करने का आदेश भी दे दिया गया, आखिर इतनी जल्दी सरकार को क्या पड़ी है, मकान खाली करने की कुछ तो समय देना चाहिए, पर नहीं बस एक गलती की विपक्ष के कागज को स्वीकार कर लिया, यही भाजपा को नागवार लगा फिर इस्तीफा ही ले लिया। राजनीति में वफादारी की कीमत एक गलती पर या एक सही काम पर बस निकाल बाहर फेंक देना होता है। यही हुआ भी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# सरकारी सेवा सामाजिक जिम्मेदारी, न कि वेतन व भत्तों का साधन

सरकारी नौकरी—जिसे आम भाषा में 'सरकारी सेवा' कहा जाता है—वास्तव में सेवा से अधिक अब एक पद, प्रतिष्ठा और लाभ का पर्याय बन गई है। अंग्रेजी में इसका सही रूप 'पब्लिक सर्वेंट' है, अर्थात् जनता का सेवक। पर जब यह सेवा भाव धीरे-धीरे स्वार्थ, लापरवाही और व्यवस्था के दंभ में दबने लगे, तो इस सेवा का मूल उद्देश्य ही संकट में पड़ जाता है। सरकारी तंत्र, जो जनता के सहयोग और कल्याण के लिए होता है, आज कई बार बोझ बनकर जनता के ही अधिकारों को कुचलने लगता है।



सिकंदर बंसल शिक्षाविद्
रामपुर बुशैहर

25 जुलाई 2025 को शिमला के दो प्रमुख सरकारी अस्पतालों—कमला नेहरू अस्पताल और इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में घटी दो घटनाओं ने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया। पहली घटना में, कमला नेहरू अस्पताल में एक गर्भवती महिला की मौत उस समय हो गई जब प्रसव के कुछ ही घंटे बाद उसे बार-बार बेड बदलने को कहा गया। परिजनों का आरोप है कि महिला को न केवल आराम नहीं मिला, बल्कि समय पर उचित चिकित्सकीय देखभाल भी नहीं दी गई। दूसरी घटना आईजीएमसी में हुई, जहां एक वृद्ध महिला की मौत के बाद उसके बेटे ने अस्पताल प्रबंधन और सुविधाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए। उसका कहना था कि न तो इलाज समय पर मिला, न स्टाफ ने सहयोग किया।

ऐसे समय में जब एक जीवन चिकित्सकों और स्वास्थ्य प्रणाली पर निर्भर होता है, अगर वहीं से उपेक्षा और असंवेदनशीलता मिले, तो यह व्यवस्था की गहरी विफलता है। स्वास्थ्य विभाग की ये स्थितियां कोई अपवाद नहीं हैं।



राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग, परिवहन, पंचायत और शहरी निकाय—हर विभाग में ऐसी कहानियां आम होती जा रही हैं।

मंडी जिले में एक पटवारी का वीडियो 2023 में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें वह जमीन विवाद को हल करने की बजाय खुलेआम पक्षपात करता दिखा। न तो उसकी भाषा शालीन थी, न ही व्यवहार न्यायसंगत। बाद में प्रशासन ने लीपापोती कर जांच बैठा दी, पर उस क्षेत्र के लोगों का भरोसा प्रशासन से उठ गया। पुलिस विभाग का रवैया भी कई बार यही दर्शाता है कि वर्दी एक शक्ति बन चुकी है, सेवा नहीं। रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए पीड़ित को घंटों थाने के बाहर बैठना पड़ता है। कई बार महिलाओं के साथ मार्मिक घटनाओं में भी यह कहा जाता है—'पहले जांच करेंगे, फिर देखेंगे।' ऐसी बातें एक असंवेदनशील तंत्र की गवाही देती हैं, जहां जनता की पीड़ा को संदेह की नजर से देखा जाता है।

2022 में हमीरपुर जिले में एक पीड़िता की शिकायत तीन दिन तक नहीं सुनी गई। जब मामला सोशल मीडिया पर उछला, तब अधिकारियों ने 'कार्रवाई' की रस्म अदायगी की। कई बार यह भी देखा गया है कि सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को सरकार का भी मौन या सक्रिय संरक्षण प्राप्त होता है। ऐसे अधिकारी जो जनता के साथ असभ्य व्यवहार करते हैं या बार-बार लापरवाही बरतते हैं, उन्हें राजनीतिक समर्थन या उच्च अधिकारियों की शह मिलती है। कई बार वे तबादले के डर से सरकार की हर बात में 'हां में हां' मिलाते हैं, नीतिगत सवालों पर चुप्पी साध लेते हैं और अपने विभागीय कर्तव्यों से समझौता कर बैठते हैं। सरकारी सेवा एक सामाजिक जिम्मेदारी है, न कि केवल वेतन और भत्तों का साधन। जब यह सेवा भावना पुन: जागृत होगी, तभी व्यवस्था पर जनता का भरोसा लौटेगा। हर कर्मचारी, हर नागरिक, हर पत्रकार और हर युवा को यह समझना होगा कि समाज तभी बदलेगा जब हम अपने आचरण में बदलाव लाएंगे। यदि हम अपने स्थान पर ईमानदारी और संवेदनशीलता से कार्य करें, तो व्यवस्था भी बदलेगी और एक उत्तरदायी समाज की नींव मजबूत होगी। सरकारें केवल नीतियों से नहीं, बल्कि नैतिकता और जमीन से जुड़े व्यवहार से चलती हैं। जब तक यह अंतर नहीं समझा जाएगा, तब तक कोई भी व्यवस्था अपने उद्देश्य को पूरी तरह नहीं निभा सकेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश के मंडी शहर आपदा ने उसकी आंखों के सामने विकास के नक्शे तहस-नहस कर दिए। इस आपदा को तराजू में तोलने से पहले उस अफरातफरी को तोलना होगा, जिसके हम सभी भागीदार हैं। अगर व्यवस्था नगर परिषद को नगर निगम बना देने से सुधरी होती, तो काल का नाला यूं उफान पर न निकलता। क्या फर्क पड़ता हमें, हम तो अपनी ही तरह का विकास करेंगे। बेशक इस आपदा के खंडहर में हमारे रिश्ते, हमारी कमाई और हमारे सपने आज बिखर रहे हैं, लेकिन यह दिन हमने खुद चुने हैं। ब्यास नदी के तट पर बसे शहर के भविष्य की जो चिंताएं होनी चाहिएं, क्या हम उन्हें समझ पाए। मंडी में मौत का नाला एक दिन में तो बना नहीं और न ही जल निकासी का यह पैगाम नया था। हमें हमेशा कभी भी पानी के निकट भवन का निर्माण नहीं करना चाहिए, मानव की सजकता ही बचाव है, यही आपदा से बचने का सुझाव है।

**राजीव कुमार, गगल**

# इच्छाशक्ति से लिया हर कदम आकर्षक, परंतु भविष्य में दुखदायी

भारतीय राजनीति की इच्छाशक्ति से लिया हर कदम आकर्षक तो है, परंतु भविष्य में अति दुखदायी प्रतीत होता है। जंगल हिमाचल प्रदेश की एकमात्र धन संपदा, स्वास्थ्य एवं देवभूमि की गुणवत्तापूर्ण तथा प्राकृतिक सौंदर्य से भरी पहचान है, जिसे आज के युग तक कुछ नि:स्वार्थ ही हिमाचल वासियों ने हिमाचल के पूज्यनीय देवी-देवताओं से प्राप्त आश्रय तथा आशीर्वाद से ही फल-फूलने वाले जीवन का भरपूर संरक्षण दिया और अब इन्हीं हिमाचल के बड़ी कठिनाई से सुरक्षित जंगलों एवं इससे उत्पन्न प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर भूमि पर हिमाचल के कुछ स्वार्थ से परिपक्व राजनीतिज्ञों तथा उनसे जुड़े लोगों ने 40-50 वर्ष पूर्व बड़े पैमाने पर अतिक्रमण करके अपनी इच्छाओं की ही पूर्ति हेतु दोहन शुरू किया हुआ है।



कटोच रामेश्वर सिंह
स्वतंत्र लेखक

हिमाचल प्रदेश को भयानक तथा न रुकने वाले प्रकोप से हमें बचाने वाले बिना किसी संशोधन 'वन संरक्षण अधिनियम 1980' के प्रति सभी हिमाचल के मूल निवासियों को अंतरात्मा से शुक्रगुजार होना चाहिए, क्योंकि अगर यह 'वन संरक्षण अधिनियम 1980' दृढ़ न होती तो न जाने अपने ही घर को उजाड़कर रखने वाले हिमाचल के भू-माफिया और वन माफिया ने अभी तक तो इस उत्तर भारत के एक अति सुंदर तथा संपूर्ण जगत की एकल देवी-देवताओं द्वारा वरदान दी भूमि को कंगाल कर दिया होता।

हिमाचल प्रदेश, इसलिए रक्षित भूमि है, क्योंकि यहां इन सभी देवी-देवताओं का पवित्र तपो निवास स्थान हिमाचल के घने जंगलों में प्राकृतिक संपदा से भरपूर वादियों में स्थायी रूप से स्थापित है जिसको इसी हिमाचल के राजनीतिज्ञ और उनसे जुड़े मतदाता अपनी निजी आवश्यक्ताओं को अवैध रूप से फलीभूत करने के लिए पूर्व 50-60 वर्षों से बिना रोक-टोक, बड़े ही सुचारु ढंग से चलाए हुए हैं। इन वर्षों से जब, हिमाचल के स्वार्थीपन से भरे लोग



वन भूमि या राजकीय भूमि को अधिग्रहण करते आ रहे थे तो उस समय का प्रशासनिक लोग एवं हिमाचल के हित की उद्घोषणा कर न थकने वाले तथा देवभूमि को भ्रष्टचार मुक्त करने वाले सत्तारूढ़ राजनीतिज्ञ क्या कर रहे थे? इससे यह तो स्पष्ट प्रतीत हो गया है कि हिमाचल के मतदाता भी भ्रष्टाचार तंत्र के पूर्ण आगोश में हैं।

यही कारण है कि ऐसे हिमाचली निवासी तनिक भी सोच-विचार करने की क्षमता नष्ट कर चुके हैं जिसके अभाव में वह इस संसार से अपना अवैध रूप से कार्य करके तो चले जाएंगे पर, निश्चित ही अपनी आने वाली पीढ़ी को ऐसी भयावह और कभी न निकलने वाली कील ठोंककर गए होंगे, जिसके परिणामस्वरूप उनकी अपनी ही पीढ़ी का सर्वनाश होकर ही रहेगा।

जब पाठक पूर्व वर्षों में आई प्राकृतिक आपदाओं को अपने ध्यान में लाने का कष्ट करने की चेष्टा करेंगे तो उनके समक्ष कुछ तथ्य सामने आएंगे। बरसात में बादल फटना, जल प्रलय अब हिमाचली राजनीतिज्ञों की राजनीति का बहुमूल्य भाग बन चुका है, जिसकी झलक हिमाचल के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बड़े ही ढंग से एक भारतीय राजनीतिज्ञ के रूप में पेश की है कि हजारों एकड़ राजकीय भूमि पर लोगों द्वारा कई दशक पूर्व अधिग्रहण करके जो स्थानीय निवासियों ने सेब बगीचे लगा रखे थे उन अवैध लगाए इन बगीचों पर जब उच्च न्यायालय के आदेश पर वांछित काईवाई हुई तो वह राजनीतिक तौर पर 'बादल फटने और आगे जल प्रलय में बदल गया', क्या बढ़िया तर्क है।

यह बड़ा ही पेचीदा और उससे अधिक गंभीर विषय है कि हिमाचल की प्राकृतिक संपदा और सुंदरता को नष्ट करने के लिए हम सभी राजनीतिक दलों की भाषा तथा ऐसे दलों के राजनीतिज्ञों से जुड़े प्रशासनिक लोगों के मायाजाल को इसलिए नहीं समझ पाते, क्योंकि भारतीय राजनीति ने हमें इतना पंगु कर दिया है कि न गलत हो रहे कार्य के प्रति मुंह खोला जाता है और न किसी मंच पर अपना हित बचाने के कारण आगे आया जा सकता है। संविधान और भारत विधि भी वास्तविक रूप से उन्हें ही सुरक्षा प्रदान करते हैं जो हमारे भारतीय राजनीतिज्ञों और उनसे संबंधित हर कार्यकर्ता का जीवनभर दास बनकर रहता है। अब ऐसा ही है, भारतीय मूल निवासियों का जीवन?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# साहित्यकार, चिंतक, सुधारक और देश भक्त मुंशी प्रेम चंद

उपन्यास सम्राट, समाज सुधारक, नेक एवं कुशल अध्यापक, संपादक, प्रकाशक के साथ-साथ स्वाधीनता संग्राम व असहयोग आंदोलन में महात्मा गांधी का कर्मठता से अनुसरण करने वाला, वह सीधा सादा व्यक्तित्व अर्थात लेखक मुंशी प्रेम चंद से भला कौन परिचित नहीं,,,,? मुंशी प्रेम चंद, जिनका असली नाम धनपत राय था, का जन्म कायस्थ परिवार की माता श्रीमती आनंदी देवी व पिता मुंशी अजायब राय के घर, लमही गांव वाराणसी में 31 जुलाई, 1880 को हुआ था।



डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

प्रारंभिक शिक्षा फारसी में लेने के पश्चात जब ये सात वर्ष के ही थे, तो इनकी माता का देहांत हो गया, घर गृहस्थी को चलाने के लिए पिता ने दूसरी शादी कर ली और जब धनपत राय पंद्रह वर्ष का हुआ, तो उसकी शादी भी जबरदस्ती से करवा दी गई, जब कि धनपत राय शादी के लिए तैयार नहीं था। धनपत की शादी के एक वर्ष बाद ही पिता अजायब राय का भी देहांत हो गया।

घर की बिगड़ी परिस्थितियों में भी धनपत राय ने रोजी रोटी के जुगाड़ के साथ ही साथ अपनी शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने दी और संघर्ष के साथ-साथ वर्ष 1898 में दसवीं भी पास कर ली। इस प्रकार लगातार मुसीबतों का सामना करते हुए, पहली पत्नी के देहावसान के पश्चात, वर्ष 1906 में, सुशिक्षित बाल विधवा शिवरानी देवी नामक महिला से दूसरी बार शादी के बंधन में बंध गए व दो बेटों तथा बेटी के पिता होने का सौभाग्य प्राप्त किया। अपनी नौकरी और शिक्षा को जारी रखते हुए ही 1910 में इंटर पास करने के पश्चात, 1919 में बीए उत्तीर्ण करके शिक्षा विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त हो गए।





इन सभी कार्यों के साथ ही साथ धनपत राय अब उर्दू व हिंदी में साहित्यिक लेखन व अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता आंदोलन की गतिविधियों में भी शामिल होने लगे थे। इनके लेखन में सामाजिक चेतना, यथार्थवाद, ग्रामीण व किसानी जीवन, सामाजिक शोषण, ऊंच नीच, जातिवाद, सामाजिक रूढ़ियां व कुरीतियों की खुल कर चर्चा रहती थी। इन्होंने अपनी कहानियों व उपन्यासों के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए, अपनी रचनाओं द्वारा (ब्रिटिश सरकार के अन्याय और शोषण को देखते हुए )जन-जन में देश भक्ति की भावना जागृत कर दी थी। वर्ष 1921 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के साथ असहयोग आंदोलन व स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो कर धनपत राय ने अपनी नौकरी से भी त्याग पत्र दे दिया था और खुलकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने लगे थे। इसी समय इन्होंने सरस्वती प्रेस खरीद कर जागरण तथा हंस का प्रकाशन व संपादन शुरू कर दिया था। इसके पश्चात पटकथा लेखन के लिए बंबई फिल्मी दुनियां में भी जा पहुंचे थे, लेकिन तीन वर्ष के बाद वहां से वापस लौट आए।

धनपत राय द्वारा वर्ष 1908 में लिखित कहानी संग्रह 'सोजे वतन' के प्रकाशित होते ही, अंग्रेजों ने इस पुस्तक पर प्रतिबंध लगा दिया गया था और समस्त प्रकाशित पुस्तकें जब्त कर ली थीं। इसके पश्चात ही अपनी पहचान को छुपाते हुए ही धनपत राय के नाम के स्थान पर प्रेम चंद के नाम से छपने लगे थे। फिर समस्त लेखन प्रेम चंद के नाम से होने लगा था। इनके द्वारा लिखित साहित्य में कुछ एक मुख्य कृतियां इस प्रकार से गिनाई जा सकती हैं- निर्मला, रंगभूमि, कर्मभूमि, सेवा सदन, कफन, पांच परमेश्वर, बूढ़ी काकी, बड़े घर की बेटी, दो बैलों की कथा, ईदगाह, नामक का दरोगा, शतरंज के खिलाड़ी, ठाकुर का कुआं, सवा सेर गेहूं, गोदान, प्रेमाश्रम, संग्राम, कर्बला और प्रेम की वेदी जैसी कई एक रचनाएं शामिल हैं। जिनमें कहानियां, उपन्यास, नाटक व निबंध आदि आ जाते हैं। इनकी लिखी कहानियों की संख्या लगभग 300, उपन्यास 18 व चार नाटक बताए जाते हैं।

प्रेम चंद जी का यह सृजन कार्य अंतिम समय तक चलता रहा था। जिनमें मंगल सूत्र इनका अंतिम उपन्यास बताया जाता है, जो कि अधूरा ही रह गया है। इस प्रकार महान उपन्यास सम्राट, मुंशी प्रेम चंद अपनी लंबी बीमारी के पश्चात आखिर 8 अक्तूबर,1936 को इस संसार को छोड़ गए। इस प्रकार उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेम चंद एक साहित्यकार होने के साथ ही साथ एक सुलझा दूरदर्शी व्यक्तित्व, समाजशास्त्री,चिंतक,सुधारक,मानवतावादी के साथ ही साथ देश हितकारी देश भक्त भी थे। उनकी इस पावन जयंती पर मेरा शत शत नमन।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सरकाघाट की सड़कें बनी जानलेवा, लोगों में आक्रोश

## लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से बढ़ा हादसों का खतरा, सड़कों पर न सुरक्षा दीवार और न रेलिंग लगाई

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की लापरवाही एक बड़े हादसे को न्योता दे रही है। क्षेत्र की एक दर्जन से अधिक सड़कें पर सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। इन सड़कों पर न तो रेलिंग लगाई गई है और न ही किनारों पर कोई सुरक्षा दीवार। इससे वाहन चालकों को हर वक्त जान का जोखिम बना रहता है।

स्थानीय निवासी बताते हैं कि कई बार 1100 हेल्पलाइन और विभागीय अधिकारियों को शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। मसेरन, तालंगरा और पटडीघाट जैसे क्षेत्रों में आए दिन सड़क दुर्घटनाओं का डर बना रहता है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ी त्रासदी घट सकती है। सरकाघाट-मसेरन-रखोटा-भद्रवाड़, पपलोग, द्वंवारडू, रिस्सा, पिंगला सहित कई लिंक रोड पर 2023 की बरसात में गिरे डंगे अभी तक ज्यों के त्यों पड़े हैं। विभाग की ओर से कोई मरम्मत या पुनर्निर्माण कार्य नहीं किया गया। कई स्थानों पर दीवारें भीतर से खोखली हो चुकी हैं, जिस पर भारी वाहन चलना बेहद खतरनाक है। सड़क किनारे घास इतनी उग आई है कि ड्राइवर को सड़क और खड्ड की पहचान करना मुश्किल हो गया है।

सड़कें जगह-जगह से धंसी हुई हैं, खड्डों की भरमार है, और नालियों की स्थिति भी बेहाल है। मुख्य मार्गों की बात करें तो सरकाघाट से मंडी जाने वाली सड़क भी खस्ताहाल हो चुकी है। उपमंडल भद्रवाड़ में पिछले छह महीनों से न तो टायरिंग हुई है और न ही पैचवर्क किया गया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि विभाग इन खतरनाक सड़कों की स्थिति से वर्षों से अवगत है, लेकिन आज तक रेलिंग या चेतावनी संकेत तक नहीं लगाए गए। लोगों का कहना है कि लगता है विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

### इन्होंने उठाई सुरक्षा दीवार लगाने की मांग

**पूर्व** प्रधान ओम प्रकाश शर्मा, राकेश कुमार, सुनील शर्मा, विक्की ठाकुर, लेख राम, नथु राम, सुरेंद्र पाल शर्मा, काली दास, पूर्व प्रधान तुलसी राम, सुमन कुमार, पवन कुमार, राकेश कुमार, संजय कुमार, बलदेव राम, साजन कुमार, विनय राणा आदि स्थानीय लोगों ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि इन जानलेवा सड़कों पर तुरंत रेलिंग और सुरक्षा दीवारें बनाई जाएं, ताकि भविष्य में कोई अनहोनी न हो।


हादसों को न्योता देती खराब सड़कें।

### फंड की कमी, फिर भी डेंजर स्पॉट पर लगाए जाएंगे डंगे

**लोक** निर्माण विभाग सरकाघाट के अधिशाषी अभियंता हितेश शर्मा ने कहा कि फंड की कमी है। फिर भी जहां डेंजर स्पॉट हैं, वहां पर बरसात थमते ही डंगे लगाए जाएंगे। तब तक जो सड़क किनारे घास हो गई है या डंगे टूट चुके हैं, वहां पर सांकेतिक बोर्ड और पत्थर लगा दिए जाएंगे।

# पुंघ फोरलेन पर 350 ग्राम चरस के साथ दो युवक किए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर



**सुंदरनगर** थाना पुलिस के दल ने पुंघ फोरलेन पर नाका के दौरान दो युवकों को 350 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर कर दी है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना के दल ने मुख्य आरक्षी हंसराज के नेतृत्व में जिसमें आरक्षी सतीश कुमार व कुलदीप शामिल थे, ने बुधवार दोपहर पुंघ फोरलेन पर नाका लगा रखा था। इस दौरान पैदल जा रहे दो युवक पुलिस को देख कर घबरा गए, उनकी गतिविधि पर संदेह होने पर पुलिस ने उन्हें रोका, तो उनके पास पाए गए एक हैंड बैग में 350 ग्राम चरस पाई गई। इस पर पुलिस दल ने आरोपी प्रवीण कुमार (28) पुत्र प्रेम सिंह निवासी गांव थूआरी डाकघर लारजी तहसील सैंज जिला कुल्लू और आशीष शर्मा (29) पुत्र लोतराम शर्मा निवासी गांव व डाकघर नगवाई तहसील औट जिला मंडी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया दोनों आरोपियों के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

# जयराम ठाकुर ने 11 पंचायतों के प्रभावितों को बांटे चेक

## नेता प्रतिपक्ष ने आपदा प्रभावितों के लिए आगे आने वाले दानी सज्जनों का जताया आभार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग और जंजैहली क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने थुनाग में लंगर चला रहे शिवशरण श्री राम लंगर सेवा घुमारवीं के सेवादारों को सम्मानित किया। आपदा प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर गए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने 11 ग्राम पंचायतों के आपदा प्रभावितों को चेक द्वारा सहायता राशि भी वितरित की।

उन्होंने सभी प्रभावितों से कहा कि हमें हौसला नहीं हारना है, अपनी मेहनत और काबिलियत से हम फिर से सब कुछ कर दिखाएंगे। कभी हिम्मत न हारना ही हमारी पहचान है। साथ ही उन्होंने सभी दानी सज्जनों का भी आभार जताया जिनके सहयोग से आपदा प्रभावितों की मदद हो रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कांढ़ा, थरजून (केलोधार), परवाड़ा, सरोआ, अणाह, बाड़ा, मुसरानी, बस्सी, धार जरोल, तुंगाधार, शरन पंचायतों में 53 लोगों को चेक के माध्यम से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी की। इन सभी के घर त्रासदी में पूरी तरीके से नष्ट हो गए हैं और उनके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं बची है। यह सभी लोग या तो अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लिए हैं या फिर किसी न किसी अस्थाई राहत शिविर में रह रहे हैं। हमारी सबसे बड़ी चिंता यह है कि ज्यादातर लोगों के घर और जमीनें सब कुछ बह गए हैं। भविष्य में भी उनके पास घर बनाने का कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है।


आपदा प्रभावितों के लिए दान देने वाले दानी सज्जनों को सम्मानित करते हुए जयराम ठाकुर।

### लंगर समिति घुमारवीं के सेवादार सम्मानित

**जयराम** ने आपदा के दौरान थुनाग में लंगर लगाने वाले शिव शरण श्री राम लंगर समिति, घुमारवीं के सेवादारों को उनकी सेवा के लिए सम्मानित करते हुए कहा कि माता की सेवा करने वालों को सम्मानित करना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि 30 जून की रात आई आपदा ने प्रदेश के कई इलाकों में भारी तबाही मचाई। सराज विधान विधानसभा क्षेत्र में भी बहुत नुकसान हुआ। लोगों के पास न रहने का ठिकाना था और न ही खाने का। ऐसे मुश्किल हालात में शिव शरण श्रीराम लंगर समिति घुमारवीं के सेवादार सामने आए और 5 जून से ही थुनाग में लंगर सेवा का आयोजन किया। 25 दिन तक चले इस लंगर में लगभग 50000 लोगों ने भोजन किया।

### लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री ने मंडी के विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

# विक्रमादित्य ने हरसंभव सहायता का दिया भरोसा

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार तड़के हुई भीषण वर्षा से प्रभावित मंडी शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पहुंचे मंत्री ने वार्ड नंबर 5 स्थित जेल रोड व पैलेस क्षेत्र के साथ-साथ ज़ोनल अस्पताल मार्ग, कल्याण धाम, सैण मुहल्ला और अन्य प्रभावित स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया।

मंत्री ने इस दौरान प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा में अब तक तीन लोगों की दुखद मृत्यु हुई है और 22 से 25 घरों को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से नुकसान पहुंचा है। राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावितों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने बताया कि राहत और पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर भारी चट्टानें गिरने से रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं, जिन्हें रोबो मशीन से कंट्रोल ब्लास्टिंग के माध्यम से हटाया जाएगा, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार अब आपदा पूर्व प्रबंधन को प्राथमिकता दे रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से एक व्यापक रोडमैप तैयार किया जा रहा है, जिससे समय रहते आपदा की चेतावनी दी जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में सड़क निर्माण के दौरान अनियंत्रित कटिंग पर पूरी सख्ती बरती जाएगी और सतत विकास के सिद्धांतों पर आधारित नई नीतियां लागू की जाएंगी।


आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

इस दौरान विधायक अनिल शर्मा, जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर, नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा, एडीसी गुरसिमर सिंह, नगर निगम आयुक्त रोहित राठौर, एसडीएम रूपिंदर कौर सहित लोक निर्माण, जलशक्ति, बिजली, वन व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### करसोग में कानूनी अधिकारों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, करसोग।** नालसा के माध्यम से करसोग के सब डिविजनल विधिक सेवा कमेटी ने ग्राम पंचायत सनारली में आपदा पीड़ितों के लिए एक दिवसीय विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया। अध्यक्ष व खंड न्यायाधीश श्वेता नरूला की अध्यक्षता में संपन्न इस शिविर में लगभग 60 प्रभावित ग्रामीणों ने भाग लिया। अधिवक्ता बलजिंदर कुमार ने आपदा से हुए नुकसान के लिए इंश्योरेंस प्रक्रिया, पशुधन की भरपाई, मोटर वाहन अधिनियम और बाल विवाह निषेध कानून सहित अन्य कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। पंचायत के मनोनीत सदस्य और स्टाफ भी शिविर में मौजूद रहे। इस पहल से आपदा पीड़ितों को कानूनी सहायता व जागरूकता मिली।

### नवोदय में प्रवेश के लिए बढ़ी आवेदन तिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा जेएनवीएसटी-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 13 अगस्त कर दी गई है। इससे पहले यह तिथि 29 जुलाई थी। प्रधानाचार्य एसडी शर्मा ने बताया कि प्रवेश के लिए विद्यार्थी सत्र 2025-26 में सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत होना आवश्यक है। साथ ही, उनका मूल निवास मंडी जिला होना चाहिए। आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन है और नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर किया जा सकता है। आवेदन की जन्म तिथि सीमा 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 तक है।

### सोशल मीडिया फ्रॉड से सतर्क रहने की अपील

**कविता, अनंत ज्ञान।** पधर में उपमंडलीय कानूनी सेवा समिति द्वारा डलाह पंचायत सामुदायिक भवन में साइबर क्राइम जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अधिवक्ता अजय वर्मा ने साइबर अपराध के प्रकार, बचाव के उपाय और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। थाना प्रभारी सौरभ ठाकुर ने सोशल मीडिया फ्रॉड, बैंकिंग ठगी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से हो रहे धोखाधड़ी के खतरे पर चेतावनी दी। उन्होंने लोगों से अनजान नंबर और लिंक पर क्लिक न करने, निजी जानकारी न साझा करने, विश्वसनीय एंटीवायरस उपयोग करने और साइबर अपराध होने पर तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराने का आह्वान किया। शिविर में बार एसोसिएशन पधर के अध्यक्ष अधिवक्ता विपित राम मुगलाना, पंचायत प्रधान हेमंत कुमार महंत सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### द्रमण गांव में खुला जैविक संसाधन केंद्र

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विकास खंड धनोटू की ग्राम पंचायत चांबी के द्रमण गांव में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत जैव आदान संसाधन केंद्र का शुभारंभ किया गया है। यह केंद्र प्रगतिशील किसान अंजू देवी द्वारा कृषि विभाग के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। खंड तकनीकी प्रबंधक लेखराज ने बताया कि यह केंद्र जयदेवी और फंगवास क्लस्टरों के लिए प्राकृतिक खेती में उपयोगी घटक जैसे जीवामृत, बीजामृत, जैविक खाद और स्थानीय बीज उपलब्ध करवा रहा है। इसके साथ ही किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है ताकि वे पारंपरिक खेती से हटकर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ सकें। इच्छुक किसान इस केंद्र से आवश्यक जैविक घटक खरीद सकते हैं और प्राकृतिक खेती को अपना सकते हैं।

# सराज में युद्ध स्तर पर बहाली का कार्य जारी : उपायुक्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने बताया कि आपदा से प्रभावित मंडी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश सरकार के निर्देशों पर राहत एवं पुनर्निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं।

उन्होंने बताया कि सराज क्षेत्र में आपदा प्रभावित दूरस्थ गांवों तक सभी आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग निरंतर कार्य कर रहे हैं। बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य विद्युत बोर्ड के कर्मचारी लाइनें इत्यादि दुरूस्त कर रहे हैं और अभी तक 193 ट्रांसफार्मर बहाल कर दिए गए हैं। आज बुधवार को सुराह क्षेत्र के लिए बिजली आपूर्ति की बहाली के दृष्टिगत टिक्कर व साथ लगते क्षेत्रों में विद्युत कर्मियों ने कार्य किया। जंजैहली सेक्शन के तहत 63 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापित करने का कार्य भी जारी है। इसी सेक्शन के तहत रूशाड़ गांव के लिए विद्युत आपूर्ति लाइन की बहाली का कार्य भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त थुनाग के देजी क्षेत्र के भराड़ में 22 केवी एचटी लाइन की मरम्मत का कार्य भी निरंतर जारी है। उपायुक्त ने बताया कि दूरस्थ प्रभावित गांवों तक सड़क सम्पर्क बहाल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही है। अभी तक 42 सड़कें यातायात के लिए बहाल की जा चुकी हैं। आज बुधवार को देजी व आस-पास के गांवों तक सड़क सुविधा बहाल करने के लिए थुनाग-पंजूट-लामसाफड़ सड़क के पुनर्निर्माण का कार्य जारी रहा।


बिजली की बहाली करते हुए।

थुनाग क्षेत्र में रैणगलू-चैंडी-करसवाली सड़क की मरम्मत का कार्य भी किया जा रहा है। लंबाथाच-शिल्हीबागी-कल्हणी तथा तुंगाधार सड़क को बहाल करने के लिए भी आवश्यक मशीनरी तैनात की गई है।

अपूर्व देवगन ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में मलबा हटाने का कार्य भी तीव्र गति से किया जा रहा है। मुख्य स्थलों के साथ ही विभिन्न संस्थानों से मलबा हटाने के लिए राहत कर्मी निरंतर कार्य कर रहे हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंबाथाच के पिछले हिस्से से अधिकांश मलबा हटा लिया गया है। यहां स्थित राजकीय महाविद्यालय परिसर से भी मलबा हटाने के लिए मानव संसाधन के साथ ही मशीनों का भी प्रयोग किया जा रहा है। लंबाथाच कॉलेज के साथ लगती खड्ड में बाढ़ प्रबंधन के दृष्टिगत भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राहत दल आपदा प्रभावित गांवों का दौरा कर प्रभावितों से संवाद कर रहे हैं। पांडव शिला व धार गांव में प्रभावितों से मिलकर राहत कार्यों पर चर्चा की गई। इन गांवों के लिए विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत बोर्ड कर्मी कार्य कर रहे हैं।

# बरोट में किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल लेने-देन की दी जानकारी


बरोट में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान संजीव सकलानी व अन्य।

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** राज्य सहकारी बैंक शाखा बरोट द्वारा पंचायत घर बरोट में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस दौरान बरोट पंचायत के डॉक्टर रमेश ठाकुर व श्रवण कुमार, बार्ड सदस्य माया देवी सहित पंचायत के लगभग पच्चास महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। शाखा प्रबंधक संजीव सकलानी ने बताया कि इस दौरान उनके द्वारा उपस्थित सभी लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह के गठन बारे, एनआरएलएम योजनाओं तथा डिजिटल लेन-देन आदि की विस्तारपूर्वक जानकारियां प्रदान करवाई गई।

# गोरखा एसोसिएशन ने राहत कोष में दी 42,101 रुपए की सहायता


एसडीएम जोगिंद्रनगर के माध्यम से सीएम राहत कोष में धनराशि अर्पित करते हुए।

अभिषेक, जोगिंद्रनगर

**गोरखा** एसोसिएशन ने मानवता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष में 42,101 रुपए की सहायता राशि भेंट की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष गुरुंग के नेतृत्व में यह धनराशि एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी को सौंपी गई, ताकि यह राशि सीएम रिलीफ फंड तक पहुंचे।

इस अवसर पर आशीष गुरुंग ने कहा कि प्रदेश के कई इलाकों में लोग बेसहारा हो गए हैं और इस कठिन समय में सभी को एकजुट होकर उनकी मदद करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था के सदस्य अपनी कमाई से यह सहयोग लेकर आए हैं।

उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में समाज का हर तबका आगे आकर राहत कार्यों में अपना सहयोग दे रहा है, जो हिमाचल की एकजुटता और मानवता की मिसाल है।

## औषधीय पौधों के संरक्षण में रोटरी क्लब का सराहनीय कदम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में पिछले दस वर्षों से सक्रिय रोटरी क्लब अब औषधीय पौधों की खेती, संरक्षण और संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। रोटरी क्लब ने हर्बल गार्डन हर्बेनियम एवं अनुसंधान केंद्र में इस कार्य को धरातल पर उतारने की तैयारी कर ली है। यह अनुसंधान केंद्र लगभग 120 बीघा भूमि पर फैला है, जहां दुर्लभ प्रजातियों की जड़ी-बूटियों पर कार्य किया जाएगा।

इस संदर्भ में आयुष विभाग मंडी संभाग के उपनिदेशक डॉ. राजन सिंह और रोटरी क्लब के प्रतिनिधियों के बीच हाल ही में बैठक संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रोटरी क्लब के लगभग 40 सदस्य इस नेक कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाएंगे। रोटरी की बीओडी बैठक में भी इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति मिल चुकी है।

# बेतुकी बातें छोड़ सड़कें बहाल करें लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य : निहाल चंद

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह बेतुकी बातें छोड़ आपदा प्रभावित क्षेत्रों में एक माह से बंद पड़ी सड़कें बहाल करने पर जोर दें। सराज में 30 जून की आपदा के बाद बंद पड़ी सड़कें चैलचौक जंजैहली मुख्य सड़क मार्ग को छोड़कर कहीं पूरी तरह बहाल नहीं हुई हैं और मंत्री विदेश दौरे का मजा लेते रहे।

ये आरोप भाजपा के मंडी जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने लगाते हुए कहा कि विक्रमादित्य सिंह हमेशा बेतुकी बातें कर अपनी फजीहत करवाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण मंत्री कह रहे हैं कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दिल्ली जाकर केवल सराज के लिए राहत पैकेज मांगा है, लेकिन वे भूल गए कि आपदा कहां कहां आई है।

### सराज क्षेत्र को राहत, सौंपे गए 30 सोलर पैनल



**इलेक्ट्रॉनिक** स्पाइसेस कंपनी ने सराज क्षेत्र के लिए 30 सोलर पैनल भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा को सौंपे। रविंद्र सिंह ने ममता भाटिया के माध्यम से पैनल दिए और आगे भी लाइटें भेजने का आश्वासन दिया।

निहाल चंद ने कहा कि 30 जून को करसोग, नाचन, धर्मपुर और सराज में ही प्राकृतिक आपदा का प्रकोप बरपा है, जबकि प्रदेश के बाकी हिस्सों में उस दिन कहीं और नुकसान नहीं हुआ। एक ही रात 42 लोगों की मौत होना सामान्य बात नहीं है। 1500 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और अभी भी लोग राहत शिविर में रह रहे हैं। दर्जनों गांव का पूरी तरह संपर्क कटा हुआ है। गांव जाने के पुल तक सारे बह चुके हैं और लोग जान जोखिम में डालकर पैदल नदी नाले पार करने को मजबूर है। झुंडी में नाला पार करते 2 लोग बह भी गए थे और अभी कई जगह संकट बरकरार है। ऐसे हालात के बावजूद मंत्री मात्र 10 मिनट का दौरा कर फोटो खिंचवाकर सराज से निकल गए।

# सरकाघाट-पपलोग सड़क पर पक्के डंगों की मांग

## सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सीएम को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**सरकाघाट-पपलोग-चोलथरा** सड़क पर लगातार बढ़ते खतरे को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद्र भारद्वाज और शहर के बुद्धिजीवियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन एसडीएम सरकाघाट के माध्यम से भेजा गया, जिसमें सड़क के खतरनाक मोड़ों पर पक्के डंगे लगाने और गिरे हुए डंगों की जगह चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया कि मसेरन और सरौरी के पास लगे डंगों में सीमेंट का अभाव है, जिससे उनकी गुणवत्ता संदिग्ध है। विशेष रूप से पपलोग, कराड़ी और जनदरेहड़ी के पास चार स्थानों को प्राथमिकता पर चिन्हित किया गया है। साथ ही, भूस्खलन रोकने व सड़क की गुणवत्ता जांचने के लिए लोक निर्माण विभाग में भू-वैज्ञानिकों की भर्ती की मांग भी की गई है।

अधिशासी अभियंता हितेश शर्मा ने बताया कि विभाग के पास रखरखाव के लिए बजट नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार अगले एक वर्ष तक गैर-जरूरी विकास कार्य रोककर मूलभूत सुरक्षा पर ध्यान दे। इस अवसर पर कई वरिष्ठ नागरिक और पूर्व अधिकारी मौजूद रहे।


एसडीएम सरकाघाट के माध्यम से सीएम को ज्ञापन सौंपते सामाजिक कार्यकर्ता।

**गुस्सा** मातृ शक्ति ने विधायक पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप, पहले से भी बड़े आंदोलन की दी चेतावनी

# संधोल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सिर्फ 3 दिन तैनाती पर आक्रोश

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट** उपमंडल के अंतर्गत संधोल सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर एक बार फिर स्थानीय महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा है। मातृ शक्ति संधोल की अध्यक्ष पूनम ठाकुर ने विधायक चंद्रशेखर द्वारा अस्पताल में केवल तीन विशेषज्ञ डॉक्टरों की महीने में तीन दिन की तैनाती की घोषणा को जनता के साथ छलावा करार दिया है।

उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि जब विधायक ने स्वयं तीन महीने का समय मांगकर क्षेत्रवासियों को स्थाई समाधान का वादा किया था, तो डेढ़ साल बाद ऐसी सीमित व्यवस्था करना वादा खिलाफी है। पूनम ठाकुर ने बताया कि इस अस्पताल के अधीन दर्जनभर पंचायतों के लगभग 23,000 लोगों की जिम्मेदारी है, लेकिन यहां बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं।



अस्पताल का पुराना और नया भवन।

### आठ साल से अस्पताल में नहीं हुई एक भी डिलीवरी, स्वास्थ्य सुविधाएं चरमराईं

उन्होंने याद दिलाया कि दिसंबर की कड़कड़ाती सर्दियों में उन्होंने 23 दिन तक क्रमिक अनशन किया था, जिसमें 49 महिला मंडलों ने उनका साथ दिया था। इसके बावजूद न तो अस्पताल में स्थाई डॉक्टर नियुक्त हुए और न ही आवश्यक उपकरणों को संचालित करने के लिए तकनीकी स्टाफ की तैनाती हुई।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या बीमारियां भी उन तीन तयशुदा तारीखों को ही आएंगी? यदि उस दिन डॉक्टर छुट्टी पर हों या मरीज खुद नहीं पहुंच पाए, तो फिर यह व्यवस्था किस काम की है? उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल में पिछले आठ वर्षों से कोई डिलीवरी नहीं हुई, न ही ईसीजी, अल्ट्रासाउंड या एक्स-रे की नियमित सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यहां 10 किमी दूर जयसिंहपुर सिविल अस्पताल में लगभग पूरा स्टाफ है और अभी लोग टैक्सी आदि करके इतनी दूर कतारबद्ध होना पड़ता है और गंभीर बीमारी के मामले में पालमपुर, हमीरपुर और टांडा जाना पड़ता है।

पूनम ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार और स्थानीय विधायक शीघ्र समाधान नहीं करते, तो मातृ शक्ति संधोल अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर पहले से बड़ा जन आंदोलन छेड़ेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नवोदय पेखुबेला में आवेदन तिथि 13 तक बढ़ी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुबेला में शिक्षा सत्र 2026 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश पाने हेतु चयन परीक्षा के लिए आवेदन तिथि को 29 जुलाई से 13 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य, पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, पेखुबेला ने बताया कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से होगा जिसके लिए वेबसाइट www.navodaya.gov.in अथवा http://cbseitms.rcil.gov.in//nvs पर लॉगइन कर सकते हैं।

### डीसी ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**अनंत ज्ञान, ऊना।** औद्योगिक क्षेत्र पंडोगा में बुधवार को वन विभाग के सौजन्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त जतिन लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए बहेड़े का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि पर्यावरण हमारी साझी धरोहर है और इसकी सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। पौधे लगाने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित रखना और बड़ा करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीर और प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से औद्योगिक क्षेत्रों में भी हरियाली बढ़ाने का अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान औद्योगिक परिसर के भीतर खाली पड़ी भूमि और सड़क किनारे पौधरोपण किया गया। इस अभियान के तहत औद्योगिक क्षेत्र पंडोगा में 600 फलदार और छायादार पौधे लगाए जाएंगे, जिससे क्षेत्र को हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर डीएफओ सुशील राणा, संयुक्त निदेशक उद्योग अंशुल धीमान सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य केंद्र व आंगनबाड़ी केंद्रों को पंखे भेंट किए

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के तहत पड़ती सिंगा पंचायत के प्रधान गुरदेव सिंह उर्फ ज्ञानी बाबा ने सेवा भावना की सोच को आगे बढ़ाते हुए इसी कड़ी मे पंचायत कार्यालय में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र व आठ आंगनबाड़ी को पंखे भेंट किए गए। इससे पहले भी बाबा जी ने अपने पास से स्कूलों को वाटर कूलर व जरूरतमंद बच्चों को जूते भी भेंट किए थे। सभी आशा वर्कर व सहायिकाओं ने इस कार्य की सराहना की है। उन्होंने कहा कि बाबा जी हर समय गांव के विकास व बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते रहते है। इस अवसर पर पंचायत सचिव स्नेह लता, राज कुमारी, सुषमा, नीता कुमारी, कमलेश कुमारी, रजनी बाला, राज रानी, राज देवी, निशा, हेल्थ वर्कर कुलविंदर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान का बंगाणा कॉलेज में शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण को समर्पित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर द्वारा पौधरोपण कर किया गया। प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि यह प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई एक अभिनव और भावनात्मक पहल है, जो हर नागरिक को अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करता है। यह अभियान न केवल प्रकृति की सेवा है, बल्कि मातृत्व के प्रति सम्मान का अनोखा प्रतीक भी है। एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सिकंदर नेगी ने बताया कि यह अभियान अब केवल महाविद्यालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि निकटवर्ती गांवों मुछाली और नायली में भी पौधरोपण किया जाएगा और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की उपप्राचार्या प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. नंदलाल, डॉ. कुलदीप सिंह, प्रो. निकिता सहित कई शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ प्रधान व टीम का सम्मान

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के मुख्य प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा एवं भंजाल टीम ने अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला ऊना के प्रधान वरुण पाठक एवं उनकी टीम को सम्मानित किया। राजन शर्मा ने बताया कि मिनिस्ट्रियल स्टाफ चाहे वह पाठशाला परिसर हो, चाहे डिप्टी डायरेक्टर ऑफिस हो उनका सदैव सहयोग रहता है। इस अवसर पर वरुण पाठक के साथ कर्मचारी संघ के अन्य नेताओं दिनेश कुमार अनुभव शर्मा एवं अन्य को भी भजाल टीम ने सम्मानित किया। इस अवसर पर स्थानीय पाठशाला के अधीक्षक दिनेश शर्मा लेक्चरर मुकेश कुमार, संदीप कुमार, शशि कुमार एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थिति थे।

### वार्ड-5 धुंदला व वार्ड-8 चताड़ा के परिसीमन में आंशिक संशोधन


**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 124 तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 9 के तहत जिला परिषद ऊना के वार्ड-5 धुंदला और वार्ड-8 चताड़ा के परिसीमन में आंशिक संशोधन कर शुद्धिपत्र बुधवार को अंतिम रूप से प्रकाशित कर दिया गया है। यह जानकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने दी। नगर पंचायत बंगाणा घोषित होने के बाद ग्राम पंचायत हटली केसरू के गांव रिट सतरूखा को जिला परिषद परिसीमन से बाहर रखा गया था। लेकिन शहरी विकास विभाग की अंतिम अधिसूचना जारी न होने के कारण इस गांव को पूर्ववत पंचायत हटली केसरू में शामिल कर दिया गया है। इस संशोधन के बाद जिला परिषद वार्ड-5 धुंदला में अब ग्राम पंचायतें धुंदला, अरलू खास, करमाली, पिपलू, सुकड़ियाल, चमियाड़ी, सिहाणा, हटली केसरू, जसाणा, डोहगी, मलांगड़, धतोल, लठियाणी, तनोह, ढियूंगली और बुधान शामिल होंगी। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इन पंचायतों की कुल आबादी 25,007 है और ये पंचायतें पंचायत समिति बंगाणा के अंतर्गत आती हैं। वहीं, ग्राम पंचायत टब्बा का कुछ भाग नगर निगम ऊना में पुनः शामिल होने और ग्राम पंचायत चताड़ा की जनसंख्या अधिक होने के कारण जिला परिषद वार्ड-8 का परिसीमन संशोधित कर इसका नाम वार्ड-8 चताड़ा कर दिया गया है। अब इस वार्ड में ग्राम पंचायतें टब्बा, चताड़ा, बसोली, मदनपुर, लमलैहड़ी, डंगोली, समूरकलां, बरनोह, जनकौर, अबादा बराना और सुनेहरा सम्मिलित हैं। इनकी कुल आबादी 18,514 (जनगणना 2011) है और ये पंचायतें पंचायत समिति ऊना के अधीन आती हैं। गौरतलब है कि जिला परिषद ऊना में कुल 17 निर्वाचन क्षेत्र हैं, जिनमें पंचायत समिति अंब, बंगाणा और गगरेट में तीन-तीन तथा हरोली और ऊना में चार-चार वार्ड शामिल हैं।

एक पौधा माँ के नाम के तहत स्वामी विवेकानंद स्कूल मे किया पौधरोपण 7

### पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** गगरेट के स्वामी विवेकानंद स्कूल बड़ोह मे एक पौधा माँ के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी व उद्योगपति विश्वजीत पटियाल ने विशेष रूप से उपस्थित होकर पौधरोपण किया। वहीं, इस कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी स्कूल के मैदान मे पौधरोपण किया। छात्रों ने पौधों का पालन-पोषण कर उन्हें वृक्ष बना कर सहेजने का संकल्प लिया। स्कूल की प्रिंसिपल साधना कुमारी व विवेक कुमार ने इस इस अवसर पर कहा कि स्कूल मे विद्यार्थियों व उनकी माताओं ने एक पौधा मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर उनके साथ स्कूल का स्टाफ व विद्यार्थियों के अभिवावक उपस्थित थे।

### सनातन संस्कृति के पूज्य पौधे किए रोपित



**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** आधुनिकता की दौड़ में जब लोग तेजी से विदेशी पौधों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, ऐसे समय में क्षेत्र के युवाओं ने सनातनी परंपरा और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक सराहनीय पहल की है। सौरभ धीमान, अमित गौतम, संजीव बजरंगी, मंजीत केशव और उनके साथियों ने मिलकर पीपल, वटवृक्ष (बड़), नीम, बेलपत्र और देसी आम जैसे भारतीय संस्कृति में पूज्य पौधों का रोपण किया और उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया है। इन युवाओं ने न केवल इन वृक्षों को रोपा, बल्कि जब तक ये पूर्णतः आत्मनिर्भर न हो जाएं, तब तक उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी स्वयं ली है। उनका मानना है कि वृक्ष केवल पर्यावरण के लिए ही नहीं, बल्कि हमारी सनातनी परंपरा और जीवनशैली के अभिन्न अंग हैं। इस अभियान के सूत्रधार सौरभ धीमान ने कहा, 'हमारे बुजुर्ग बिना बिजली के जीवन इन पेड़ों की छाया में बिताया करते थे। पीपल, बरगद और नीम जैसे पेड़ न केवल जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि हमारी संस्कृति में भी इनका विशेष स्थान है। आज की पीढ़ी इन वृक्षों को कटवाकर संस्कृति और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचा रही है।' उन्होंने अपील की कि हम सबको मिलकर देसी वृक्षों को पुनर्जीवित करने का अभियान चलाना चाहिए।

## बंगाणा सिविल अस्पताल की रोगी कल्याण समिति की बैठक में विधायक बोले–बनाएंगे आदर्श अस्पताल

# जल्द मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



बंगाणा सिविल अस्पताल की रोगी कल्याण समिति की बैठक में मौजूद गणमान्य, जिन्होंने अस्पताल के लिए 22 लाख का बजट पारित किया।

**बंगाणा।** सिविल अस्पताल बंगाणा की रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को उपमंडलाधिकारी कार्यालय बंगाणा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने की। बैठक में समिति के सदस्यों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और अस्पताल प्रशासन समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस बैठक में सिविल अस्पताल बंगाणा के लिए 22 लाख रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। यह बजट अस्पताल में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए खर्च किया जाएगा।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि सिविल अस्पताल बंगाणा न केवल बंगाणा उपमंडल, बल्कि आसपास की 25 पंचायतों के हजारों लोगों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का केंद्र है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि इस अस्पताल को आदर्श अस्पताल के रूप में विकसित किया जाए, जहां आमजन को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक सुविधाएं मिलें।

विधायक ने जानकारी दी कि अस्पताल में एक माह के भीतर अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित की जाएगी, जिससे गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को निजी क्लीनिक की निर्भरता से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही तीन-बेड वाला एमरजेंसी वार्ड भी अस्पताल परिसर में बनाया जाएगा ताकि आपातकालीन स्थितियों में तत्काल इलाज संभव हो।

**जन औषधि केंद्र और कैंटीन की शुरुआत :** बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मरीजों और तीमारदारों की सुविधा के लिए अस्पताल में कैंटीन और जन औषधि केंद्र स्थापित किए जाएंगे। विवेक शर्मा ने कहा कि यह पहल खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। जन औषधि केंद्र के माध्यम से मरीजों को कम कीमत पर दवाइयां उपलब्ध होंगी।

**रात्रिकालीन सुरक्षा के लिए होमगार्ड की तैनाती :** विधायक ने यह भी घोषणा की कि अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रात्रिकालीन समय में होमगार्ड जवानों की तैनाती की जाएगी। इससे न केवल स्टाफ को सुरक्षा मिलेगी, बल्कि मरीजों को भी आपात स्थिति में सहायता उपलब्ध होगी।

**सुझावों पर होगा अमल :** बैठक में मौजूद क्षेत्रीय गणमान्य लोगों और समिति सदस्यों ने अस्पताल के विकास को लेकर कई सुझाव रखे, जिन पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन विधायक ने दिया। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और बंगाणा क्षेत्र को हरसंभव सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

**बैठक में ये रहे मौजूद :** इस बैठक में एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, तहसीलदार अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, कृषि अधिकारी सतपाल धीमान, थाना प्रभारी रोहित चौधरी, एडीओ बिजली बोर्ड उदित, जिला पार्षद सत्या देवी, कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, देवसराज मोदगिल, केवल कृष्ण शर्मा, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य सहित अस्पताल स्टाफ व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी के सरकारी आवास परिसर में घुस गया अजगर, किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, ऊना**



रेस्क्यू किए गए अजगर के साथ जतिंद्र कुमार।

जिला मुख्यालय के साथ एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां मंगलवार देर रात पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित यादव के सरकारी आवास परिसर में एक विशालकाय अजगर घुस आया। करीब 9 फुट लंबा और लगभग 90 किलो वजनी यह अजगर देख कर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद परिवारजन और पुलिसकर्मी हक्के-बक्के रह गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत ऊना के अनुभवी स्नेक कैचर जतिंद्र कुमार को बुलाया गया।

जतिंद्र अपनी बेटी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बिना समय गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने अजगर को सुरक्षित रूप से काबू कर लिया और अपने साथ ले गए। जतिंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें रात में एसपी के निजी सुरक्षा कर्मी का कॉल आया था, जिसमें अजगर की मौजूदगी की जानकारी दी गई। हमें बेहद सतर्कता और टीमवर्क से रेस्क्यू करना पड़ा। मेरी बेटी ने इस दौरान पूरा सहयोग दिया। अजगर को फिलहाल सुरक्षित रूप से जतिंद्र कुमार के घर पर रखा गया है और जल्द ही उसे ऊना के बनखंडी जंगल में छोड़ दिया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मार्च 2025 से अब तक वह 300 से अधिक सांपों को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगलों में छोड़ चुके हैं। इस नेक कार्य में उनकी बेटी लगातार उनके साथ काम करती है।

जतिंद्र का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल सांपों को बचाना नहीं है, बल्कि समाज में इनके प्रति फैले अंधविश्वास और डर को भी दूर करना है। लोग सांपों को मारने के बजाय विशेषज्ञों को बुलाएं, ताकि इन जीवों की जान भी बचाई जा सके और पर्यावरण संतुलन भी बना रहे।

## बालीबाल स्कूल में स्काउट एंड गाइड दीक्षा संस्कार समारोह का धूमधाम से आयोजन



बालीबाल स्कूल में स्काउट एंड गाइड दीक्षा संस्कार समारोह में प्रधानाचार्य एवं छात्र।

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालीबाल में स्काउट एंड गाइड का विद्यालय में दीक्षा संस्कार समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की वर्ष 2025 – 26 के लिए नवगठित भारत स्काउट एंड गाइड इकाई के स्काउट एंड गाइड्स को प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कौशल ने स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि युवाओं में चरित्र निर्माण, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व कौशल का विकास करने हेतु यह बहुत बढ़िया प्लेटफॉर्म है। उन्होंने स्काउट एंड गाइड्स के माध्यम से सामाजिक जागरूकता और जीवन कौशल को भी बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह में सर्वप्रथम स्काउट एंड गाइड का स्कार्फ समारोह, प्रतिज्ञा एवं विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के सुपरिंटेंडेंट ग्रेड-2 रामलाल, उप प्रधानाचार्य राजेश कुमार, प्रवक्ता अनिल कुमार, धर्मपाल, अंजू कौशल सारिका विशिष्ट, गौरव जोशी बलविंदर सिंह, छोटेलाल धीमान, तिलक राज कुलविंदर कौर, महेश कुमार, नीता अनिता कुमारी, मनीष, अशोक कुमार प्रवीण कुमार, तिलक राज, समझौता देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## छठे नवरात्र में श्रद्धालुओं की रही भीड़

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



मां चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की काफी चहल-कदमी देखी जा रही है।

बुधवार को श्रावण अष्टमी मेले के छठे दिन श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी दर्ज की गई। मेले के समापन के लिए अब दो दिन बाकी रह गए हैं। अष्टमी को कन्या पूजन कर लंगर संस्थाएं चिंतपूर्णी से वापस अपने राज्य को लौटेंगी। इसके बाद धीरे-धीरे मेला क्षेत्र से भीड़ कम होनी शुरू हो जाएगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि मेला क्षेत्र से रविवार के बाद ही भीड़ कम होगी, वहीं सप्तमी के दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इसी को चलते हुए मंदिर न्यास द्वारा अतिरिक्त बेरी गेट और पुलिस की व्यवस्था की जा रही है ताकि लाइन व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके और श्रद्धालुओं को दर्शन हो सकें।

वहीं, चिंतपूर्णी पुलिस भी थाना प्रभारी जयराम शर्मा के नेतृत्व में ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही है वहीं दूसरी और मोइन चौकी इंचार्ज संजीव कुमार भी समनोली बाईपास पर ट्रैफिक को लेकर स्मूथ व्यवस्था बनाते हुए दिखाई दे रहे है। मेला अब समापन की ओर बढ़ रहा है। मेले में सभी विभाग संयुक्त प्रयास से बेहतरीन कार्य कर रहे हैं, वहीं एसडीएम सचिन शर्मा ने कहा भीड़ प्रबंधन के लिए प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है जिसमें सीसीटीवी फुटेज का इस्तेमाल किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को कम समय में मां के दर्शन हों, इसके लिए व्यवस्था की गई है।

मां श्री चिंतपूर्णी का श्रावण अष्टमी मेला आस्था, सेवा और वाणिज्य का संगम है। श्रावण अष्टमी मेले में धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की भक्ति और आस्था का प्रदर्शन होता है। विभिन्न विभिन्न राज्यों की लंगर संस्थाओं द्वारा लंगर के माध्यम से श्रद्धालुओं को निशुल्क भोजन परोसा जाता है, जो सेवा भाव का प्रतीक है। धार्मिक स्थल बाहरी राज्य से आए व्यापारियों से भारी संख्या में व्यापार भी हो रहा है, जैसे कि प्रसाद, पूजा सामग्री, और अन्य वस्तुओं की बिक्री। यह संगम धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं को एक साथ लाता है, जो धार्मिक स्थलों की विशेषता है। इस धार्मिक स्थल से कई लोगों को रोजगार मिल रहा है।

## सुक्खू सरकार के चिट्टे के खिलाफ फैसले का सुनील ठाकुर ने किया समर्थन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** सुक्खू सरकार ने युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकालने के लिए एक ऐतिहासिक और साहसिक फैसला लेते हुए कैबिनेट बैठक में बड़ा निर्णय लिया है। अब राज्य में सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने वाले हर युवा को ड्रग्स, विशेषकर चिट्टा जैसे घातक नशे पर डोप टेस्ट से गुजरना होगा। सरकार के इस कदम का उद्देश्य है कि राज्य में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोका जाए ताकि नशामुक्त समाज का निर्माण हो। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कुटलैहड़ के वरिष्ठ नेता सुनील ठाकुर काले बसातर ने सुक्खू सरकार की इस नीति की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की सोचकर ऐसा ठोस निर्णय लेती है, तो वह प्रशंसा के योग्य होता है।

## पंजाब सिंध बैंक का एटीएम बंद श्रद्धालु परेशान

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** श्रावण अष्टमी मेले में पंजाब सिंध बैंक एटीएम के बंद रहने के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, यह एटीएम पिछले 1 महीने से खराब है, जिसके कारण स्थानीय ग्राहकों को भी परेशानी हो रही है। नया बस स्टैंड चिंतपूर्णी के पास एक ही एटीएम है, जो कि बंद होने से श्रद्धालुओं को नकदी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी विक्रांत सूद ने बताया कि एटीएम की खराबी के कारण उन्हें और अन्य स्थानीय ग्राहकों को परेशानी हो रही है। बैंक के मैनेजर महेंद्र सिंह जसवाल ने बताया कि यह एटीएम खराब है और इसके स्थान पर नया एटीएम लगेगा। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों को इस बारे में अवगत करा दिया गया है और जल्द ही नया एटीएम लगाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय ग्राहकों को राहत मिलेगी।

## सुक्खू सरकार के भर्ती व अन्य नौकरी के लिए चिट्टा टेस्ट फैसले का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में भर्ती से पहले चिट्टा (ड्रग्स) सेवन पर फिटनेस टेस्ट अनिवार्य करने के फैसले को प्रदेशभर में सराहना मिल रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए इस निर्णय को समाज हित में एक साहसिक कदम माना जा रहा है।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने इस निर्णय की प्रशंसा करते हुए इसे युवाओं के भविष्य और समाज की भलाई के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। विवेक शर्मा ने कहा कि चिट्टा जैसे घातक नशे ने हिमाचल के युवाओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से कमजोर कर दिया है। इसने न केवल युवाओं का भविष्य संकट में डाला है, बल्कि कई परिवारों को तबाह किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का ड्रग्स टेस्ट न केवल भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएगा, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रहने की चेतावनी और प्रेरणा भी देगा। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का यह कदम केवल एक सरकारी नीति नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार की दिशा में ठोस पहल है। विधायक ने सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से इस अभियान में भागीदारी की अपील की और कहा कि नशा किसी एक व्यक्ति या पार्टी की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की चुनौती है।

विवेक शर्मा ने यह भी घोषणा की कि आने वाले समय में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विशेष नशा-निवारण जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें स्कूलों, कॉलेजों और पंचायतों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने पुनर्वास केंद्रों को मजबूत करने और युवाओं को सही मार्गदर्शन देने की भी आवश्यकता जताई। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल जल्द ही एक बार फिर नशा-मुक्त, स्वस्थ और सुरक्षित राज्य के रूप में पहचान बनाएगा।

## लठियाणी पंचायत में शौचालय निर्माण वर्षों से अधर में

**अनंत ज्ञान, लठियाणी**

- स्थानीय लोगों, दुकानदारों और पंचायत प्रतिनिधियों ने लगाई समाधान की गुहार

उपमंडल बंगाणा की लठियाणी पंचायत में सार्वजनिक शौचालय की गंभीर कमी जनसमस्या बनी हुई है। स्थानीय दुकानदारों रमेश चंद, मोहित मिट्ठू, दिनेश कुमार, मनीष कुमार, अतुल सिंह, दर्शन सिंह, करमचंद, मदनलाल, राकेश कुमार, सतीश कुमार, जगमोहन सिंह, अशोक कुमार, राकेश कुमार, रणजीत सिंह, विनोद शर्मा, गुरुदेव चंद गोगा, विजय कुमार एवं अन्य दुकानदारों ने कहा कि शौचालय न होने के कारण उन्हें बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

यह मुद्दा केवल स्वच्छता से जुड़ा नहीं है, बल्कि जनस्वास्थ्य और मानवीय गरिमा से भी प्रत्यक्ष संबंध रखता है। लठियाणी पंचायत के प्रधान जोगिंदर शर्मा पौणु ने बताया कि शौचालय निर्माण हेतु पंचायत ने लोक निर्माण विभाग की भूमि पर प्रस्ताव तैयार कर लगभग सात-आठ महीने पहले विकास खंड अधिकारी को प्रस्तुत कर दिया था। इतना ही नहीं, विकास खंड अधिकारी द्वारा प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण भी किया गया है, परंतु दुर्भाग्यवश अभी तक तक शौचालय निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। शौचालय केवल ईंट-पत्थर की दीवार नहीं, यह इज्जत, सुविधा और स्वच्छता की पहचान है। जिस जगह यह नहीं, वहां तकलीफ हर एक इंसान की कहानी है।

पंचायत समिति सदस्य जोगिंदर देव आर्य ने भी शौचालय की आवश्यकता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पंचायत, जनता और दुकानदारों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू करवाने का भरसक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कोई नई मांग नहीं, बल्कि कई वर्षों से लंबित समस्या है, जिससे अब निपटना अत्यंत आवश्यक है। लठियाणी पंचायत के उपपंचायत के प्रधान निर्मल सिंह ठाकुर ने भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समस्या कई वर्षों से लटकी हुई है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि जल्द से जल्द शौचालय का निर्माण करवाकर जनता को इस समस्या से स्थायी समाधान किया जाए।

पंचायत सदस्यों में सुरजीत सिंह, राकेश कुमार, लक्ष्मी देवी, अंजना कुमारी, अनिता कुमारी एवं अन्य प्रतिनिधियों ने भी इस विषय को प्राथमिकता से हल करने का आह्वान किया है। पंचायत और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त रूप से कई वर्षों से इस मांग को वास्तविकता में कब बदलती है। जब तक शौचालय का निर्माण नहीं होता, तब तक आम जनजीवन असुविधा, अस्वच्छता और असंतोष की स्थिति में ही रहेगा।

**आयोजन** हिमोत्कर्ष प्रशिक्षण संस्थान की छात्राओं ने धूमधाम से मनाया तीज पर्व, छात्राओं ने आकर्षक रैंप वॉक कर दिखाई प्रतिभा

# वृंदा बनी मिस तीज और अमनदीप की मिस ब्यूटीफुल स्माइल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



हिमोत्कर्ष महिला मंच व हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान ऊना ने किया आयोजन।

हिमोत्कर्ष महिला मंच व संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान ऊना के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को तीज पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में समाजेसवी सुलोचना देवी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि समाजसेवी सेवाानिवृत शिक्षिका नीलम अग्रिहोत्री ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम में इन्नरव्हील क्लब ऊना की अध्यक्ष शोभा सोनी, सचिव अमरजीत बबली व वरिष्ठ सदस्य कमला कंवर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। मुख्यातिथि सुलोचना ठाकुर ने सभी छात्राओं को हरियाली तीज पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि तीज पर्व का महिलाओं के लिए विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि आस्था, उमंग, प्रेम व सौंदर्यता के प्रतीक के रूप में तीज पर्व को पूरे उत्तर भारत में मनाया जाता है। कार्यक्रम अध्यक्ष नीलम अग्रिहोत्री ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को बधाई देते हुए हिमोत्कर्ष परिषद के विभिन्न सामाजिक कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि परिषद समाज के जरूरतमंद तबके के उत्थान के लिए प्रयासरत है।

उन्होंने संस्थान की छात्राओं को विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन के लिए भी बधाई दी। हिमोत्कर्ष महिला मंच की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूपा ठाकुर ने कार्यक्रम में सबका स्वागत करते हुए महिला मंच की गतिविधियों बारे भी जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया।

फैशन डिजाईनिंग हाबी ट्रेड की छात्रा यशिका ने मनमोहक नाटी की प्रस्तुति दी,जबकि कटिंग एंड टेलरिंग ट्रेड की छात्राओं निशा एवं समूह तथा हाबी कोर्स फैशन डिजाइनिंग की छात्राओं प्रिया एवं हर्षा व समूह तथा वृंदा व समूह ने शानदार समूह नृत्य व तनिशा ने पंजाबी नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। हिमोत्कर्ष संस्थान की 12 छात्राओं ने आकर्षक रैंप वाक कर अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्यातिथि सुलोचना ठाकुर व कार्यक्रम अध्यक्ष नीलम अग्रिहोत्री ने विजेता व उपविजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। तीज पर्व पर आयोजित प्रतियोगिता में वृंदा ने मिस तीज का खिताब जीता, जबकि चांद प्रथम रनरअप व यशिका देवी द्वितीय रनरअप रही, जबकि अमनदीप कौर मिस ब्यूटीफुल स्माइल, नीरू मिस ब्यूटीफुल आईस तथा सिमरनजीत कौर मिस ग्लोइंग स्किन चुनी गई।

इन्हें मुख्यातिथि सुलोचना ठाकुर व विशिष्ट अतिथि नीलम अग्रिहोत्री ने क्राऊन पहना कर सम्मानित किया। इन्होंने जीते पुरस्कार तीज पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में हर्ष ने प्रथम व नवनीत कौर ने द्वितीय तथा प्रिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में नीता ने प्रथम, वृंदा ने दूसरा व तनिशा ने तीसरा स्थान हासिल किया। मालपुड़े प्रतियोगिता में तनिशा ने प्रथम, हरसिमरन कौर ने द्वितीय व अमनदीप कौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दही-भल्ला प्रतियोगिता में नरिंद्र कौर ने प्रथम, हर्ष ने दूसरा व रमा कुमारी तीसरे स्थान पर रही।

पतेहड़ प्रतियोगिता में नीता कुमारी ने प्रथम, दिव्या शर्मा ने दूसरा व यशिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। खीर स्पर्धा में नरिंद्र कौर ने प्रथम, नीता कुमारी ने दूसरा व तनिशा ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रशिक्षण कोर्स पुरा करने पर 18 छात्राओं को प्रमाण पत्र कार्यक्रम में मुख्यातिथि सुलोचना ठाकुर व कार्यक्रम अध्यक्ष नीलम अग्रिहोत्री ने संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान की 118 छात्राओं को कटिंग टेलरिंग व फैशन डिजाईनिंग हाबी कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

**कार्यक्रम** में मुख्यातिथि सुलोचना ठाकुर व कार्यक्रम अध्यक्ष नीलम अग्रिहोत्री, विशिष्टातिथि इन्नरव्हील क्लब ऊना की अध्यक्ष शोभा सोनी, सचिव अमरजीत बबली, कमला कंवर, हिमोत्कर्ष महिला मंच वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूपा ठाकुर, प्रेस सचिव रमा कंवर, रंजना जसवाल, मंजू मनकोटिया, अनीता सूद, मनीषी ठाकुर, शिल्पा, प्राचार्य नरेश सैणी, हिमोत्कर्ष प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, महासचिव यशपाल ठाकुर, करण पाल मनकोटिया, उपप्रधानाचार्य रंजू वाला, अध्यापिका मीना ठाकुर, निशा सहित संस्थान की 40 से अधिक छात्राएं उपस्थित थी।

# एनएच-305 के किनारे गिर रहे पत्थर व चट्टानें बनीं खतरा

## किरण बाजार में बरसात बनी आफत, हर पल खतरा, एसडीएम से की सुरक्षा के ठोस इंतजामों की मांग

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**



**आनी।** नेशनल हाईवे-305 के किनारे बसे आनी कस्बे के किरण बाजार में बरसात के मौसम ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। क्षेत्रवासी इन दिनों पहाड़ी से गिरते मलबे और पत्थरों के चलते खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं, जबकि किरण बाजार की पहाड़ी पर रॉक बोल्टिंग करने की फाइल अभी तक दफ्तरों के चक्कर काट रही है, जबकि एक साल से फाइल कहीं रुक ही गई है। वहीं, हाल ही में आईसीआईसीआई बैंक के सामने पहाड़ी से एक विशाल चट्टान खिसक कर एनएच किनारे खड़ी एक गाड़ी पर आ गिरी और गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। सौभाग्य से यह घटना रात करीब 3 बजे की है और उस समय वाहन में कोई सवार नहीं था और न ही हाइवे पर कोई ट्रैफिक था, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।

14 अगस्त, 2023 को भारी बारिश के कारण किरण बाजार में अचानक पहाड़ी खिसक गई थी और टनों के हिसाब से मलबा नीचे जा गिरा था। इससे एनएच-305 को भारी नुकसान हुआ था और मार्ग कई दिनों तक बाधित रहा था, जबकि किरण बाजार के कई घरों के बाशिंदों को करीब दो सप्ताह तक दूसरे घरों में शरण लेनी पड़ी थी। किरण बाजार के ठीक ऊपर बने मकानों पर लगातार खतरा बना रहा। इस घटना के ठीक दस दिन बाद 24 अगस्त को आनी के नया बस स्टैंड के पास पहाड़ी दरकने से सात मकान जमींदोज हो गए थे और कई परिवार बेघर हो गए थे। इसके बाद मुख्यमंत्री सुक्खू ने खुद आनी का दौरा किया था और किरण बाजार की पहाड़ी का निरीक्षण करवाकर रिपोर्ट बनाने के आदेश भी दिए थे। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन की अगुवाई में गठित एक विशेषज्ञ कमेटी ने किरण बाजार की पहाड़ी का निरीक्षण कर एक रिपोर्ट तैयार की थी। कमेटी ने सुझाव दिया कि किरण बाजार क्षेत्र से धंस रहे मलबे को हटाकर इस क्षेत्र की एंकरिंग करके कंक्रीट से भरा जा सकता है और वहां रॉक बोल्टिंग की सिफारिश की थी, लेकिन अफसोस की बात है कि यह योजना आज भी कागजों में अटकी हुई है और पिछले दो वर्षों से संबंधित फाइल आनी के एसडीएम कार्यालय, डीसी कुल्लू कार्यालय और पीडब्ल्यूडी निरमंड के बीच घूम रही है।

इस बीच किरण बाजार के दो दर्जन से अधिक मकानों में रह रहे लोगों में हर बरसात में डर का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने एसडीएम आनी से त्वरित हस्तक्षेप करते हुए सुरक्षा उपायों के जल्द क्रियान्वयन की मांग की है। इस बारे में एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि उन्होंने हाल ही में कार्यभार संभाला है, लेकिन समस्या की गंभीरता को देखते हुए वह इसे प्राथमिकता से ले रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही पूरी योजना की फाइल नेशनल हाईवे विभाग को सौंप दी जाएगी, ताकि ठोस कार्रवाई शुरू की जा सके।

## ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ा, रिहायशी इलाकों में खतरा

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** पिछले दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे नदी के किनारे बसे रिहायशी इलाकों में खतरा मंडरा रहा है।

नदी के बहाव को आवासीय क्षेत्रों से दूर रखने के लिए लगाए गए मलबे के ढेर ब्यास के तेज बहाव में बह गए हैं। क्लाथ, पतलीकूहल और रायसन में मलबा बहा। जानकारी के अनुसार, क्लाथ, पतलीकूहल और रायसन जैसे क्षेत्रों में ब्यास के दोनों ओर लगाए गए मलबे के विशाल ढेर पानी में बह गए हैं। इन ढेरों को नदी के बहाव को नियंत्रित करने और उसे आबादी वाले क्षेत्रों से दूर रखने के उद्देश्य से लगाया गया था, लेकिन जलस्तर बढ़ने से यह प्रयास विफल रहा है। अब इन क्षेत्रों में ब्यास नदी के किनारे स्थित मकानों को सीधा खतरा उत्पन्न हो गया है। हालांकि, राहत की बात यह है कि जल शक्ति विभाग द्वारा निर्मित आरसीसी की कुछ अधूरी दीवारें अभी भी मजबूती से खड़ी हैं। ये दीवारें फिलहाल ब्यास के बढ़ते दबाव को झेल पा रही हैं, लेकिन यदि बारिश का दौर इसी प्रकार जारी रहा और जलस्तर में और वृद्धि हुई, तो इन दीवारों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है।

### प्रशासन की लोगों से अपील, नदी से दूर रहें

**मनाली** के एसडीएम रमण शर्मा ने लगातार हो रही बारिश और ब्यास तथा उसकी सहायक नदियों के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर लोगों से अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग ब्यास नदी के किनारों से दूर रहें और किसी भी तरह के खतरे से बचें। उन्होंने जोर दिया कि प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी की जा रही सूचनाओं और चेतावनियों को गंभीरता से लें और उन पर अमल करें, ताकि जान-माल का कोई नुकसान न हो।

# अच्छी फसल के लिए देवता कार्तिकेय स्वामी ने बच्चों के साथ खेली कीचड़ की होली

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के साथ लगते सिमसा गांव के अधिष्ठाता भगवान कार्तिकेय स्वामी ने बच्चों के साथ धान के खेतों में कीचड़ की होली खेली।

हर साल की तरह इस बार भी भगवान कार्तिकेय स्वामी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया और इस अवसर पर अच्छी फसल के लिए बच्चे देवता कार्तिकेयस्वामी के साथ धान के खेत मे खेलते हैं। इसी कड़ी में इस बार भी इस परंपरा का बखूबी निर्वहन हुआ। अपने जन्मदिन के दिन देवता कार्तिकेय स्वामी का रथ धान के खेत में बच्चों के संग जमकर कीचड़ में खेलता हुआ नजर आया। इस दौरान वाद्ययंत्रों के साथ पूरा माहौल भक्ति में हो गया। कार्तिकेय स्वामी मंदिर के पुजारी मकरध्वज शर्मा और स्थानीय निवासी टेक चंद ठाकुर ने बताया कि सदियों से चली आ रही परंपरा को आज भी लोगों ने संजोए रखा है। उन्होंने कहा कि मनाली के सिमसा गांव में भगवान कार्तिकेय स्वामी का सदियों पुराना प्राचीन मंदिर है, जहां भगवान कार्तिकेय स्वामी निवास करते हैं। उन्होंने बताया कि श्रावन मास में भगवान कार्तिकेय स्वामी का रथ मंदिर से बाहर निकाला जाता है।



धान के खेतों में देवता कार्तिकेय स्वामी के साथ कीचड़ की होली खेलते बच्चे।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सावन मास में भगवान कार्तिकेय स्वामी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर कन्याल गांव से दी लाई जाती है तथा छयाल गांव से एक मशाल भी भगवान कार्तिकेयस्वामी के मंदिर में लाई जाती है और इस दौरान यहां पर जगराते का आयोजन होता है तथा अगले दिन देवता कार्तिकेयस्वामी पूरे गांव की ओर हर घर की परिक्रमा करते हैं। इस दौरान वे गांव के मध्य में स्थित धान के एक खेत में पहुंचकर यहां पर बच्चों के साथ देव धुन पर मिट्टी में खेलते हैं और बच्चे देवता के रथ के ऊपर धान के खेत के कीचड़ को फेंकते हैं। मान्यता है कि इस दौरान श्रावन मास में भगवान कार्तिकेय स्वयं खेत में धान लगाते हैं। भगवान की शक्ति इतनी है कि 15 दिनों के बाद धान लग कर तैयार हो जाता है। उस धान के पहले अन्न को भगवान के मस्तक पर सजाया जाता है। उसके बाद भगवान कार्तिकेय स्वामी एक बार पुन: बच्चों और बुजुर्गों के साथ धान के खेत में मिट्टी के साथ खेलते हैं। स्थानीय निवासी टेक चंद ठाकुर ने बताया कि सिमसा गांव में वर्षों पुरानी परंपरा आज भी मनाई जाती है। लगभग पांच गांव के लोग इस उत्सव में भाग लेते हैं और देर शाम तक भजन-कीर्तन करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जिभी के भलाग्रां में होम स्टे में लगी आग

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार उपमंडल की तांदी पंचायत के गांव भलाग्रां में बुधवार को आग की घटना सामने आई। अचानक सुबह करीब साढ़े चार बजे के आसपास घटी इस घटना में एक डेढ़ मंजिला होम स्टे भवन जलकर राख हो गया। इस घटना में 20 से 25 लाख का नुकसान होने का अनुमान है। मिली जानकारी के अनुसार यह होम स्टे केहर सिंह पुत्र ध्यान सिंह गांव भलाग्रां का है। ध्यान सिंह परिवार के साथ कुछ दूरी पर बने दूसरे घर पर सो रहा था। अचानक बुधवार को सुबह ग्रामीणों को जब मकान से आग की लपटें उठती दिखीं। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए, लेकिन आग इतनी भयानक थी कि ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के भरसक प्रयास किए, लेकिन तब तक सब कुछ राख हो गया था। हालांकि, इस घटना में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मौके पर नायब तहसीलदार, राजस्व विभाग की टीम द्वारा नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित को फौरी राहत राशि के रूप में दस हजार की राशि दी।

### विकास कार्यों पर ध्यान दे जिला कांग्रेस : रवि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कहा कि स्पीति में बीते दिन युवा कांग्रेस द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का पुतला जलाया गया, जो कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के साथ-साथ जिसके इशारों पर इस घटनाक्रम को अंजाम दिया गया उनकी घटिया सोच और कुंठित मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लाहौल-स्पीति इसका पुरजोर विरोध करती है और कांग्रेस के लोगों को सलाह देती है कि जिले के विकास पर, जो कि पूरी तरह से ठप पड़ गया है उस पर ध्यान दें और जनता के प्रति अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करें।

### ब्लैक स्पॉट्स पर व्यय होंगे 8.52 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग-3 पर सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा चिन्हित तीन ब्लैक स्पॉट बबेली, रायसन एवं डोभी के सुधार के लिए एनएचएआई के परियोजना कार्यान्वयन इकाई पीयूआई मंडी द्वारा अनुमोदित तैयार किया गया है। ब्लैक स्पॉट बबेली, रायसन एवं डोभी के सुधार के 8.52 लाख की राशि जारी की गई है। इस योजना के अंतर्गत रंबल स्ट्रिप्स का निर्माण, चेतावनी संकेत बोर्ड, कन्वेक्स मिरर, सूचना संकेतक, नियामक संकेतक तथा सोलर बलिंकर शामिल हैं। इन उपायों का उद्देश्य दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम करना तथा यात्रियों को अधिक सतर्क बनाना है। एनएचएआई का यह प्रयास न केवल स्थानीय यात्रियों, बल्कि पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगा।

### एक से मनाया जाएगा विश्व स्तनपान दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में नवजात शिशुओं में मृत्यु दर में कमी लाने, कुपोषण से बचाव करने के साथ-साथ शिशुओं के शारीरिक व मानसिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी कुल्लू गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम-स्तनपान में निवेश करें, भविष्य में निवेश करें रहेगी। कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी स्तर पर सामुदायिक आधारित कार्यक्रम के दौरान 1 अगस्त को कोलोस्ट्रम के महत्व के बारे, पहले 6 महीने तक केवल मां के दूध का शिशु के विकास के लिए महत्व, 6 महीने की उम्र में स्तनपान जारी रखने के साथ-साथ नरम मसला हुए भोजन देने के बारे में बताया जाएगा। साथ ही साथ उन मिथक या सांस्कृतिक मान्याताओं पर चर्चा की जाएगी, जो स्तनपान को प्रतोत्साहित कर सकती हैं। 2 अगस्त को पिता व परिवार की इस दौरान जिम्मेदारी बताने के अलावा पर्यवेक्षकों द्वारा गृह भ्रमण कर उच्च जोखिम वाली गर्भवति और स्तनपान करवाने वाली माताओं को परामर्श दिया जाएगा। 3 अगस्त को बच्चे की 2 वर्ष आयु स्तनपान जारी रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर परामर्श दिया जाएगा। 4 अगस्त को गृह भ्रमण, आशा कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय, सहायक घरेलु देखभाल आदि के बारे में बताया जाएगा, जबकि 5 अगस्त को बेबीनार का आयोजन किया जाएगा। 6 अगस्त को माताओं को कंगारू मदर केयर के बारे में बताया जाएगा। 7 अगस्त को विश्व स्तनपान जागरूकता सप्ताह का समापन किया जाएगा।

### 17 से मनाया जाएगा राज्य स्तरीय लादरचा मेला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** लाहौल-स्पीति जिले के स्पीति का पारंपरिक व प्रसिद्ध राज्य स्तरीय लादरचा मेला आगामी 17 से 19 अगस्त तक काजा में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त स्पीति शिखा ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय काजा में मेले की तैयारियों व इसके सफल आयोजन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व इस मेले का आयोजन 21 से 23 अगस्त तक करने का निर्णय लिया था, लेकिन इस अवधि के दौरान उदयपुर उपमंडल में आयोजित होने वाले पोरी मेला को देखते हुए लादरचा मेले की आयोजन तिथियों में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। इसके अलावा मेले के सफल आयोजन के लिए गठित मेला प्रबंधन उपसमितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार मोहन सिंह, एसडीएएमओ सुरेश, खंड चिकित्सा अधिकारी बृजेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि मेला का शुभारंभ 17 अगस्त को शोभायात्रा के साथ किया जाएगा।

### रक्तदान व पौधरोपण कर संतोष को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू के नगर स्थित राधा एनजीओ में दिवंगत बेटे संतोष की याद में एनजीओ द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें 35 लोगों ने रक्तदान कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें आईटीबीपी के 24 जवानों ने पुण्य दान किया। वहीं, स्थानीय लोगों व एनजीओ के सदस्यों द्वारा भी रक्तदान किया गया। बीएमओ नग्गर डॉक्टर कर्ण ने बताया कि राधा एनजीओ के युवा सदस्य संतोष के 4 साल पहले देहांत हुआ था और उसी की याद में हर साल राधा एनजीओ द्वारा पौधरोपण व रक्तदान शिविर आयोजित करके संतोष को श्रद्धांजलि दी जाती है। इसमें 35 लोगों ने रक्तदान किया और 250 पौधे भी रोपे गए।

### ग्राम पंचायत मशगां में रोपी हरियाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मशगां पंचायत के रेरी बूथ में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ मिलकर 200 पौधों का रोपण किया। इस जन-भागीदारी आधारित कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी, शिव शक्ति महिला मंडल, शिव शक्ति युवक मंडल, भाजपा ग्राम केंद्र व बूथ अध्यक्ष, पार्टी कार्यकर्ता व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## काजा में नाबालिग लड़की का अपहरण कर किया यौन उत्पीड़न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा।** पुलिस स्टेशन काजा में नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ यौन उत्पीड़न करने का मामला दर्ज हुआ है। शिकायत और प्रारंभिक साक्ष्य के आधार पर बीएनएस और पॉक्सो अधिनियम से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता का बयान धारा 183(1) बीएनएसएस-2023 के तहत न्यायालय द्वारा दर्ज किया गया है। संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। कार्यकारी पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति रश्मि शर्मा ने बताया कि न्यायालय ने संदिग्ध आरोपी की पांच दिनों की पुलिस हिरासत मंजूर की है, जो दो अगस्त को समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।

# भूस्खलन से थाटीबीड़ स्कूल भवन खतरे में

**शीला कौल, अनंत ज्ञान**

**बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र की वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थाटीबीड़ का भवन हाल ही में हुए भूस्खलन के चलते गंभीर खतरे की जद में आ गया है। भवन के कमरों में मलबा घुस आया है।

इससे विद्यालय भवन की संरचना को गंभीर क्षति पहुंची है और छात्रों की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी बुधवार को स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ स्थानीय पंचायत प्रधान दीवान वर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय प्रशासन, अभिभावकों व ग्रामीणों से बातचीत कर हालात की जानकारी प्राप्त की और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि एक ओर प्रदेश सरकार की लापरवाही से शिक्षण संस्थानों की अनदेखी हो रही है। वहीं, दूसरी ओर प्राकृतिक आपदाएं हालात को और अधिक खराब कर रही हैं। थाटीबीड़ स्कूल का यह भवन बच्चों के लिए असुरक्षित हो चुका है। इसकी जल्द मरम्मत और पुनर्निर्माण जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से इस भवन को तत्काल असुरक्षित घोषित करने, छात्रों की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने और शीघ्र पुन: निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा और भूस्खलन से कई विद्यालय, सड़कें और घर खतरे की चपेट में हैं और सरकार को आपातकालीन कदम उठाने चाहिए। उन्होंने स्थानीय पंचायत एवं जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे ऐसे मामलों की सूचना तुरंत प्रशासन तक पहुंचाएं, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई हो सके। इस अवसर पर पंचायत प्रधान दीवान ठाकुर, उपप्रधान प्रेम सिंह भी उपस्थित रहे।



भूस्खलन से खतरे में आए थाटीबीड़ स्कूल का निरीक्षण करते हुए विधायक सुरेंद्र शौरी।

# जलस्तर बढ़ने से खतरा बरकरार नदी-नालों से दूर रहने की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली और उपरी क्षेत्र में मंगलवार रात को हुई भारी बारिश से ब्यास नदी और साथ लगते नालों में अचानक पानी का जल स्तर बढ़ने से उत्पन्न स्थिति का जायजा विधायक मनाली भुवनेश्वर गौड़ और डीसी कुल्लू तोरुल एस रविश ने लिया।

बुधवार को मनाली के विधायक और डीसी ने मौके पर पहुंचकर पलचान से क्लाथ तक हालात का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उन्हें प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर एसडीएम मनाली रमन शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। विधायक और डीसी ने लोगों से मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए ब्यास नदी और स्थानीय नालों से दूर रहने की अपील की। डीसी ने कहा कि मनाली क्षेत्र में लगतार वर्षा से नदी का जलस्तर बढने से लोगों को अधिक सतर्क रहने और प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों की भी अनुपालना की अपील की। डीसी ने सभी विभागों के अधिकारियों को भी अपने कार्यक्षेत्र में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बाहंग क्षेत्र के लोगों ने ब्यास नदी का तटीकरण करने कि मांग की, ताकि जलस्तर के बढ़ने से पानी उनके घरों और दुकानों में नहीं आए। डीसी ने बताया कि राहत एवं बचाव दल मुस्तैद हैं और जल निकासी के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

# गोजरा पंचायत ने जल शक्ति विभाग पर लगाया स्वच्छ पानी न देने का आरोप

**अनंत ज्ञान, मनाली**

ग्राम पंचायत गोजरा ने जल शक्ति विभाग पर स्वच्छ जल न देने का आरोप लगाया है। पंचायत प्रधान हुक्मराम का कहना है कि दो करोड़ 25 लाख की पेयजल परियोजना तैयार है। जिसके तीन फिल्टर टैंक, दो लाख लीटर की क्षमता वाले तीन स्टोरेज टैंक भी तैयार है लेकिन टैंक के ऊपर कोई सुरक्षा जाली या छत नहीं है। उन्होंने कहा कि पंचायत ने 5 दिसंबर 2024 को प्रस्ताव पारित कर विभाग के अधिशाषी अभियंता को हालात से अवगत करवाया था।

उन्होंने सहायक अभियंता को समस्या के समाधान को कहा था, लेकिन सहायक अभियंता की ओर से समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। सुरक्षा जाली न होने के कारण टैंक में गिरकर तीन बंदरों की मौत हुई है। विभाग से सुरक्षा जाली लगाने का अनुरोध किया गया है। प्रधान ने बताया कि जल शक्ति विभाग उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि इस टैंक में पानी इसी तरह दूषित होता रहा ओर इसी पानी की सप्लाई कर दी गई, तो 1500 ग्रामीणों की सेहत को नुकसना हो सकता है। दूषित जल पीने से लोगों को रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी के संक्रमण का खतरा हो सकता है। उन्होंने बताया कि तैयार टैंक में ली खामियां है। उन्होंने विभाग से आग्रह किया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए।

### ग्रामीणों को स्वच्छ जल की आपूर्ति की जा रही

**जल** शक्ति विभाग मनाली के सहायक अभियंता दीक्षांत शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों को स्वच्छ जल की आपूर्ति की जा रही है। विभाग समय-समय पर पानी के टैंकों की निगरानी कर रहा है। गोजरा में बने पानी के नए टैंक से अभी सप्लाई शुरू ही नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण दिक्कत आ रही है, लेकिन विभाग यथासंभव स्वच्छ पानी की आपूर्ति करवाने का प्रयास कर रहा है।

# पार्वती पावर स्टेशन में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तैयार

## पार्वती परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलेगा स्वच्छ वातावरण

**अनंत ज्ञान, सैंज**

पार्वती पावर स्टेशन की आवासीय कॉलोनी सपांगनी में 55 लाख रुपए से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार हो गया है, अब परियोजना के आवासीय परिसर में दुर्गंध व दूषित वातावरण से निजात मिलेगी। बुधवार को परियोजना प्रमुख प्रकाश चंद ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का विधिवत उद्घाटन किया।

इस मौके पर ग्रुप महाप्रबंधक प्रकाश चंद्र ने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एक महत्वपूर्ण योजना है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करने में मदद करती है। उन्होंने बताया कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का लक्ष्य पानी में मौजूद ठोस कार्बनिक पदार्थ, बैक्टीरिया और अन्य दूषित पदार्थों को हटाना है। प्रकाश चंद ने बताया कि यह एक ऐसी सुविधा है, जहां घरेलू, व्यवसायिक और औद्योगिक स्रोतों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को साफ किया जाता है। इसके अलावा इस प्लांट का काम पानी में अशुद्धियों और दूषित पदार्थों को हटाना है। नोएडा की निर्माता कंपनी एडवांस इक्विपमेंट प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित इस ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता साठ किलोमीटर प्रति घंटा आंकी गई है और कंपनी के इंजीनियर सबीर हसन ने बताया कि यह सीवरेज प्लांट मलीय कीचड़ और सेप्टेज प्रबंधन के तहत तैयार किया गया है। इस प्लांट के तैयार होने से एनएचपीसी की आवासीय कॉलोनी में रह रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को दुर्गंध रहित वातावरण का माहौल मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह आधुनिक किस्म का सीवरेज प्लांट है, जो कि 60 किलो लीटर प्रति घंटा की क्षमता के साथ गंदे पानी को उपचारित करने में मदद करता है। कंपनी के डायरेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट अपने उपचार प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाले कीचड़ का भी प्रबंधन करता है, जिसे अक्सर खाद या अन्य उपयोगों के लिए संसाधित किया जाता है।



पार्वती पावर स्टेशन में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन करते हुए परियोजना प्रमुख प्रकाश चंद।

# वाहनों की पासिंग ड्राइविंग टेस्ट की तिथियां निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, कुल्लू द्वारा अगस्त के लिए वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 5, 12, 18, 23 और 29 अगस्त को वाहनों की पासिंग होगी, जबकि ड्राइविंग टेस्ट 22 अगस्त को आयोजित किया जाएगा।

कुल्लू आरएलए में 13 अगस्त को ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन होगा। प्रवक्ता ने बताया कि मनाली में 4 और 21 अगस्त को वाहन पासिंग और 1 अगस्त को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। बंजार में 14 अगस्त को पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट दोनों होंगे। इसी प्रकार, केलांग में 26 अगस्त और उदयपुर में 25 अगस्त को वाहन पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट निर्धारित किए गए हैं।

**आयोजन** सड़क सुरक्षा को लेकर रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक आयोजित

# सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अतिरिक्त उपायुक्त कुल्लू अश्वनी कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय है। बुधवार को सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित जिला स्तरीय रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने यह बात कही।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वे आपसी समन्वय और ठोस योजना के साथ दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासों से ही सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे अपना वार्षिक रोड सेफ्टी एक्शन प्लान तैयार कर जल्द प्रस्तुत करें। इससे तय समयसीमा में योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय और सहयोग से सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि बैठक में लोगों की सुरक्षा और सड़कों में होनी वाली दुर्घटनाओं को कम करने पर विस्तार से चर्चा की गई। रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक में एएसपी संजीव चौहान, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) राजेश भंडारी, एनएच से संदीप सिंह, अतुल के अतिरिक्त स्वास्थ्य, परिवहन, बीआरओ, लोक निर्माण, पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया, जबकि बैठक का संचालन क्लब के सदस्य सचिव एवं अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण बीसी नेगी द्वारा किया गया। बैठक में आरटीओ, एसडीएम व पुलिस विभाग को नियमित चैकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए, ताकि लोग ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करें और लापरवाही से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लग सके। बैठक में दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय उच्च मार्ग और अन्य सडकों से जुड़ने वाली संपर्क सड़कों पर उचित स्थानों पर साइनेज लगाए जाने का निर्णय लिया गया। इससे वाहन चालकों को दिशा, गति सीमा एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं मिल सकें। जिले के प्रत्येक क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण एसडीएम को पुलिस के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इनके आयोजनों के लिए धनराशी भी उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया।



सड़क सुरक्षा को लेकर कुल्लू में रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक में चर्चा करते हुए अधिकारी।

## मांगों को लेकर भूख-हड़ताल पर बैठे एबीवीपी कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई कुल्लू द्वारा प्रदेश सरकार की छात्र विरोधी नीतियों व शैक्षणिक संस्थानों की समस्याओं को लेकर सांकेतिक भूख-हड़ताल शुरू की गई। यह भूख-हड़ताल दोपहर 12 बजे राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में प्रारंभ हुई, जो कि कल दोपहर 12 बजे तक जारी रहेगी। परिषद ने प्रेस को संबोधित करते हुए सरकार पर आरोप लगाया कि वह छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है तथा शिक्षा व्यवस्था में राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। इससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार इन मुद्दों पर जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लेती, तो परिषद को आंदोलन और व्यापक रूप देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकार छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाएं। शिक्षण संस्थानों का राजनीतिक द्वेष से तालाबंदी करना सरकार बंद करे। शिक्षण संस्थानों में नियमत भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। खनन माफिया तस्करों व नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# बड़ागढ़ हलाण-2 के आराध्य देवता नाग धूमल शाही स्नान के लिए वशिष्ठ रवाना



बड़ागढ़ हलाण-2 के आराध्य देवता नाग धूमल शाही स्नान के लिए वशिष्ठ रवाना होते हुए।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

बड़ागढ़ हलाण-2 के पूजनीय देवता नाग धूमल बुधवार को अपने शाही स्नान के लिए सैकड़ों भक्तों और कारदारों के साथ वशिष्ठ के लिए रवाना हो गए हैं। चार साल बाद हो रहा यह पवित्र स्नान वीरवार को वशिष्ठ में संपन्न होगा।

नाग धूमल देवता के कारदार जवाहर ने बताया कि यह शाही स्नान एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है, जो चार साल के अंतराल के बाद हो रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में देवलू (भक्त) और कारकून (सेवादार) देवता के साथ यात्रा कर रहे हैं। देवता नाग धूमल बुधवार को गोशाल में अपनी माता भांदल के स्थान पर रात्रि विश्राम करेंगे। वीरवार को अपनी यात्रा जारी रखते हुए, देवता वशिष्ठ में शाही स्नान करेंगे। स्नान के बाद, वे सायंकाल तक सुंदरीबाग पहुंचेंगे। शाही स्नान के बाद, शुक्रवार को देवता के देवालय में एक भव्य देव भोज का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सैकड़ों देवलू और कारकून उपस्थित रहेंगे और देवता की पूरे भक्ति भाव से पूजा-अर्चना करेंगे। नाग धूमल देवता का यह शाही स्नान क्षेत्र की सुख-समृद्धि और कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। इस आयोजन में भाग लेकर भक्त अपनी आस्था और श्रद्धा व्यक्त करते हैं और देवता से क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जेएनवी में 6वीं कक्षा में प्रवेश के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जवाहर नवोदय विद्यालय नाहन के प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार ने जानकारी दी कि जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 में 6वीं कक्षा में प्रवेश लेने के लिए आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया को बढ़ाकर अब 13 अगस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जो अभ्यर्थी कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन करना चाहता है, वह ऑनलाइन माध्यम से नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs पर निशुल्क आवेदन कर सकता है।

### सिविल जज अर्की ईरानी शर्मा ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल मुख्यालय सिविल जज अर्की ईरानी शर्मा द्वारा लुटरु महादेव के समीप यूपीएफ शकनी में पौधरोपण किया गया। ईरानी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रदेश में आपदा के चलते हमें पर्यावरण के प्रति सजग रहना चाहिए व अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं पेड़-पौधों की सुरक्षा करनी चाहिए, ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। उन्होंने सभी से एक पौधा मां के नाम लगाने का आह्वान किया। इस मौके पर बार एसोसिएशन अर्की से अधिवक्ता जोगिंदर ठाकुर, भीम सिंह ठाकुर, अनूप चौहान सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। इस मौके पर वन परिक्षेत्र अधिकारी किशोरी भारद्वाज ने बताया कि बार एसोसिएशन द्वारा विभिन्न प्रजातियों के 120 पौधे रोपे गए। इसमें आंवला, बेहडा, कचनार, दाडू सहित अन्य पौधे रोपे गए। इस अवसर पर नगर पंचायत अर्की उपाध्यक्ष पदम कौशल, महिला मंडल की महिलाएं तथा वन विभाग अर्की का स्टाफ भी मौजूद रहा।

### रोजगार योग्यता बढ़ाने का दिया ज्ञान

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज में आईक्यूएसी व करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने पुणे इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से 28 से 30 जुलाई तक तीन दिवसीय छात्र विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम छात्रों की रोजगार योग्यताओं को बढ़ाने तथा शैक्षणिक ज्ञान और उद्योग की अपेक्षाओं के बीच की खाई को दूर करने के लिए करवाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इससे वह साक्षात्कारों में सफलता प्राप्त कर सकें और अपने पेशेवर जीवन में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। पहले और दूसरे दिन का सत्र पीआईबीएम में वित्तीय प्रशिक्षक दिया सिंगल ने संचालित किया। पहले दिन उन्होंने विद्यार्थियों को समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार में सफल होने के लिए आवश्यक रणनीतियों से अवगत कराया। दूसरे दिन सॉफ्ट स्किल्स की व्यावसायिक सफलता में भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्पष्ट और प्रभावी संवाद, टीमवर्क और नेतृत्व की क्षमता विकसित करना बहुत जरूरी है। इसके साथ कार्यस्थल पर बेहतर संबंध, समाधान और समन्वय के लिए भावनात्मक संतुलन होना जरूरी है। तीसरे दिन के सत्र का संचालन उद्यमिता विशेषज्ञ सीए निखिल नैनानी ने किया। उन्होंने पारंपरिक नौकरी और उद्यमिता दोनों पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरणों और केस स्टडीज द्वारा विषय को व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया।

### करियर अवसरों पर उपयोगी जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कंप्यूटर साइंस और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग ने कैरियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल, राजकीय महाविद्यालय सोलन के सहयोग से कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में इंडस्ट्री एंगेजमेंट सेशन का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे आरंभ हुआ। इसमें बीएससी (कंप्यूटर साइंस) अंतिम वर्ष एवं बीसीए के कुल 80 छात्र-छात्राओं के साथ-साथ दोनों विभागों के संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह सत्र अल्फा आईटी के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें कंपनी के तीन प्रतिनिधि छात्रों से संवाद करने के लिए उपस्थित रहे। उद्योग प्रतिनिधियों ने बीएससी कंप्यूटर साइंस और बीसीए पूर्ण करने के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों पर उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने आईटी सेक्टर में उभरती भूमिकाओं, आवश्यक कौशलों तथा प्रतिस्पर्धी रोजगार बाजार में स्वयं को तैयार करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, डाटा एनालिटिक्स और साइबर सुरक्षा जैसी आगामी तकनीकों पर भी रोचक चर्चा हुई। छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और उद्योग की अपेक्षाओं एवं प्रवृत्तियों के बारे में स्पष्टता प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में अल्फा आईटी के प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया, जिन्होंने छात्रों को अपने कौशल को उद्योग की मांगों के अनुरूप विकसित करने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन अकादमिक जगत और उद्योग के बीच की दूरी को सफलतापूर्वक कम करने में सहायक सिद्ध हुआ तथा छात्रों को नवीनतम तकनीकी की प्रगति से अवगत रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

### ऑनलाइन ठगी के प्रति किया सतर्क

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** बीमा कंपनियों के नाम पर लोगों से ठगी के नए मामले सामने आने लगे हैं। इस संदर्भ में मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता ने आमजन को सतर्क करते हुए बताया कि कुछ असामाजिक तत्व फर्जी कॉल, लिंक या स्कैनर के माध्यम से बीमा योजना के रिन्यूअल प्रीमियम के नाम पर लोगों से पैसे वसूलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठग बीमा कंपनी के प्रतिनिधि बनकर फोन या मैसेज भेजते हैं, जिनमें लिंक या क्यूआर कोड के माध्यम से प्रीमियम जमा करने का दबाव बनाया जाता है। लोग भरोसे में आकर पैसे ट्रांसफर कर देते हैं और बाद में ठगे जाने का अहसास होता है। संस्था ने सभी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक, स्कैनर या नंबर पर पैसे न भेजें। बीमा भुगतान हमेशा कंपनी की अधिकारिक वेबसाइट या प्रमाणित एजेंट के माध्यम से ही करें। यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर आती है, तो तत्काल साइबर क्राइम पोर्टल (www.cybercrime.gov.in) या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। अपने परिवार, मित्रों और ग्रामीण समुदाय को भी इस प्रकार की ठगी से सतर्क करें। डॉ. अनुराग गुप्ता ने कहा कि आपकी सतर्कता ही आपकी सुरक्षा है। समाज का हर जागरूक नागरिक ही साइबर अपराध को रोक सकता है।

### एआई एकीकरण पर केंद्रित एफडीपी का समापन

**अनंत ज्ञान सोलन।** शूलिनी सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (एससीडीओई) ने योगानंद स्कूल ऑफ एआई और द लर्निंग टीम के सहयोग से करियर की सफलता के लिए एआई टूलकिट शीर्षक से पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन किया। इस एफडीपी का नेतृत्व एससीडीओई के निदेशक डॉ. अमर राज सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रशिक्षक-प्रशिक्षण पहल के तहत किया। इसका उद्देश्य सभी विभागों के संकाय और कर्मचारियों को, उनकी तकनीकी पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, शिक्षण, अनुसंधान और दैनिक शैक्षणिक कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करना सिखाने में मदद करना था। प्रत्येक दिन इंटरैक्टिव प्रदर्शन और व्यक्तिगत रूप से आयोजित व्यावहारिक अभ्यास सत्र शामिल थे। प्रशिक्षण पूरा करने वाले संकाय सदस्यों को एक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और उन्हें विभिन्न विषयों के छात्रों को विश्वविद्यालय के नए 2-क्रेडिट पाठ्यक्रम, करियर की सफलता के लिए एआई टूलकिट पढ़ाने के लिए पात्र बनाया गया। पांच दिनों के दौरान, डॉ. सिंह ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से प्रमुख एआई अनुप्रयोगों जैसे कि प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, माइक्रो-पाठ डिजाइन, मल्टीमीडिया सामग्री निर्माण को कवर किया। एफडीपी के अंतिम दिन शूलिनी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष और मुख्य नवाचार और विपणन अधिकारी प्रो. आशीष खोसला ने भाग लिया, जिन्होंने शिक्षा में एआई के भविष्य के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा किया और भविष्य के पांच एआई के विचार को प्रस्तुत किया। इसमें बताया कि कैसे एआई शिक्षण और कार्य वातावरण दोनों को बदल रहा है। प्रो. खोसला ने कहा, शिक्षा का भविष्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से निकटता से जुड़ा हुआ है।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का शानदार आगाज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन पत्रकार संघ द्वारा आयोजित एनुअल बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को हुआ। ठोडो ग्राउंड स्थित इंडोर कोर्ट में आयोजित इस प्रतियोगिता के पहले दिन पत्रकार खिलाड़ियों का जोश और खेल भावना देखने लायक रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के डिप्टी डायरेक्टर मार्केटिंग एंड पीआर हुसैन जैदी ने मुख्यातिथि के रूप में किया। उनके साथ विशेषातिथि के रूप में डिप्टी रजिस्ट्रार सूरत भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला सुबह 9:30 बजे शुरू हुआ। पूरे दिन चले मैचों में कई रोमांचक सिंगल और डबल मुकाबले खेले गए। सिंगल मुकाबले में दीपक ने धर्मेंद्र डडवाल को हराकर जीत दर्ज की, जबकि मोहन चौहान ने आशीष आजाद को 2-0 से हराया। वहीं, पवन ठाकुर ने आदित्य सोफ्त को सीधे सेटों में 2-0 से मात दी। इसके अलावा दीप कुमार ने अनिल राजपूत के खिलाफ शानदार खेल दिखाते हुए 2-0 से जीत हासिल की। वहीं, वेद और हेमंत के बीच में रोचक मैच हुआ। इसका सभी ने खूब लुत्फ लिया। इस मैच में वेद 2-0 से विजेता रहे। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला मोहन चौहान और ललित कश्यप के बीच हुआ, जिसमें ललित ने 2-0 से बाजी मारी।

# सीवरेज समस्या के समाधान की ओर बड़ा कदम, सौंपी 188.92 करोड़ की डीपीआर

## 2. वर्षों से लंबित सीवरेज प्रोजेक्ट को मिलेगी रफ्तार, उपमुख्यमंत्री से मिला आश्वासन

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री से मिलता प्रतिनिधिमंडल।

**सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन में वर्षों पुरानी सीवरेज समस्या को सुलझाने की दिशा में नगर निगम ने बड़ी पहल की है।

मेयर उषा शर्मा और पार्षदों ने स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से शिमला में मुलाकात की। इस दौरान शहर की सीवरेज समस्या को लेकर 188.92 करोड़ रुपए की संशोधित डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) सौंपी गई। पहले जल शक्ति विभाग के माध्यम से केंद्र की मंजूरी को भेजी थी पर यह कई वर्षों से लंबित पड़ी थी, अब नगर निगम ने अपने स्तर पर इस मामले को प्रदेश सरकार के समक्ष उठाया है। गौरतलब है कि सोलन शहर को चार सीवरेज जोनों में विभाजित किया गया था, जहां चार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाने थे। पहले चरण में डी-जॉन के तहत शामती, साइंटिस्ट कॉलोनी, मधुबन कॉलोनी, और वार्ड 6, 9, 10, 11 व 15 का आंशिक क्षेत्र शामिल किया गया। वर्ष 2008 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में कुल 1100 परिवारों को सीवरेज से जोड़े जाने का लक्ष्य था, लेकिन 2025 तक पहुंचते-पहुंचते मात्र 650 परिवार ही इस योजना से जुड़ पाए हैं। अब तक कुल कार्य का केवल 20 प्रतिशत ही संपन्न हो सका है, जिससे आमजन में नाराजगी है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल शांडिल ने उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि शहर के विकास और नागरिकों के स्वास्थ्य की दृष्टि से यह परियोजना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने डीपीआर को जल्द स्वीकृति देकर कार्य शुरू करने की मांग की। बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री ने परियोजना को गंभीरता से लेते हुए जल्द निर्णय का आश्वासन दिया। इस प्रतिनिधिमंडल में सोलन नगर निगम की मेयर ऊषा शर्मा, पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर, पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा, पार्षद अभय शर्मा, बघाट बैंक के निदेशक किशन ग्रोवर, पूर्व प्रदेश महासचिव विकास कल्टा और पूर्व पार्षद विशाल वर्मा शामिल रहे। शहरवासियों को अब उम्मीद है कि यह वर्षों से लंबित पड़ी सीवरेज परियोजना जल्द गति पकड़ेगी और सोलन को जल और स्वच्छता के मोर्चे पर बड़ी राहत मिलेगी।

# 4 से 6 सितंबर तक सराहां में आयोजित होगा वामन द्वादशी मेला: प्रियंका वर्मा



वामन द्वादशी मेले के आयोजन को लेकर डीसी सिरमौर बैठक की अध्यक्षता करती हुईं।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला का पारंपरिक एवं प्रसिद्ध राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेले के आयोजन को लेकर डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में डीसी सभागार में बैठक आयोजित हुई। इसमें विधायक पच्छाद रीना कश्यप, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर भी उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेला आगामी 4 से 6 सितंबर तक सराहां में बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले का शुभारंभ 4 सितंबर को वामन भगवान की पारंपरिक पूजा-अर्चना से होगा। इसके उपरांत वामन देव की शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में मेले के दौरान शोभायात्रा, कानून व्यवस्था, बिजली, पानी, यातायात, सफाई, अग्निशमन, चिकित्सा, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, दंगल, विभागीय प्रदर्शनी के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। डीसी ने इन आयोजनों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न उपसमितियों के गठन करने के निर्देश दिए। उपमंडलाधिकारी पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा ने बैठक की कार्रवाई का संचालन करते हुए बताया कि मेले के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। उन्होंने सभी सदस्यों व स्थानीय लोगों से मेले को सफल बनाने में अपना रचनात्मक सहयोग देने का आग्रह किया।

# अर्की से आ रही गाड़ी से पकड़ी चार पेटियां शराब

**अनंत ज्ञान, अर्की**



पुलिस थाना कुनिहार की टीम जब थाना क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सुचना मिली कि अर्की की तरफ से एक गाड़ी कुनिहार की तरफ आ रही है, जिसे सुरजीत नमक व्यक्ति चला रहा है तथा यह व्यक्ति उक्त गाड़ी में भारी मात्रा में बिना लाइसेंस व परमिट के अवैध रूप से शराब बेचने के लिए ले जा रहा है।

इस पर उक्त टीम द्वारा तवरित कार्रवाई करके तुरंत नाकाबंदी करके उक्त गाड़ी को रोककर चेक किया गया, तो चैकिंग के दौरान उक्त गाड़ी से 4 पेटियां (कुल 48 बोतल) देसी शराब बरामद की गई, जिस बारे में गाड़ी का चालक कोई भी परमिट/लाइसेंस व वैध दस्तावेज पुलिस के समक्ष पेश न कर सका, जिस पर पुलिस थाना कुनिहार में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त वाहन को जब्त करके पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया तथा आरोपी चालक सुरजीत कुमार पुत्र किरपा राम निवासी गांव आईथी डाकखाना कुनिहार तहसील अर्की जिला सोलन हि.प्र. को नोटिस देकर पाबंद किया गया। आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें नेगी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बागवानी राजस्व व जनजातीय मंत्री जगत सिंह नेगी को सलाह देते हुए कहा कि आपको भाजपा पर आरोप लगाने से पहले अपने व्यवहार व अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए क्योंकि भाजपा नेता कभी भी बदले की भावना से काम नहीं करते। रावत ने बागवानी राजस्व व जनजातीय मंत्री जगत सिंह नेगी से सवाल करते हुए पूछा कि जब मंडी जिले के नाचन करसोग व सिराज विधानसभा चुनाव क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा आई थी, तो आप उस समय कहां थे जनता आपसे जानना चाहती है। रावत ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा व भाजपा के तमाम नेता व कार्यकर्ता आपदा से प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता कर रहे हैं।

# कूड़ा प्रबंधन के नाम पर नगर निगम में हुआ 7 करोड़ का घोटाला: शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने सोलन नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सीधा हमला करते हुए कूड़ा प्रबंधन के नाम पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के स्वच्छता विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से भ्रष्ट टेंडरों के जरिए करीब 7 करोड़ रुपए की चपत नगर निगम को लगाई है। शैलेंद्र गुप्ता के अनुसार सितंबर 2021 में ठोस कचरा प्रबंधन के लिए एक महंगा टेंडर पास किया गया था।

इसके तहत ताजा और पुराना दोनों प्रकार के कचरे के निपटान का जिम्मा सौंपा गया। यह घोटाला भाजपा पार्षदों के संज्ञान में आते ही 28 अप्रैल, 2022 को सार्वजनिक तौर पर उठाया गया और लिखित विरोध दर्ज कराया गया था। उन्होंने खुलासा किया कि 2021 में ताजा कूड़ा निपटान का रेट 1962 प्रति टन रखा गया था, जबकि अब चार साल बाद यही कार्य 1325 प्रति टन में किया जा रहा है। बावजूद इसके यह रेट भी ज्यादा है क्योंकि नगर निगम मंडी में यही कार्य 800 प्रति टन में हो रहा है। वहीं, पुराने कूड़े का टेंडर 870 प्रति टन में दिया गया था और दावा किया गया था कि 2023 तक कचरे को हटाकर ग्राउंड जीरो किया जाएगा, लेकिन 2025 में भी 5000 टन पुराना कचरा वहीं पड़ा सड़ रहा है। शैलेंद्र गुप्ता ने एक और गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि हाल ही में नगर निगम स्वच्छता विभाग ने दस्ताने, रेनकोट और अन्य सामग्री की नई खरीद के लिए प्रस्ताव भेजा, जबकि कमिश्नर ने स्वयं स्टोर में जाकर देखा कि भारी मात्रा में यह सामान पहले से ही जमा है।

# बीए प्रथम वर्ष में हिमांशी ने हासिल किए 670 अंक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हिमांशी शर्मा ने परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया।



हिमांशी ने कुल 670 अंक हासिल करते हुए ओ++ ग्रेड प्राप्त किया। हिमांशी ने अपनी सफतला का श्रेय अपने माता-पिता, प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश व सभी प्राध्यापकों को दिया। हिमांशी शर्मा ने बताया कि प्राध्यापकों के निरंतर सहयोग व प्रेरणा से यह संभव हो पाया। प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने कहा कि कॉलेज में एकेडमिक स्टार ग्रुप विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए समय-समय पर इनपुट्स देता आया है।

# वातावरण को स्वच्छ व शुद्ध बनाने के लिए पौधरोपण आवश्यक: आकांक्षा



जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन के सौजन्य से विकास खंड सोलन के चेवा स्कूल में पौधरोपण करते गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन के सौजन्य से विकास खंड सोलन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चेवा में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन आकांक्षा डोगरा ने की। आकांक्षा डोगरा ने इस अवसर पर कहा कि आस-पास के वातावरण को स्वच्छ एवं शुद्ध बनाने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु प्रदान करते हैं। पर्यावरण और भू-संरक्षण के लिए पौधरोपण महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनका संरक्षण भी सुनिश्चित बनाना चाहिए। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वह नशे से दूर रहें और अपना कीमती समय ज्ञान प्राप्त करने तथा अपनी शिक्षा को जीवनचर्या में उपयोगी बनाने में लगाएं। आकांक्षा डोगरा ने इस अवसर पर रीठे का पौधा रोपित किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चेवा की प्रधानाचार्य बिंदु मड़ैक, वन परिक्षेत्र अधिकारी नीलम ठाकुर सहित विद्यालय के अध्यापक व छात्रों ने पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

# स्नेहा का दिल्ली विवि में हुआ चयन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल के सिरमौर जिले में स्थित निजी क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध व सर्व सुविधाओं से संपन्न अरिहंत इंटरनेशनल विद्यालय की छात्रा स्नेहा शर्मा का चयन दिल्ली विवि के सबसे प्रसिद्ध मिरांडा हाऊस में हुआ है, जहां वह बीए ऑनर्स राजनीतिक विज्ञान की शिक्षा ग्रहण करेंगी। विद्यालय की तीन छात्राओं का चयन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा संचालित सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के आधार पर दिल्ली वि वि उसके उच्च संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया है। स्कूल की निदेशक देविंदर साहनी ने कहा कि यह परिणाम विद्यालय के शिक्षण सिद्धांत व शिक्षण पद्धति का श्रेष्ठ उदाहरण प्रदर्शित करते हैं, जो विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में उच्च प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं।



# कांग्रेस में मुसाफिर का ज्ञापन देकर समस्याओं को उठाना हास्यास्पद: भाजपा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**





कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर अपनी ही सरकार में बेगाना महसूस कर रहे हैं।

इसके चलते मुसाफिर को पच्छाद क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एमडीएम राजगढ़ को ज्ञापन सौंपकर मजबूर होना पड़ रहा है, जो कि हास्यप्रद ही नहीं, बल्कि पच्छाद की जनता के साथ भददा मजाक है। जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा और राजगढ़ भाजपा मंडल के अध्यक्ष सुरेश वर्मा ने शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकारों में मुसाफिर उच्च पदों पर आसीन रहे हैं और इस समय प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। मुसाफिर पच्छाद की समस्याओं को ज्ञापन देने की बजाए सीधे तौर पर मुख्यमंत्री के पास उठा सकते थे। उन्होंने कहा कि यह हिमाचल के इतिहास में पहली वारदात है, जब पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ मंत्री के पद पर रहने के बावजूद भी कोई नेता अपनी ही सरकार में मुख्यमंत्री और मंत्रियों को मिलने की बजाए अपने क्षेत्र की समस्याओं के निवारण का ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से भेजने का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गंगूराम मुसाफिर को ऐसी क्या नौबत आ गई कि उन्हें अपनी ही पार्टी की सरकार के सत्तासीन होते हुए समस्याओं के निवारण के लिए एसडीम राजगढ़ के माध्यम से ज्ञापन भेजना पड़ रहा है। इससे यह साफ तौर पर जाहिर हो गया है कि कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पूर्व में मंत्री रहे गंगूराम मुसाफिर को मुख्यमंत्री और सरकार के मंत्रियों से मिलने का समय भी नहीं दिया जा रहा है।

# पौधों से ही जीवन, इसकी सुरक्षा हम सभी का कर्तव्य: अशोक कुमार




वैली गांव में पौधे रोपते उपमंडलीय विधिक सेवा समिति कसौली के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

उपमंडलीय विधिक सेवा समिति कसौली की ओर से सोलन के कसौल वैली गांव में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडलीय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कसौली अशोक कुमार ने दी। अशोक कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित क्षेत्र में वृद्धि करना है। उन्होंने कहा कि पौधों से ही जीवन है और इसकी सुरक्षा हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि केवल पौधरोपण करने तक सीमित न रहे, रोपे हुए पौधों की देखभाल भी करें, ताकि भविष्य में यह पौधा एक स्वस्थ वृक्ष बन सके। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए छात्रों से संवाद किया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। अशोक कुमार ने इस अवसर पर देवदार का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कसौली गढ़खल के नागरिक, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तथा सरस्वती निकेतन नालवा स्कूल के छात्र, संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा देवदार के 100 पौधे रोपित किए गए। ग्राम पंचायत कसौली गढ़खल के प्रधान राम सिंह, वन विभाग के खंड अधिकारी जसविंद्र सिंह, स्वयं सेवी संस्थान वेस्ट वारियर के सुनील कटवाल, विभिन्न विद्यालय के छात्र सहित स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

**विकास** टेकऑफ तो मुमकिन, मगर सुविधाओं की उड़ान नहीं भर पाई सेरजगास पैराग्लाइडिंग साइट

# राजगढ़ का अंतरराष्ट्रीय पर्यटन सपना अधूरा

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**



राजगढ़ के समीप सेरजगास में पैराग्लाइडिंग का लुत्फ उठाते पर्यटक।

**राजगढ़।** करीब एक दशक बीत जाने के बावजूद भी राजगढ़ के समीप सेरजगास में पैराग्लाइडिंग के लिए पर्यटन विभाग आधारभूत सुविधाओं का सृजन नहीं कर पाया है। इसके चलते बीते कुछ वर्षों से सेरजगास में पैराग्लाइडिंग नहीं हो पा रही है।

पर्यटन एवं उड्डयन विभाग हिप्र. द्वारा सेरजगास में पैराग्लाइडिंग को बीड़ बीलिगं के बाद सबसे उपयुक्त साइट बताया गया है, जहां पर पॉयलट के लिए टेकऑफ और लेंडिंग करने की सबसे बेहतर सुविधा उपलब्ध है। हालांकि, इस स्थल पर कई मर्तबा पैराग्लाइडिंग का आयोजन किया गया, लेकिन सुविधाओं के अभाव में देश-विदेश के पायलट आने के इच्छुक नहीं होते हैं। बता दें कि सबसे पहले 2000 के दशक में बिलासपुर की एक युवा व साहसी बेटी ने राजगढ़ में पैराग्लाइडिंग की उड़ान भर कर लोगों को अचंभित किया था। तदोपरांत पर्यटन विभाग ने इस साईट का तकनीकी सर्वे करवाकर पैराग्लाइडिंग के लिए प्रमाणित किया गया था।

पर्यटन विभाग द्वारा करीब सात वर्ष पहले राजगढ़ के सेरजगास में पैराग्लाइडिंग साइट विकसित करने के लिए नई राहें-नई मंजिलें नामक योजना के तहत दो करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। इस महत्वकांक्षी योजना के तहत पैराग्लाइडिंग स्थल तक सड़क का निर्माण, कैफेटेरिया, चेंजिग रूम, लैंड-स्केपिंग सहित अनेक विकास कार्य योजना में शामिल किए गए थे। लोनिवि के सहायक अभियंता हमेंद्र शर्मा ने बताया कि सेरजगास से पैराग्लाईडिंग साइट तक अढाई किलोमीटर पक्की सड़क बना दी गई है।

इस पर करीब दो करोड़ की राशि व्यय हो चुकी है। इस साइट पर अन्य सुविधाओं के सृजन के लिए सरकार द्वारा कोई बजट जारी नहीं किया गया है, जबकि करगानू में कृत्रिम झील निर्मित करने का प्रोजेक्ट रद्द होने के उपरांत इसका अढाई करोड़ का बजट पैराग्लाइडिंग साइट के लिए तबदील किया गया था, जो कि आजतक पर्यटन विभाग की फाइलों में दफन हो गया है। क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि पैराग्लाइडिंग साइट के विकसित होने से राजगढ़ क्षेत्र का नाम अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के मानत्रित पर अंकित होना था, बल्कि विभाग की उदासीनता के चलते वर्षों से यह प्रोजेक्ट बजट न होने के कारण अधर में लटका है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी सोलन-सिरमौर से जब सेरजगास में पैराग्लाइडिंग के लिए आधारभूत सुविधाओं को सृजन करने बारे बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उनके पास इस बारे कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व विधायक रामनिवास की जमानत याचिका खारिज

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** पंचकूला स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की विशेष अदालत ने नरवाना के पूर्व विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा की नियमित जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। सुरजाखेड़ा ने ईडी द्वारा 26 अक्टूबर 2023 को दर्ज किए गए मामले में जमानत याचिका दायर की थी। पीएमएलए की धारा 19 के तहत कार्रवाई करते हुए ईडी ने उन्हें 9 जून 2025 को गिरफ्तार किया गया था। ईडी की जांच 7 मार्च 2023 को दर्ज हुई एक एफआईआर से शुरू हुई थी। यह एफआईआर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के मुख्य प्रशासक कार्यालय में मुख्य लेखा अधिकारी एवं डीडीओ चमन लाल की शिकायत पर दर्ज की गई थी। एफआईआर में आरोप था कि पंजाब नेशनल बैंक, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में एचएसवीपी के एक बैंक खाते के जरिए धोखाधड़ी और वित्तीय नुकसान पहुंचाया गया है। एफआईआर के अनुसार, 2015 से 2019 के बीच इस खाते से लगभग 70 करोड़ रुपए की राशि बिना किसी ठोस कारण के कुछ खास पार्टियों के पक्ष में बार-बार डेबिट की गई। जांच में पाया गया कि यह खाता धोखाधड़ी से और एचएसवीपी की जानकारी के बिना संचालित किया जा रहा था, जिससे बड़ा वित्तीय नुकसान हुआ है। अनुसूचित अपराधों वाली एफआईआर दर्ज होने के बाद ईडी ने एक ईसीआईआर दर्ज की।

### पलवल में मेरठ के दो कारोबारियों के शव बदले

**अनंत ज्ञान, पलवल।** पलवल जिले के सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से मेरठ के दो कारोबारियों के शव आपस में बदल गए। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब मृतकों के परिजनों ने अंतिम संस्कार से पहले चेहरा देखने के लिए शव से कपड़ा हटाया। गनीमत रही कि दोनों परिवार एक-दूसरे को जानते थे। शक होने पर जब फोन पर बात की गई तो मालूम पड़ा कि दोनों शवों की अदला-बदली हो चुकी है। आनन-फानन में शवों को वापस मंगाया गया और सही व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया गया। मेरठ के स्वामीपाड़ा बुढ़ाना गेट निवासी कारोबारी अभिनव अग्रवाल और शास्त्रीनगर सेक्टर-6 निवासी अमित अग्रवाल 28 जुलाई को मथुरा पूजा सामग्री लेने जा रहे थे। वह वैगनआर कार से निकले थे, लेकिन कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) एक्सप्रेसवे पर छज्जूनगर टोल प्लाजा के पास उनकी कार एक ट्राले से जा टकराई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों शवों को पलवल सिविल अस्पताल के शवगृह में रखा गया, जहां रात 10 बजे पोस्टमॉर्टम हुआ। रात 11 बजे परिजनों को शव सौंपे गए और वे उन्हें एम्बुलेंस के जरिए मेरठ ले गए। शवों की पहचान के लिए टैग लगाए गए थे, जिनमें गलती हुई और शव आपस में बदल गए थे।

### एचटेट लेवल-3 की 5564 ने दी परीक्षा

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) की लेवल-तीन की परीक्षा जिला में 21 परीक्षा केंद्रों पर बुधवार शाम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सिरसा के एसडीएम राजेंद्र कुमार ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इसी तरह फ्लाइंग दस्ते भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। जिला प्रशासन ने परीक्षा को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हुए थे और परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई थी। हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा सायंकालीन सत्र में दोपहर तीन से साढ़े पांच बजे आयोजित हुई। इस परीक्षा को लेकर पहले से ही जिला प्रशासन ने प्रबंध किए हुए थे। इस परीक्षा में 21 केंद्रों पर 6360 परीक्षार्थियों में से 5564 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे तथा 796 गैरहाजिर रहे।

### पंचकूला में 14 पुलिसकर्मी सिपाही से बने हवलदार

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** पुलिस विभाग में कार्यरत 14 पुलिसकर्मियों को हवलदार (हेड कांस्टेबल) पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। बुधवार को सेक्टर-1 पंचकूला स्थित पुलिस उपायुक्त कार्यालय में डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने सभी पदोन्नत पुलिसकर्मियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने पदोन्नत कर्मियों से अपेक्षा जताई कि वे फील्ड में बेहतर कार्य करके एक कुशल जांच अधिकारी के रूप में शिकायतकर्ताओं की आवाज बनें, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपनी ड्यूटी निभाएं तथा पुलिस विभाग का नाम रोशन करें। पदोन्नति प्राप्त करने वालों में हवलदार लवलीश कुमार, नीरज कुमार, जितेन्द्र कुमार, विकास कुमार, रमेश कुमार एवं महिला हवलदार आशा रानी मौके पर मौजूद रहे। वहीं, विभागीय कार्य व अन्य कारणों से हवलदार अनिल कुमार, सतबीर सिंह, सुभाष चंदर, सोनू कुमार, सोहनलाल, हरप्रीत सिंह, इकबाल सिंह एवं विनोद कुमार कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्हें भी औपचारिक रूप से पदोन्नति प्रदान की गई है।

# हरियाणा में अंत्योदय परिवारों को मिलेंगे आवासीय प्लॉट : सैनी

## किसानों को तेल मिल और बुजुर्गों को मिलेगा मुफ्त इलाज

जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय वर्ग के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जल्द ही एक लाख भूमि से वंचित अंत्योदय परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे, साथ ही उनके कागजात भी सौंपे जाएंगे। इस योजना का दूसरा चरण भी शुरू कर दिया गया है, जिसके तहत एक और लाख पात्र परिवारों को लाभ मिलेगा।



मुख्यमंत्री बुधवार को लाडवा विधानसभा के गांव ढंगाली, डीग, बीड कालवा और धनानी के दौरे पर थे, जहां उन्होंने धन्यवाद सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गांवों के विकास के लिए कई घोषणाएं कीं। गांव ढंगाली में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए 55.41 लाख, बीड कालवा के लिए 52.64 लाख और धनानी के लिए 27.15 लाख रुपए की परियोजनाएं मंजूर की गईं। गांव डीग में 6.38 करोड़ रुपए की लागत से एक नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, चारों गांवों को 21-21 लाख रुपए की विकास राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 15 अगस्त से प्रदेश के 10 जिलों के सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक सेवाओं के साथ हर प्रकार की बीमारी का इलाज शुरू हो जाएगा। इससे आमजन को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। कुरुक्षेत्र जिले में सूरजमुखी की फसल को बढ़ावा देने के लिए शाहबाद में सूरजमुखी ऑयल मिल और रेवाड़ी में सरसों ऑयल मिल की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां किसानों की सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की जा रही है।

राज्य सरकार 1.80 लाख रुपए सालाना आय वाले परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत लोगों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को यह सुविधा 10 लाख रुपए तक प्रदान की जा रही है। साथ ही, सरकारी अस्पतालों में किडनी मरीजों के लिए मुफ्त डायलिसिस की सुविधा भी शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग 20 वर्ष से अधिक समय से गांव की पंचायती भूमि पर मकान बनाकर रह रहे हैं, उनके लिए सरकार ने नई नीति लागू की है। इसके तहत वे परिवार 500 वर्ग गज तक की भूमि की रजिस्ट्री अपने नाम करवा सकते हैं, जिससे उन्हें कानूनी विवादों से राहत मिलेगी। सरकार की ये योजनाएं सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं।

# श्रम विभाग में फर्जीवाड़ा करने पर तीन इंस्पेक्टर किए निलंबित

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने प्रदेश के छह जिलों में गड़बड़ियां सामने आने के बाद तीन श्रम निरीक्षकों को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश करीब तीन माह तक चली जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर दिए हैं।

विज ने इससे पहले अपने ही विभाग में भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए जांच के आदेश दिए थे। यही नहीं, विज ने अपने अधीन आते परिवहन, ऊर्जा तथा श्रम विभागों में भी तबादलों पर रोक लगाई हुई है। विज के कहने पर ऊर्जा विभाग में सीएम फ्लाइंग कई बार छापे मार चुकी है।

अनिल की अध्यक्षता में 21 अप्रैल 2025 को सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की मीटिंग के दौरान यह वर्क स्लिप घोटाला सामने आया था। पता चला कि श्रमिकों की 90 दिनों की वर्क स्लिप का जो वेरिफिकेशन किया गया, उसमें अगस्त 2023 से मार्च 2025 के बीच 11 लाख 96 हजार 759 श्रमिकों की वर्क स्लिप का वेरिफिकेशन किया गया। अब विज की सिफारिश पर हरियाणा के श्रम आयुक्त डॉ. मनीराम शर्मा ने मंगलवार की रात तीन अधिकारियों को तुरंत निलंबन आदेश जारी कर दिए हैं। निलंबित किए गए अधिकारियों में बहादुरगढ़ झज्जर सर्कल-2 के लेबर इंस्पेक्टर राज कुमार, सोनीपत सर्कल-2 के रोशन लाल और फरीदाबाद सर्कल-12 के धनराज शामिल हैं।

हरियाणा बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर वेलफेयर बोर्ड के सचिव की जांच रिपोर्ट में तीनों अधिकारियों पर अगस्त, 2023 से मार्च, 2025 के बीच कंस्ट्रक्शन स्थलों या कामगारों का वास्तव में दौरा किए बगैर फर्जी वर्क-सर्टिफिकेट मंजूर करने का आरोप है। जांच में सामने आया कि फर्जी वेरिफिकेशन का काम श्रम विभाग के निरीक्षकों और विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से किया गया था।

जांच कमेटी के द्वारा 6 जिलों हिसार, कैथल, जींद, सिरसा, फरीदाबाद और भिवानी की 3 महीने (एक नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025) के दौरान वेरिफिकेशन की गई वर्क स्लिपों की जांच की गई, जिसमें काफी अनियमितता पाई गई। इस अवधि के दौरान जिला हिसार के दौरान एक लाख 45 हजार 582 वर्क स्लिप वेरिफिकेशन की गई। इस कार्रवाई के बाद विज ने विभाग के सक्षम अथॉरिटी को निर्देशित किया है, इनके विरुद्ध क्रिमिनल केस की प्रक्रिया शुरू करने के आशय से महाधिवक्ता की राय लेकर कार्रवाई की जाए।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त दो अगस्त को होगी जारी : राणा

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आगामी 2 अगस्त को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' की अगली किस्त जारी करेंगे। उन्होंने बताया कि 2 अगस्त को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वाराणसी में किसानों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, इसी कार्यक्रम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करेंगे।

कृषि मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 6 हजार रुपए की राशि 3 किस्तों में जारी होती है और प्रत्येक 4 माह में एक किस्त जारी की जाती है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हर्ष किसानों तक लाभ सुनिश्चित करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस बार भी केवीके की मजबूत भूमिका अपेक्षित है। यह कार्यक्रम किसानों तक सीधे लाभ पहुंचाने और जन जागरूकता अभियान का माध्यम भी है इसलिए कार्यक्रम एक उत्सव और एक मिशन के रूप में आयोजित होना चाहिए।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों से भी आह्वान किया कि वह बड़ी से बड़ी संख्या में 2 अगस्त को पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त जारी होने वाले कार्यक्रम से जुड़े।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से शुरू हुई उक्त योजना के तहत अब-तक जारी 19 किस्तों में देशभर के किसानों के खातों में 3.69 लाख करोड़ की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। अब 20वीं किस्त में 9.7 करोड़ किसानों को करीब 20,500 करोड़ की राशि का हस्तांतरण किया जाएगा।

## शादी के नाम पर युवती के साथ यौन शोषण

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** सोनीपत में युवती के साथ शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। युवक ने पहले विवाह का नाटक रचाया और फिर विश्वासघात कर भाग गया। सोनीपत की एक निजी कंपनी में कार्यरत युवती की पहचान उसी कंपनी के एक युवक से हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी और युवक ने उससे मंदिर में विवाह किया। विवाह के बाद दोनों साथ रहने लगे और इसी दौरान युवती गर्भवती हो गई। गर्भधारण की जानकारी मिलते ही युवक का व्यवहार बदल गया।

युवती के अनुसार, युवक ने जबरन गर्भपात की दवाई खिलाई, जिससे उसकी तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई। जब युवती ने विवाह की सच्चाई अपने परिवार को बताने की बात कही, तो युवक ने उसे जान से मारने की धमकी दी और अकेला छोड़कर भाग गया।

# हीरा स्वीट्स ने मोहाली में खोला नया आउटलेट

अनंत ज्ञान, मोहाली



परंपरागत भारतीय मिठाइयों की सौ साल से भी अधिक पुरानी पहचान बना चुका हीरा स्वीट्स अब ट्राइसिटी के स्वाद प्रेमियों के लिए और भी करीब आ गया है। बुधवार को सेक्टर 80, एयरपोर्ट रोड, मोहाली में इसके नवीनतम आउटलेट का भव्य उद्घाटन किया गया।

दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित लोकप्रिय आउटलेट की शुरुआत भले ही 2012 में हुई हो, लेकिन हीरा स्वीट्स की नींव 1912 में शाहदरा में पंडित हीरा लाल शर्मा द्वारा रखी गई थी। तब से लेकर अब तक यह ब्रांड बालूशाही, पिस्ता बर्फी, गाजर हलवा, मोतीचूर लड्डू जैसी पारंपरिक मिठाइयों के लिए उत्तर भारत भर में जाना जाता है।

हीरा स्वीट्स के इस विस्तार की कमान अब शर्मा परिवार की नई पीढ़ी ने संभाली है, जो दिवंगत राम बाबू शर्मा दिल्ली के प्रतिष्ठित कांग्रेस नेता और पूर्व मालिक की स्वाद और सेवा की परंपरा को आगे बढ़ा रही है। उद्घाटन अवसर पर सुखमनी साहिब पाठ और पारंपरिक मिठाइयों के स्वाद परीक्षण के साथ मोहालीवासियों व मिठाई प्रेमियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इस मौके पर ब्रांड प्रवक्ता अंजनदीप सिंह ने कहा कि हम सिर्फ मिठाई नहीं, बल्कि स्वाद और भरोसे की सौ वर्षों से भी पुरानी विरासत लेकर आए हैं। मोहाली एक उत्साही और तेजी से बढ़ता हुआ बाजार है, और इसका हिस्सा बनकर हम बेहद उत्साहित हैं।

## देश-विदेश

# तमिलनाडु के कैश फॉर जॉब केस में 2000 आरोपी और 500 गवाह

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी से जुड़े कथित कैश फॉर जॉब के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने मामले में 2000 से ज्यादा आरोपी व 500 गवाह बनाने पर राज्य सरकार को फटकार लगाई है। जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस जॉय माल्या बागची की बेंच ने कहा, 'इस केस की सुनवाई को तो यह देश का सबसे भीड़-भाड़ वाला ट्रायल होगा। कोर्ट रूम की जगह छोटी पड़ जाएगी, ट्रायल के लिए क्रिकेट स्टेडियम की जरूरत पड़ेगी।' कोर्ट ने कहा कि यदि न्यायपालिका मामले में हस्तक्षेप नहीं करती तो राज्य सरकार अब तक केस को बंद कर देती। (अनंत ज्ञान)



**सुनवाई के लिए क्रिकेट स्टेडियम की जरूरत: सुप्रीम कोर्ट**

**कहा-इतने आरोपी केस में देरी करने के लिए बनाए**

**पीड़ितों** की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट गोपाल शंकरनारायणन ने आरोपियों के मामलों को एक साथ क्लब करने के फैसले का विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भी इस मामले में तमिलनाडु सरकार की आलोचना करते हुए कहा था कि 2000 से ज्यादा आरोपी बनाकर जबरन केस में देरी की जा रही है।

## मेघालय विधानसभा में कांग्रेस का सूपड़ा साफ

**एजेंसी, शिलांग।** मेघालय विधानसभा से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। यहां कांग्रेस के एकमात्र विधायक रोनी वी लिंगदोह ने सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) का दामन थाम लिया है। माइलीम निर्वाचन क्षेत्र से विधायक लिंगदोह ने अध्यक्ष थॉमस ए संगमा को पार्टी बदलने का पत्र सौंपा। कांग्रेस ने 2023 के विधानसभा चुनाव में पांच सीटें जीती थीं। उनमें से एक विधायक सलेंग ए संगमा तुरा सीट से लोकसभा के लिए चुने गए, जबकि तीन अन्य विधायक पिछले साल एनपीपी में शामिल हो गए। इसमें सेलेस्टाइन लिंगदोह (उमसनिंग), गेब्रियल वाह्लांग (नोंगस्टोइन) और सी. मार्नगर ने 19 अगस्त 2024 को एनपीपी में का दामन थामा था। बाद में स्पीकर ने दलबदल विरोधी कानून के प्रावधानों के तहत उनके दलबदल को मान्यता दे दी। (अनंत ज्ञान)

# भारत ने एक बार फिर रचा इतिहास इसरो-नासा का मिशन निसार लॉन्च

एजेंसी, श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बीवार को निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) मिशन का प्रक्षेपण किया। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र बुधवार शाम 5:40 बजे निसार को जीएसएलवी-एस16 रॉकेट के जरिये लॉन्च किया गया। यह पहला ऐसा मिशन है जिसमें पहली बार किसी जीएसएलवी रॉकेट के जरिये ऐसे उपग्रह को सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट (सूर्य-स्थिर कक्ष) में स्थापित किया जाएगा। जीएसएलवी रॉकेट लगभग 19 मिनट की यात्रा के बाद उपग्रह को 745 किलोमीटर की ऊंचाई पर सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित करेगा। सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा वह कक्षा होती है, जिसमें उपग्रह पृथ्वी के ध्रुवों के ऊपर से गुजरता है और हर बार जब वह एक विशेष स्थान से गुजरता है तो सूरज की रोशनी की स्थिति एक जैसी रहती है। कावुलूरू ने मिशन के बारे में बताया कि नासा ने निसार के लिए एल-बैंड उपलब्ध कराया है, जबकि इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार के लिए एस-बैंड उपलब्ध कराया है। इससे बड़ी मात्रा में डाटा एकत्र करना संभव हो पाएगा। (अनंत ज्ञान)



**अंतरिक्ष से पृथ्वी की करेगा निगरानी**

## सुरक्षा का जायजा लेने मणिपुर पहुंचे थलसेना प्रमुख

**एजेंसी, इंफाल।** भारतीय थलसेना प्रमुख (चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मणिपुर का एक दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में तैनात असम राइफल्स और सेना के गठन की वर्तमान सुरक्षा स्थिति और परिचालन तत्परता की समीक्षा की। इस दौरान सेना प्रमुख ने मणिपुर के राज्यपाल से भी शिष्टाचार मुलाकात की। अपनी यात्रा के दौरान सेना प्रमुख ने डूरंड फुटबॉल कप में हिस्सा भी लिया। गुवाहाटी में भारतीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि यात्रा के दौरान सेना प्रमुख को जमीनी हालात और शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चल रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सैनिकों की संचालन तैयारी की समीक्षा की और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके उच्च स्तर के पेशेवराना रवैये, धैर्य और समर्पण की सराहना की। जनरल द्विवेदी ने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से भी शिष्टाचार भेंट की और सुरक्षा और विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। (अनंत ज्ञान)



## रूसी मिसाइल हमले में तीन यूक्रेनी सैनिकों की मौत



**एजेंसी, कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष लगातार तेज होता जा रहा है। रूस की सेना यूक्रेन की सरकारी इमारतों को निशाना बना रही है। हालिया हमले में रूस ने यूक्रेन की सेना के ट्रेनिंग ग्राउंड को निशाना बनाया है। इस हमले में तीन सैनिकों की मौत हुई है। जबकि 18 जवान घायल हुए हैं। वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में लगभग 200 यूक्रेनी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि चेर्निहीव क्षेत्र में होन्चारिवस्के के पास यूक्रेन के 169वें प्रशिक्षण केंद्र पर दो इस्कंदर मिसाइलों से हमला किया गया। हमले में गोदाम भी नष्ट हो गए। रूस ने यूक्रेनी नागरिक ठिकानों पर भी हवाई हमले किए हैं। यूक्रेन की वायु सेना ने बुधवार को बताया कि उसने रात भर में हमलावर 78 ड्रोन दागे। हमले में कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध को रोकने के प्रयास में मंगलवार को कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति प्रयासों में प्रगति के लिए आठ अगस्त तक का समय दे रहे हैं। समय सीमा तक यह नहीं रुका तो अमेरिका दंडात्मक प्रतिबंध और कर लगाएगा। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 144 अंक चढ़ा, निफ्टी में 34 अंकों का उछाल

एजेंसी, मुंबई

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को बीएसई सेंसेक्स में करीब 144 अंक की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 143.91 अंक या 0.18 प्रतिशत उछलकर 81,481.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक सीमित दायरे में घूमता रहा और 281.01 अंक या 0.34 प्रतिशत बढ़कर 81,618.96 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

**लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार**

वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 33.95 अंक या 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,855.05 पर आ गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो में 4.87 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई क्योंकि कंपनी ने जून तिमाही के दौरान समेकित शुद्ध लाभ में 29.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा सन फार्मा, एनटीपीसी, मारुति, भारती एयरटेल, ट्रेंट और एक्सिस बैंक भी लाभ में रहे। हालांकि, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, इटरनल, बजाज फिनसर्व और हिंदुस्तान यूनिलीवर पिछड़ गए। वहीं, एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 52 पैसे गिरकर 87.43 (अनंतिम) पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)



## सोना 721 और चांदी 93 रुपए महंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 30 जुलाई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोने का दाम 721 रुपए बढ़कर 99,017 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना का भाव 98,296 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 93 रुपए बढ़कर 1,13,400 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,307 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए और चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,855 रुपए बढ़कर 99,017 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 27,383 रुपए बढ़कर 1,13,400 रुपए पर पहुंच गया है। (अनंत ज्ञान)



## फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में रिलायंस भारत की शीर्ष कंपनी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने फॉर्च्यून की 2025 की ग्लोबल 500 सूची में भारतीय कॉरपोरेट्स के बीच अपनी नंबर वन रैंकिंग बनाए रखी है। फॉर्च्यून रैंकिंग के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज नवीनतम सूची में 88वें स्थान पर है। मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली यह कंपनी ने पिछले चार वर्षों में 67 स्थानों की भारी बढ़त हासिल की है। यह 2021 में 155वें स्थान पर थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज फॉर्च्यून ग्लोबल की सूची में 22 साल से शामिल है। यह भारत में किसी अन्य निजी क्षेत्र की कंपनी की तुलना में काफी लंबा है। इस साल फॉर्च्यून की सूची में भारत की नौ कंपनियां शामिल हैं। इनमें से पांच सार्वजनिक क्षेत्र की और चार निजी क्षेत्र की हैं। फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची 31 मार्च 2025 को या उससे पहले समाप्त हुए वित्तीय वर्षों के लिए कुल राजस्व के आधार पर कंपनियों को रैंक करती है। (अनंत ज्ञान)



## अनुमान: अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का भारत की आर्थिक वृद्धि दर को लेकर बड़ा दावा

# भारत में इस साल 6.4 फीसदी रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

एजेंसी, नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर को लेकर बड़ा दावा किया। आईएमएफ ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-2026 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है। मजबूत उपभोग और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा मिलने से वृद्धि दर में इजाफा होगा। इससे देश में स्थिर विकास को गति मिलेगी।

आईएमएफ ने विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) में कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर में इजाफा अप्रैल के पूर्वानुमान की तुलना में अधिक बेहतर स्थिति को दर्शाता है।



भारत के लिए आंकड़े और अनुमान वित्तीय वर्ष के आधार पर प्रस्तुत किए जाते हैं। भारत में विकास अनुमान 2025 के लिए 6.7 प्रतिशत और 2026 के लिए 6.4 प्रतिशत हैं।

आईएमएफ अनुसंधान विभाग के प्रमुख डेनिज इगन ने कहा कि भारत में वास्तव में काफी स्थिर विकास हुआ है। इस वर्ष और अगले वर्ष के लिए 6.4 प्रतिशत की वृद्धि दर अप्रैल की तुलना में मामूली सुधार हुआ है। भारत के लिए इस अपेक्षाकृत स्थिर विकास का चालक यह तथ्य है कि सुधार की गति मजबूत उपभोग वृद्धि और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने कहा कि भारत के लिए यह जरूरी होगा कि वह इस गति को जारी रखे और हाल ही में हमने जो अच्छा विकास प्रदर्शन देखा है, उसे जारी रखे। भारत के लिए प्राथमिकताओं में रोजगार सृजन को बढ़ावा देना, श्रम बाजार में अधिक लचीलापन प्रदान करके, श्रमिकों को पुन: कौशल प्रदान करके कृषि क्षेत्रों से अतिरिक्त श्रम को खपाना शामिल होगा। साथ ही साथ बुनियादी ढांचे में निवेश जारी रखना तथा व्यापार प्रतिबंधों को हटाना भी शामिल होगा।

उन्होंने कहा कि मध्यम अवधि में भारत को शिक्षा में निवेश जारी रखने, भूमि सुधार की दिशा में कदम उठाने, सामाजिक सुरक्षा जाल का विस्तार करने और लालफीताशाही को कम करने की आवश्यकता है, ताकि व्यवसाय बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 2025 में वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत और 2026 में 4.0 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

## बिहार में आशा-ममता वर्कर्स का मानदेय बढ़ा

**एजेंसी, पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर बड़ा एलान कर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को साधने की कोशिश की है। मंगलवार को सीएम ने आशा और ममता कार्यकर्ताओं के मानदेय में उल्लेखनीय वृद्धि की घोषणा की। अब आशा कार्यकर्ताओं को 3000 रुपए प्रोत्साहन जबकि ममता कार्यकर्ताओं को 600 प्रति प्रसव प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह एलान ऐसे समय में आया है, जब नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू चुनावी मैदान में अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश कर रही है और सामाजिक आधार को मजबूत करने के लिए एक के बाद एक घोषणाएं कर रही है। सीएम नीतीश कुमार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से हमलोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में आशा तथा ममता कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके योगदान के सम्मानस्वरूप मानदेय में वृद्धि की गई है।' (अनंत ज्ञान)

## सिंगापुर में धोखाधड़ी करने पर भारतीय युवक को जेल

**एजेंसी, सिंगापुर।** सिंगापुर में एक भारतीय नागरिक को धोखाधड़ी के आरोप में जेल की सजा सुनाई गई है। सिंगापुर की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक 20 वर्षीय भारतीय युवक पर फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर पीड़ित व्यक्ति के जानकार को नौकरी दिलाने के बहाने दो हजार सिंगापुर डॉलर की धोखाधड़ी करने का आरोप है। अदालत ने आरोपी चरणजीत सिंह को 13 हफ्ते जेल की सजा सुनाई है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### मुसेट्टी और रूण नेशनल बैंक ओपन के अगले दौर में



**एजेंसी, टोरंटो।** तीसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी और पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। मुसेट्टी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-1 से, जबकि रूण ने जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड को 7-6 (7), 6-3 से हराया। इस मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, दूसरे नंबर के कार्लोस अल्काराज, पांचवें नंबर के जैक ड्रेपर और छठे नंबर के नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड, 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव, 14वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और गत विजेता 18वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन भी अपने-अपने मैच जीतने में सफल रहे। (अनंत ज्ञान)

### तैराकी विश्व चैंपियनशिप: शोआन 200 मीटर मेडली में 38वें स्थान पर

**एजेंसी, सिंगापुर।** भारतीय तैराक शोआन गांगुली विश्व तैराकी चैम्पियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर मेडली में 38वें स्थान पर रहे। कर्नाटक के 20 वर्ष के गांगुली अपनी हीट में 2:05:40 सेकंड का समय निकालकर आठवें स्थान पर रहे और कुल 38वें स्थान पर समाप्त किया। इससे वह 16 तैराकों के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके। मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन लियोन मारचंड हीट में शीर्ष रहे। फ्रांस के इस तैराक ने 1:57:63 सेकंड का समय निकाला। (अनंत ज्ञान)

### भारत ने पाकिस्तान से डब्ल्यूसीएल सेमीफाइनल खेलने से किया इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भारत-पाकिस्तान के बीच पहला सेमीफाइनल मैच नहीं होगा। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना है। रिपोर्ट के अनुसार, इंडियन लेयर्स ने पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से दूसरी बार इनकार कर दिया है। बुधवार को थोड़ी देर पहले लीग की स्पॉन्सर कंपनी ने सेमीफाइनल से हटने का ऐलान किया था। स्पॉन्सर कंपनी के ईजमाई ट्रिप के को-फाउंडर ने एक्स पोस्ट में लिखा था, "आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते।" इससे पहले 20 जुलाई को इसी टूर्नामेंट के लीग मैच में भी भारतीय प्लेयर्स ने पाकिस्तान से मैच खेलने से इनकार कर दिया था। ईजमाई ट्रिप के को-फाउंडर ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, हम वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में टीम इंडिया के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हैं। आपने पूरे देश का गौरवान्वित किया। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल कोई साधारण मैच नहीं है, आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते। (अनंत ज्ञान)

### रेचल स्टलमैन की खूबसूरत अदा

**सेंट लुइस।** पूर्व महिला टेनिस खिलाड़ी रेचल स्टलमैन अपने खेल से ज्यादा अपने अदाओं के लिए हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं। रेचल स्टलमैन को दुनिया की सबसे खूबसूरत टेनिस प्लेयर माना जाता है।



## तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल में 5वें टेस्ट का समापन होगा रोमांचक

# भारत आज बराबरी और इंग्लैंड सीरीज जीतने उतरेगा

**एजेंसी, लंदन**



भारत और इंग्लैंड ने अब तक जारी पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में अपने जोश और जज्बे का शानदार प्रदर्शन किया है। गुरुवार से ओवल में शुरू हो रहे निर्णायक पांचवें और अंतिम टेस्ट में दोनों टीमों के बीच मुकाबला अपनी चरम सीमा पर पहुंचने की पूरी संभावना है। भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट को ड्रॉ कराकर सीरीज को जीवंत बनाए रखा है और अब वह इसे 2-2 से बराबर करने के लक्ष्य से मैदान में उतरेगा। वहीं, इंग्लैंड की टीम, जो इस समय सीरीज में 2-1 से आगे है, खिताब अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी।

इस सीरीज ने टेस्ट क्रिकेट में नया उत्साह भर दिया है। खचाखच भरे स्टेडियम और अंतिम सत्र तक खिंचे मुकाबलों ने इसे टेस्ट क्रिकेट का आदर्श उदाहरण बना दिया है। खिलाड़ियों के बीच कई बार हुई नोकझोंक ने इसे और रोचक बना दिया है, जैसे लॉर्ड्स में जैक क्रॉली के खिलाफ शुभमन गिल का आक्रामक रुख या मैनचेस्टर में बेन स्टोक्स और रवींद्र जडेजा के बीच हुई बहस। (अनंत ज्ञान)

### बुमराह को आराम

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है और उनकी जगह आकाश दीप को मौका मिल सकता है। मोहम्मद सिराज पेस अटैक की अगुआई करेंगे, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा या अर्शदीप सिंह को डेब्यू का इंतजार है। बल्लेबाजी में केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन से बड़ी पारियों की अपेक्षा रहेगी। जडेजा और सुंदर के शतक और ध्रुव जुरेल की विकेटकीपिंग टीम को मजबूती देगी। ओवल की पिच पर पिछली बार 800 से अधिक रन बने थे, लेकिन इस निर्णायक मुकाबले में पिच का स्वभाव निर्णायक साबित हो सकता है। इंग्लैंड ने सीमित समय के चलते अभ्यास नहीं किया, और कोच ब्रेंडन मैकुलम ने सिर्फ पिच का जायजा लिया।

### कप्तान शुभमन गिल और बेन स्टोक्स का प्रभाव

**भारत** के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ओवल के क्यूरेटर ली फोर्टिस के साथ बहस करके माहौल को और गरम किया है। इंग्लैंड की कप्तानी कर रहे बेन स्टोक्स ने छोटे-छोटे चोटों के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया है और अपनी टीम को प्रेरित किया है। वहीं, भारत के युवा कप्तान शुभमन गिल ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। गिल ने अब तक सीरीज में 722 रन बनाए हैं, जो भारतीय रिकॉर्ड के करीब है। वह सुनील गावस्कर के 732 रन के रिकॉर्ड से केवल 11 रन पीछे हैं। गिल ने इस सीरीज में चार शतक जड़े हैं, जिनमें एक दोहरा शतक और ओल्ड ट्रैफर्ड में 103 रन की मैच बचाने वाली पारी शामिल है। उनकी इस शानदार बल्लेबाजी ने उन्हें न केवल एक अच्छे बल्लेबाज के रूप में बल्कि एक प्रभावशाली कप्तान के रूप में भी स्थापित किया है।

### मैच : दोपहर 3.30 बजे से

### संभावित टीमें

**भारत।** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, एन जगदीसन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज।

**इंग्लैंड।** बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

### इंग्लैंड और भारत की गेंदबाजी चुनौतियां

**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाजों की थकान भी साफ दिखाई दे रही है, खासकर जब से उन्होंने जेमी ओवरटन को टीम में शामिल किया है। वहीं, भारत की गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंधन के तहत बाहर बैठना तय है। उनकी जगह आकाश दीप को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की जोड़ी भारत की तेज गेंदबाजी का नेतृत्व करेगी।

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

# कमिंस और स्टार्क को आराम, शॉर्ट-हेड की वापसी

**एजेंसी, ऑस्ट्रेलिया**



ऑस्ट्रेलियाई मेंस क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 10 अगस्त से शुरू होने वाली तीन टी-20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। बल्लेबाज मैट शॉर्ट की टीम में वापसी हुई है, जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद मिचेल ओवेन को पहली बार वनडे टीम में चुना गया है।

ट्रैविस हेड और जोश हेजलवुड जैसे कुछ सीनियर खिलाड़ियों की टीम में वापसी हुई है। वहीं, टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान पैट कमिंस को वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते इस सीरीज में आराम दिया गया है। वहीं, वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम में शामिल पांच खिलाड़ियों शॉन एबॉट, जैक एडवर्ड्स-मैकगर्क, तनवीर सांघा, कूपर कोनॉली और आरोन हार्डी को टीम से बाहर कर दिया गया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्वीप किया। (अनंत ज्ञान)

### अगले साल भारत-श्रीलंका में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप पर है फोकस

**टीम** का ध्यान अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी पर है। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। ट्रैविस हेड और जोश हेजलवुड की आगामी घरेलू सीरीज के लिए टीम में वापसी होगी। टीम प्रबंधन का लक्ष्य खिलाड़ियों को अवसर देने और टेस्ट सीजन की तैयारी के बीच संतुलन बनाए रखना है।

# भरत अरुण बने लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाजी कोच

**एजेंसी, लखनऊ**



हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स से अलग हुए पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच भरत अरुण को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इसी पद पर टीम से जोड़ा है। हालांकि, अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

फ्रेंचाइजी के एक करीबी सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, "अरुण एलएसजी में शामिल हो गए हैं और जल्द ही औपचारिक घोषणा होने की उम्मीद है।" अरुण पिछले कुछ साल से केकेआर से जुड़े थे, लेकिन 2025 में टीम के आठवें स्थान पर रहने के बाद शाहरुख खान के स्वामित्व वाली यह फ्रेंचाइजी अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर रही है।

इसी तरह पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रहने के बाद एलएसजी भी अपने सहयोगी स्टाफ में बदलाव कर रहा है। राष्ट्रीय टीम के अब तक के सबसे बेहतरीन गेंदबाजी कोचों में से एक अरुण अपनी रणनीतिक कुशलता के साथ प्रतिभाशाली तेज गेंदबाजों को निखारने के लिए भी मशहूर हैं। एलएसजी अपने 'मेंटोर' जहीर खान के साथ अनुबंध बढ़ाएगी या नहीं, इसकी जानकारी का भी इंतजार है। पूर्व भारतीय दिग्गज का अनुबंध एक साल का था। यही बात मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के लिए भी लागू है जो पिछले दो सत्र से टीम के साथ जुड़े हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# गत चैंपियन ब्राजील कोपा अमेरिका फेमिनिना के फाइनल में पहुंची

**एजेंसी, क्विटो (इक्वाडोर)**

पिछले चार बार के चैंपियन ब्राजील ने पहले आधे घंटे में तीन गोल करके उरुग्वे को 5-1 से हराकर लगातार पांचवीं बार कोपा अमेरिका फेमिनिना महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

अमांडा गुटिएरेस ने 11वें मिनट में ब्राजील की तरफ से पहला गोल किया। इसके दो मिनट बाद जियोवाना क्विरोज ने बढ़त दोगुनी कर दी, जबकि स्टार खिलाड़ी मार्टा ने 27वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके ब्राजील की जीत सुनिश्चित कर दी। गुटिएरेस ने 65वें मिनट में फ्री किक पर एक और गोल किया, जबकि डुडिन्हा ने 86वें मिनट में टीम की तरफ से पांचवां गोल दागा। ब्राजील अगले शनिवार को होने वाले फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगा, जिसने सोमवार को अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से हराया था। (अनंत ज्ञान)



# आयुष शेट्टी मकाऊ ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी, मकाऊ**

भारत के युवा खिलाड़ी सातवें वरीय आयुष शेट्टी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले हुआंग को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्चपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया।

पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से 37 मिनट में 19-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे की 34वीं रैंकिंग की जोड़ी चीनी ताइपे के वू गुआन झुन और ली चिया सिन से 37 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 17-21 से हार गई। (अनंत ज्ञान)

## सीएएफए नेशंस कप

# भारतीय टीम ताजिकिस्तान के खिलाफ करेगी अपने अभियान का आगाज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत को सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला 29 अगस्त को दुशांबे में मेजबान ताजिकिस्तान से होगा। इस ग्रुप की अन्य दो टीम ईरान और अफगानिस्तान हैं। आठ सितंबर तक चलने वाला यह मध्य एशियाई क्षेत्रीय टूर्नामेंट, एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड से पहले भारत के लिए तैयारी का काम करेगा।

भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीम भाग लेंगी। प्रत्येक ग्रुप की विजेता टीम ताशकंद में फाइनल में, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें दुशांबे में तीसरे स्थान के लिए भिड़ेंगी। ग्रुप ए के मैच ताशकंद में खेले जाएंगे। इस ग्रुप में मेजबान उज्बेकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, तुर्कमेनिस्तान और ओमान शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में भारत और ओमान दो मेहमान टीमें हैं। ईरान गत विजेता है, जिसने 2023 के फाइनल में उज्बेकिस्तान को 1-0 से हराया था। (अनंत ज्ञान)



# डब्ल्यूटीए टेनिस: कोको गॉफ की संघर्षपूर्ण जीत, फर्नांडीज बाहर

**एजेंसी, मॉन्ट्रियल**



शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई, लेकिन पिछले सप्ताह डीसी ओपन का खिताब जीतने वाली स्थानीय खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पहले दौर में बाहर हो गई।

फर्नांडीज को ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट ने केवल एक घंटे 15 मिनट में 6-4, 6-1 से हरा दिया। विश्व की 24वें नंबर की इस खिलाड़ी ने रविवार को वाशिंगटन में अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए खिताब जीता था और वह मॉन्ट्रियल में कोर्ट पर वापसी से पहले अतिरिक्त आराम की उम्मीद कर रही थीं। इसलिए उन्होंने हार के बाद इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम की आलोचना भी की।

गॉफ ने हमवतन अमेरिकी डेनियल कोलिन्स के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट किए, लेकिन वह आखिर में 7-5, 4-6, 7-6 (2) से जीत हासिल करने में सफल रही, जो फ्रेंच ओपन फाइनल के बाद उनकी पहली जीत है। चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने बियांका एंड्रीस्कू के टखने में चोट लगने के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे सेट के टाईब्रेकर में जापान की आओई इतो से हार का सामना करना पड़ा, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने रेबेका मैरिनो को 6-1, 6-2 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## आईसीसी रैंकिंग नौ रैंकिंग में से पांच पर टीम इंडिया के बल्लेबाजों का दबदबा

# हेड को पीछे छोड़ अभिषेक बने टी20 के नंबर-1 बल्लेबाज

**एजेंसी, दुबई**

आईसीसी ने ताजा रैंकिंग जारी कर दी है। भारत के स्टार ओपनर अभिषेक शर्मा ने ट्रैविस हेड को पीछे छोड़ दिया और टी20 के नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं। हेड को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज नहीं खेलने का नुकसान हुआ और वह एक स्थान लुढ़क कर दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। अभिषेक के करियर की यह सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

इतना ही नहीं, टेस्ट वनडे और टी20, तीनों प्रारूपों के तीनों श्रेणियों (बैटर, बॉलर और ऑलराउंडर) को मिलाकर, कुल नौ रैंकिंग में से पांच पर भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा है। अभिषेक के अलावा शुभमन गिल वनडे के नंबर एक बल्लेबाज हैं, जबकि जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजों में नंबर एक हैं। वहीं, रवींद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर्स में और हार्दिक पांड्या टी20 ऑलराउंडर्स में नंबर एक हैं। इसके अलावा टीम रैंकिंग में भारत वनडे और टी20 में नंबर एक है।



### अभिषेक ने टी20 प्रारूप में मचाया है तहलका

**बाएं** हाथ के बल्लेबाज अभिषेक के अब 829 रेटिंग अंक हैं, जबकि हेड 814 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अभिषेक ने अब तक भारत के लिए 17 टी20 मैचों में 33.44 की औसत और 193.85 के स्ट्राइक रेट से 535 रन बनाए हैं। इनमें दो शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा वह छह विकेट भी ले चुके हैं। अभिषेक को आने वाले समय का स्टार माना जा रहा है। इस विस्फोटक ओपनर के पास हर तरह के शॉट्स हैं और हाल फिलहाल में टी20 में भारत की कामयाबी के पीछे वह अहम कड़ी रहे हैं।

टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया नंबर एक है। जडेजा बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांच पायदान चढ़कर 29वें और गेंदबाजों में एक पायदान चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए। वाशिंगटन सुंदर टेस्ट बल्लेबाजों में आठ पायदान चढ़कर 65वें स्थान पर पहुंच हैं। उन्होंने मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में जडेजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 203 रन की अटूट साझेदारी निभाई थी और टेस्ट ड्रॉ कराया था। आईसीसी ने कहा कि सुंदर आठ स्थान ऊपर चढ़कर ऑलराउंडरों की सूची में संयुक्त 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने मैच में दो विकेट भी लिए।

टेस्ट क्रिकेट में जो रूट शीर्ष बल्लेबाज हैं, जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन दूसरे और इंग्लैंड के हैरी ब्रूक तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के बेन डकेट की भी रैंकिंग में सुधार हुआ और वह 10वें, जबकि जैक क्राउली 43वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रूट ने टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज विलियम्सन से 37 रेटिंग अंकों की बढ़त हासिल कर ली है। वहीं, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स तीन पायदान ऊपर चढ़कर टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### रवींद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर्स में शीर्ष पर



**वहीं,** आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर्स में जडेजा ने दूसरे स्थान पर मौजूद बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज पर 117 रेटिंग अंकों की बढ़त ले ली है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि जडेजा ने 107 रन की नाबाद पारी और चार विकेट लेकर ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में बढ़त बना ली है। उन्होंने 13 रेटिंग अंक हासिल किए हैं और कुल 422 अंक के साथ वह बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज से 117 अंक आगे हैं।